e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 172
मंगलवार
25.06.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
कठिन समय में समझदार व्यक्ति रास्ता खोजता है और कायर व्यक्ति बहाना।




## क्विक न्यूज

### दक्षिण कोरिया के बैटरी संयंत्र में लगी भीषण आग, 20 लोगों की दर्दनाक मौत

**सियोल :** दक्षिण कोरिया में एक बैटरी संयंत्र में भीषण आग लग जाने से 20 लोगों की मौत हो गई। इससे पूरे इलाके में हाहाकार मच गया है।सोमवार को दक्षिण कोरिया में एक लीथियम बैटरी संयंत्र में यह आग लगी थी। आग इतनी भीषण थी कि काफी ऊंचाई तक लपटें ऊपर उठती देखी गईं। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान 20 लोग लापता हो गए थे। बाद में इन सभी 20 लोगों का शव बरामद किया गया है।दक्षिण कोरिया के आंतरिक मंत्रालय के अनुसार आग सुबह लगभग 10:30 बजे लगी। यह घटना राजधानी सियोल के दक्षिण ह्वासोंग में लीथियम की बैटरी फैक्ट्री में हुई। आग लगने की वजह का अभी पता नहीं चल पाया है। मौके पर राहत और बचाव कार्य जारी है। अन्य ब्यौरे का इंतजार किया जा रहा है। आग लगने के वक्त करीब 70 लोग फैक्ट्री के अंदर मौजूद थे।

### गोवा के मुख्यमंत्री डा.सावंत ने प्रधानमंत्री से की मुलाकात

**नई दिल्ली** : गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पर पोस्ट किया,गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।वहीं मुख्यमंत्री सावंत ने अपनी एक्स पर पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नई दिल्ली में मुलाकात की और बातचीत की। लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर उन्हें बधाई दी और सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। विकसित भारत 2047 के महत्वाकांक्षी विजन के तहत विकसित गोवा के निर्माण के लिए उनका मार्गदर्शन और समर्थन मांगा।

### तमिलनाडु में अवैध शराब से हुई मौतों को लेकर जेपी नड्डा ने कांग्रेस अध्यक्ष खरगे को लिखा पत्र

**नई दिल्ली** : तमिलनाडु में अवैध शराब से हुई मौतों को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखा। उन्होंने पत्र में लिखा कि कांग्रेस ने इस मुद्दे पर चुप्पी क्यों साध रखी है। इस मामले में इंडी गठबंधन को डीएमके की सरकार को सीबीआई जांच की मांग करते हुए संबंधित मंत्री से इस्तीफे की मांग करनी चाहिए।नड्डा ने पत्र में लिखा,मैं हैरान हूं कि जब इतनी बड़ी आपदा हुई है, तो आपके नेतृत्व वाली कांग्रेस पार्टी ने इस पर चुप्पी साध रखी है। इस समय, भाजपा और पूरा देश मांग करता है कि कांग्रेस द्रमुक-इंडी गठबंधन सीबीआई जांच कराने के लिए तमिलनाडु सरकार पर दवाब डालें। तमिलनाडु के मंत्री मुथुस्वामी को मंत्री पद से तुरंत हटाया जाना चाहिए।

### बांग्लादेश के साथ तीस्ता समझौते को लेकर बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने केंद्र को लिखी चिट्ठी

**कोलकाता** : पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर केंद्र और बांग्लादेश के बीच जल बंटवारे पर बातचीत पर आपत्ति जताई है. इस समझौते के समय बंगाल को भाग लेने के लिए आमंत्रित नहीं किया गया था. उन्होंने कोलकाता और ढाका के बीच घनिष्ठ संबंधों को रेखांकित करते हुए लिखा,राज्य सरकार की राय के बिना इस तरह का एकतरफा विचार-विमर्श और चर्चा न तो स्वीकार्य है और न ही वांछनीय है.

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 38° |
| न्युनतम | 27° |

**हंगामेदार रहा 18वीं लोकसभा के पहले सत्र का पहला दिन, पीएम मोदी पर राहुल-खरगे ने बोला हमला**

# 25 जून को लोकतंत्र पर लगा था काला धब्बा: पीएम

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** 18वीं लोकसभा के पहले सत्र से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मीडिया के सामने अपनी बात रखी। उन्होंने संसद भवन परिसर में कहा कि संसदीय लोकतंत्र में आज का दिन गौरवमय है, यह वैभव का दिन है। आजादी के बाद पहली बार हमारे अपने नए संसद में यह शपथ हो रहा है। अब तक ये प्रक्रिया पुराने संसद में होती थी। आज के इस महत्वपूर्ण दिन पर मैं सभी नव निर्वाचित सांसदों का स्वागत करता हूं, सबका अभिनंदन करता हूं और सबको शुभकामनाएं देता हूं।

प्रधानमंत्री ने आपातकाल को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 25 जून को भारत के लोकतंत्र पर लगे उस कलंक के 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं। भारत की नई पीढ़ी कभी नहीं भूलेगी कि भारत के संविधान को पूरी तरह से नकार दिया गया था, संविधान के हर हिस्से की धज्जियां उड़ा दी गई थीं, देश को जेलखाना बना दिया गया था, लोकतंत्र को पूरी तरह दबा दिया गया था। उन्होंने कहा कि अपने संविधान, भारत के लोकतंत्र और लोकतांत्रिक परंपराओं की रक्षा करते हुए देशवासी संकल्प लेंगे कि भारत में दोबारा कोई ऐसा करने की हिम्मत न कर सके, जो 50 साल पहले किया गया था। हम एक जीवंत लोकतंत्र का संकल्प लेंगे। हम भारत के संविधान के निर्देशों के अनुसार सामान्य मानवी के सपनों को पूरा करने का संकल्प लेंगे।पीएम मोदी ने कहा कि संसद का ये गठन भारत के सामान्य मानवी के संकल्पों की पूर्ति का है। नए उमंग, नए उत्साह के साथ नई गति, नई ऊंचाई प्राप्त करने का ये अवसर है। 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य लेकर आज 18वीं लोकसभा का प्रारंभ हो रहा है।

### प्रोटेम स्पीकर ने प्रधानमंत्री मोदी सहित नवनिर्वाचित सांसदों को दिलाई शपथ

18 वीं लोकसभा के पहले सत्र की शुरुआत हो गई। सत्र की शुरुआत से पहले प्रोटेम स्पीकर के पद पर नियुक्त किए गए सदन के वरिष्ठ सदस्य भर्तृहरि महताब को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शपथ दिलाई।संसद सत्र की शुरुआत के साथ ही प्रोटेम स्पीकर ने सबसे पहले प्रधानमंत्री मोदी को सदन के सदस्य की शपथ दिलाई। फिर चेयर के सहयोगी सांसदों को शपथ दिलाई गई। उसके बाद मंत्रियों व बाकी सदस्यों को शपथ दिलाई जा रही है। मोदी सरकार 3.0 का संसद में पहला सत्र काफी हंगामेदार रहने के आसार है। इंडी गठबंधन इसकी तैयारी पहले ही कर चुका है। संसद का ये सत्र तीन जुलाई तक चलेगा।

### राज्यसभा में नेता सदन बनाए गए जेपी नड्डा

देश के उच्च सदन राज्यसभा में बीजेपी ने नेता सदन का नाम स्पष्ट कर दिया है। बीजेपी ने जेपी नड्डा को राज्यसभा में नेता सदन बनाया है। बता दें कि जेपी नड्डा भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं। वहीं इस बार नई सरकार के गठन के बाद उन्हें स्वास्थ्य मंत्रालय का भी जिम्मा दिया गया है। इससे पहले भी नरेंद्र मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में जेपी नड्डा के पास स्वास्थ्य मंत्रालय की ही जिम्मेदारी थी। दरअसल, जेपी नड्डा ने एनडीए की नई सरकार में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री का पदभार संभाल लिया है।



### संविधान पर आक्रमण मंजूर नहीं



लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन पर कांग्रेस पर निशाना साधा। वहीं कांग्रेस की तरफ से पीएम मोदी पर पलटवार किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे,राहुल गांधी और जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री पर हमला बोला है। राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह जो आक्रमण संविधान पर कर रहे हैं, वो हमारे लिए स्वीकार्य नहीं है। वहीं मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि संविधान को बचाने के लिए हमने जो कोशिश की थी उसमें जनता हमारे साथ है। लेकिन मोदी जी ने संविधान को तोड़ने की कोशिश की। जबकि कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि पीएम के पास बोलने के लिए कुछ भी नया नहीं था और हमेशा की तरह उन्होंने अपने संबोधन मुद्दों को भटकाने का प्रयास किया है।रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह जो आक्रमण संविधान पर कर रहे हैं, वो हमारे लिए स्वीकार्य नहीं है और वो हम नहीं होने देंगे इसलिए हमने शपथ लेते समय संविधान पकड़ा था.हिंदुस्तान के संविधान को कोई शक्ति नहीं छू सकती. वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, संविधान को बचाने के लिए हमने जो कोशिश की थी उसमें जनता हमारे साथ है। लेकिन मोदी जी ने संविधान को तोड़ने की कोशिश की। इसलिए आज हम यहां एकत्रित होकर उसका विरोध कर रहे हैं। यहां पर गांधी जी की प्रतिमा थी और हम यहीं पर विरोध कर रहे हैं... हर लोकतांत्रिक नियमों को तोड़ा जा रहा है इसलिए हम बता रहे हैं कि मोदी जी आज संविधान के तहत चलिए।कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने आगे कहा कि शायद प्रधानमंत्री को देखकर ऐसा लगा कि वो जनता के फैसले का सही मतलब समझ नहीं सके हैं। उन्होंने कहा कि गैर-जैविक प्रधानमंत्री को लोकसभा चुनावों में व्यक्तिगत, राजनीतिक और नैतिक रूप से करारी हार का सामना करना पड़ा है।

### 25 जून से 24 जुलाई तक चलेगा मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि केंद्रीय निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार राज्य में 25 जून से 24 जुलाई तक मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का प्री-रिविजन एक्टिविटीज किया जा रहा है। इसके तहत बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता सूची का पुनरीक्षण करेंगी। साथ ही उच्च अधिकारियों द्वारा भी इसका भौतिक सत्यापन किया जाएगा।रवि कुमार राज्य में होने वाले मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर सोमवार को पत्रकारों से मुखातिब हुए। उन्होंने राज्य के नागरिकों से अनुरोध किया कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान नए पात्र मतदाता स्वयं को पंजीकृत करवाने या जिन मतदाताओं के पास पुराने लेमिनेटेड कार्ड है उसे अद्यतन कराने के लिए अपने बीएलओ के माध्यम से या वोटर हेल्पलाइन ऐप पर आवेदन समर्पित कर सकते हैं।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि 25 जुलाई को मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशन होगा, जिसके उपरान्त 9 अगस्त तक मतदात इसमें सुधार के लिए दावा और आपत्ति समर्पित कर सकेंगे। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 20 अगस्त को किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस दौरान मतदाताओं को जागरूक करने एवं मतदाता सूची में नाम पंजीकृत करवाने या मतदाता पहचान पत्र को अद्यतन कराने के लिए विभिन्न कैम्पेन भी चलाये जाएंगे।

## जेल में ही रहेंगे केजरीवाल, सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली राहत



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** दिल्ली शराब घोटाला मामले में जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आज सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली। उनकी जल्द रिहाई की मांग वाली याचिका पर अब बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बुधवार को इस मामले को सुनते हैं, हाई कोर्ट का ऑर्डर आए तो रिकॉर्ड पर लिया जाए। बता दें कि केजरीवाल ने दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा रिहाई पर अंतरिम रोक लगाने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। केजरीवाल की अर्जी में कहा गया है कि हाईकोर्ट ने स्थापित कानूनी प्रक्रिया और परंपरा की अनदेखी करते हुए जमानत आदेश पर रोक लगाई है। इस बारे में न्याय और देश में स्थापित जमानत के बुनियादी सिद्धांतों का भी उल्लंघन किया गया है। राजनीतिक हवाले से भी याचिका में कहा गया है कि केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी का आलोचक होने की वजह से उन्हें ईडी की नाराजगी और भेदभावपूर्ण प्रक्रिया का शिकार होना पड़ा है। इधर सीएम केजरीवाल की जमानत के निचली अदालत के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट में आज ईडी और केजरीवाल के वकील लिखित दलील जमा करेंगे। दिल्ली हाई कोर्ट ने फिलहाल केजरीवाल की रिहाई के निचली अदालत के आदेश पर रोक लगाई हुई है।

**नवीन पटनायक ने सांसदों को दिया अहम निर्देश**

## भाजपा को अब कोई समर्थन नहीं

**एजेंसी**

**भुवनेश्वर :** ओडिशा में लोकसभा और विधानसभा दोनों ही चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने शानदार जीत दर्ज की है। भाजपा ने बहुमत के साथ राज्य में सरकार बनाई और लंबे समय से राज्य के सीएम रहे बीजू जनता दल के अध्यक्ष नवीन पटनायक को सत्ता से बाहर किया। बीजद ने अब संसद में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए सरकार के विरोध में जाने का फैसला किया है। इसे लेकर नवीन पटनायक ने अपने राज्यसभा सांसदों को अहम दिशा निर्देश दिए हैं। नवीन पटनायक ने सोमवार को पार्टी के नौ राज्यसभा सदस्यों के साथ बैठक की है। उन्होंने सांसदों को 27 जून से शुरू होने वाले राज्यसभा के सत्र के दौरान एक जीवंत और मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाने का निर्देश दिया है। पटनायक ने सांसदों से कहा है कि वह संसद में राज्य के हितों से संबंधित मुद्दों को उचित तरीके से उठाए। राज्य सभा में बीजद के नेता सस्मित पात्रा ने बताया कि इस बार संसद में बीजू जनता दल के सांसद केवल विभिन्न मुद्दों पर बोलने तक सीमित नहीं रहेंगे। उन्होंने बताया कि अगर भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र की एनडीए सरकार ओडिशा के हितों की अनदेखी करती है तो वे आंदोलन करने के लिए भी तैयार हैं। उन्होंने बताया कि सांसद राज्य में खराब मोबाइल कनेक्टिविटी और बैंक शाखाओं की कम संख्या का मुद्दा भी उठाएंगे।सस्मित पात्रा ने बताया कि राज्यसभा में नौ सांसद मजबूत विपक्ष के रूप में काम करेंगे। उन्होंने कहा कि अब भाजपा को कोई समर्थन नहीं, केवल विपक्ष की भूमिका निभाएंगे। हम ओडिशा के हितों की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। उन्होंने आगे ये भी कहा कि भाजपा को समर्थन देने का कोई सवाल ही नहीं है।



**सीएम ने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अद्यतन कार्य प्रगति की समीक्षा की**

# शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी लाएं : चंपाई सोरेन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों की उपस्थिति में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अध्ययन कार्य प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने समीक्षा के क्रम में अधिकारियों को निर्देश दिया कि आगामी 15 अगस्त 2024 तक इंटरमीडिएट स्तरीय प्रशिक्षित सहायक आचार्य के 11 हजार पदों पर नियुक्ति तथा स्नातक स्तरीय प्रशिक्षित सहायक आचार्य के 15 हजार पदों की बहाली आगामी 5 सितम्बर 2024 तक हर हाल में हो यह सुनिश्चित करें। शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार ने शिक्षक बहाली हेतु जो लक्ष्य रखा है, उसी अनुरूप कार्य प्रगति में तेजी लाते हुए लक्ष्य को हासिल करना है, इस निमित्त शिक्षक बहाली की सभी प्रक्रियाओं को यथाशीघ्र पूरी कर ली जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि हमारी सरकार राज्य में शैक्षणिक व्यवस्थाओं को निरंतर मजबूत करने का कार्य कर रही है।



स्कूलों में अध्यनरत विद्यार्थियों को शिक्षकों की कमी की वजह से पठन-पाठन में बाधा नही पहुंचे यह हमसभी की नैतिक जिम्मेवारी है।

**जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं के शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी लाएं:** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य में समृद्ध जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्राथमिक विद्यालयों में जनजातीय एवं क्षेत्रीय विषयों की पढ़ाई प्रारंभ हो सके इस हेतु जनजातीय भाषा के 3538 एवं क्षेत्रीय भाषाओं के 8418 पदों पर जो नियुक्ति की जानी है, इसकी सभी प्रक्रियाओं को जल्द पूरा करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सदृश्य वादों में पारित न्यायादेश के आलोक में अंतिम काउंसलिंग के आधार पर चयनित 1511 प्रारंभिक शिक्षकों को जल्द नियुक्ति पत्र दी जाए।



# पुत्र ने पिता की टांगी से गर्दन काटकर की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** पिता पुत्र के साथ हुए आपसी विवाद में बेटे ने अपने पिता को टांगी से हमला कर बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया है.वहीं घटना की जानकारी मिलते हीं नावाडीह ओपी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.वहीं, हत्या के आरोपी मुबारक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। नावाडीह कला ओपी प्रभारी राज्यवर्धन ने बताया कि शनिवार को पिता नान्हु मियां व पुत्र मुबारक के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था.इस झगड़े के कारण मुबारक के मन में इतना आक्रोश पैदा हो गया कि उसने रविवार को अपने पिता की हत्या कर दी.जानकारी के अनुसार



मृतक नान्हु मियां पांडु थाना क्षेत्र के मुसिखाप के रहने वाले थे। रविवार को नन्हु मियां गांव के नदी के किनारे मवेशी चरा रहा थे.नान्हु एक पेड़ के नीचे बैठकर रस्सी तैयार कर रहा था.तभी बेटा मुबारक मौके पर पहुंचा व लगातार टांगी से हमला कर दिया.जिसमें घटना स्थल पर हीं नान्हु मियां की मौत हो गई.इधर घटना को अंजाम देने के बाद मुबारक आराम से टांगी लिए वापस अपने घर आ गया. जहां अपना कपड़ा को बदल लिया.कपड़े बदलने के बाद उसने स्वयं घटना की जानकारी अपने परिजनों को देते हुए हत्या की बात कहा। वहीं परिजन व स्थानीय ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे। जहां नान्हु मियां मृत पड़ा हुआ था .ग्रामीणों ने तत्काल इसकी जानकारी नावाडीह ओपी सहित विश्रामपुर थाना को दी.नावाडीह ओपी पुलिस ने मुबारक को गिरफ्तार कर लिया. साथ हीं उससे पूछताछ करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया.वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है.इधर मृतक के दूसरे पुत्र तबरार अंसारी ने थाना को दिए बयान में बताया कि पिता-पुत्र में किसी को लेकर शनिवार को विवाद हुआ था.जिसे परिवार के सदस्य रात में सुलझा लिए थे.अन्य दिनों की तरह नन्हु मियां गाय-बकरी को लेकर विश्रामपुर थाना क्षेत्र के कोड़िया भुखला गांव में चराने ले गए। फर्द बयान में बताया कि गाय-बकरी 10:30 बजे घर आ गए, लेकिन नान्हु को नहीं पहुंचने पर तबरार खोजने गया। उसके द्वारा घटना की सूचना परिवार के सदस्यों को दी। वहीं मुबारक हत्या के बाद घर छुपा हुआ था। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

## कांग्रेस पार्टी की प्रखंड स्तरीय बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** रमना प्रखंड मुख्यालय सर्वेशरी चौक स्थित राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की प्रखंड स्तरीय बैठक अध्यक्ष मंसूर अंसारी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में पार्टी को मजबूती को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया जिसमे कई निर्णय महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। जिसमें दो जूलाई तक पंचायत बूथ से लेकर पंचायत कमेटी गठित करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर उपस्थित जिला सचिव असरफ अंसारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में देश के जनता कांग्रेस पार्टी के साथ थी। वही मंसूर अंसारी ने कहा कि आने वाला दिन कांग्रेस का होगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा की युवा राहुल गांधी ने पूरे देश के युवा को एक साथ आने का आह्वान किया है। जिससे प्रभावित होकर कई लोग पार्टी के सदस्य बन रहे है। मौके पर विशुनपुरा अध्यक्ष शैलेंद्र प्रताप देव, महिला प्रखंड अध्यक्ष रागिनी देवी, मंडल अध्यक्ष अमानत हुसैन, असर्फी राम, ग्यासुद्दीन अंसारी, मोबिन अंसारी, मंजूर अहमद, विकाश पाल, इरफान अंसारी, मुख्तार अंसारी, तैयब अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## केतार थाना प्रभारी ने अवैध रूप से बालू ढुलाई करते दो ट्रैक्टर को किया जप्त



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत परती कुशवानी के बघमनवा जंगल से सोमवार को थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने अपने दलबल के साथ अवैध रूप से बालू ढुलाई करते दो ट्रैक्टर को जप्त कर थाना लाया गया। उक्त थाना प्रभारी ने बताया कि एनजीटी द्वारा रोक के बावजूद भी अवैध रूप से बालू उत्खनन कर ढुलाई किया जा रहा था, जिसे जप्त कर थाना लाया गया है। और केतार अंचल अधिकारी के आदेशानुसार प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## अवैध महुआ शराब को लेकर पुलिस की छापेमारी, एक क्विंटल जवा महुआ किया गया नष्ट



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने सोमवार को ग्राम-पंचायत बलीगढ़ के दसीपुर गांव में गुप्त सूचना के आधार पर अवैध रूप से बनाए जा रहे महुआ शराब को लेकर छापेमारी की गई। जिसमें आस-पड़ोस के गांव में अवैध रूप से फल फूल रहे कारोबारी में हड़कंप सा मचा हुआ है। थाना प्रभारी ने कहा कि अवैध रूप से महुआ शराब बनाने की गुप्त सूचना मिल रही थी जिसके आलोक में पुलिस बल के साथ छापेमारी की गई और लगभग एक क्विंटल जवा महुआ विनिष्ट किया गया।

## कुआं में मिला युवक का तैरता हुआ शव

**छत्तरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना अंतर्गत ग्राम मदनपुर के विदास टोला में एक युवक का कुएं में तौरता हुवा शव मिला। सूचना मिलते के बाद छतरपुर पुलिस मौके पर पहुंच शव को कुएं से बाहर निकाला और शव कों कब्जे मे लिया। मृतक की पहचान अरविंद कुमार के रूप में की गई है। ग्रामीणो ने बताया की युवक सुबह सुबह घर से निकला था। बताया जा रहा है कि युवक का दिमागी संतुलन कई दिनों से ठीक नहीं था। युवक कुएं में कैसे गिर गया यह जानकारी अभी सामने नहीं आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है शव कों पोस्टमार्टम के लिए मोदनीनगर भेजा।

## आंगनबाड़ी सेविका के लिए वीणा कुमारी का किया गया चयन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर पंचायत क्षेत्र स्थित दबगर मोहल्ला चेचरिया में आंगनबाड़ी केंद्र के लिए सेविका का चयन सोमवार को वीणा कुमारी का चयन, चयन समिति द्वारा योग्यता के आधार पर किया गया। सेविका पद के लिये तीन उम्मीदवारों ने अपना दावा पेश किया, जिसमें पूजा कुमारी, वीणा कुमारी तथा सुषमा गुप्ता शामिल थी। चयन प्रक्रिया के नियमों के तहत पूजा कुमारी को मैट्रिक के लिए 7 अंक, इंटर के लिए 3 अंक और स्नातक के लिए 10 अंक, कुल 20 अंक दिया गया,जबकि वीणा कुमारी को मैट्रिक के लिए 11 अंक, इंटर के लिए 15 अंक,स्नातक के लिये 5 अंक और स्नातकोत्तर के लिये 7 अंक, कुल 38 अंक दिया गया, वहीं सुषमा गुप्ता को मैट्रिक के लिए 11 अंक, इंटर के लिये 7अंक तथा ग्रेजुएशन के लिये चार अंक, कुल मिलाकर



22 अंक प्रदान किया गया। चयन प्रक्रिया में वरीयता क्रम अनुसार वीणा कुमारी को कुल 38 अंक प्राप्त हुये। वरीयता क्रम के आधार पर सबसे अधिक अंक प्राप्त करने पर वीणा कुमारी का चयन आंगनबाड़ी केंद्र दबगर मोहल्ला चचेरिया के सेविका पद के लिये किया। चयन समिति में अंचल पदाधिकारी विकास कुमार सिंह, सीडीपीओ राजकिशोरी खलको, पर्यवेक्षिका माया गुप्ता, एएनएम ममता कुमारी तथा राजकीय मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनिल कुमार विश्वकर्मा शामिल थे। मौके पर पूर्व मुखिया अजय कुमार, पूर्व सदर तस्लीम खान, आशा देवी, चमेली देवी, ज्योति कुमारी, सुमित्रा देवी, मंजू देवी, सुनीता देवी, बबली देवी, देवंती देवी, अंकुर कुमार, काशी प्रजापति, प्रमोद कुमार, अनिल कुमार, विमला देवी, ललिता देवी, चांदनी देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# दिखावा बनकर रह गया जलमीनार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर :** नावाबाजार प्रखंड के इटको पंचायत में लगाए गए सभी जल मीनार केवल दिखावा मात्र बनकर रह गया है। वार्ड 4 के लोग पेयजल के लिए भटक रहे हैं। जिसकी शिकायत भी यदा-कदा जिम्मेवार लोगों से की जाती रही है। लेकिन किसी के द्वारा इसे संज्ञान में नहीं लिया गया। नतीजतन ग्रामीण पेयजल के लिए भटक रहे हैं। युवा समाजसेवी आरीज आलम ने बताया कि पंचायत क्षेत्र में कहीं भी बोरिंग प्रॉपर निर्धारित प्राक्कलन के अनुसार नहीं किया गया है। जलापूर्ति के लिए लगाया गया मोटर भी घटिया है। केवल 60 फीट पाईप डाला गया है। जो जरूरत के अनुरूप पानी नहीं देता है। जबकि प्रत्येक जलमिनार से 20 घरों को पानी आपूर्ति किया जाना है। लेकिन संवेदक के द्वारा



कहीं भी नियमानुसार कार्य नहीं किया गया। बताया कि इसकी शिकायत विभागीय अधिकारियों से भी की जाती रही है। लेकिन कोई सुनने वाला नहीं। कहां की अगर अगले दो दिनों के अंदर सुधार नहीं हुआ तो स्थानीय लोगों के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा।

## कंप्यूटर ऑपरेटर दीपक कुमार सिंह को जेल भेजना एक साजिश : कमेश सिंह



**नीलांबर, पितांबरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंचल कार्यालय में जो एलपीसी मामले में दीपक कुमार सिंह को जेल भेजा गया उसे कड़ी शब्दों में निंदा करते हुए साजिश बताया है भाकपा माले के नीलांबर पितांबरपुर सतबरवा प्रखंड सचिव कमेश सिंह चेरो राजद के प्रखंड अध्यक्ष तनवीर आलम झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड सचिव मुस्ताक अहमदअखिल भारतीय आदिवासी महासभा के पाटन प्रखंड अध्यक्ष अभिषेक सिंह चेरो ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर कहा साथ ही कहा की नीलांबर पितांबरपुर अंचल में लगातार धांधली हो रहा है लेकिन एलपीसी के मामले में दीपक कुमार सिंह को जेल भेजना एक निंदनीय हैं इन लोगों ने कहा कि एलपीसी तैयार करना ऑफलाइन होता है पहले काम राजस्व कर्मचारी दूसरा अंचल निरीक्षक तीसरा अंचल अधिकारी महोदय इसके बाद कंप्यूटर ऑपरेटर के पास आता है लेकिन जानबूझकर अनुबंध पर काम करने वाले ऑपरेटर को फसाया गया हैं पूरी मामला को उच्च स्तरीय जांच कराया जाए तो दूध का दूध पानी का पानी निकल जाएगा क्योंकि यह काम बड़े अधिकारियों की है और गाज छोटे कर्मचारियों पर गिराया जा रहा है दीपक कुमार सिंह इकलौता कमाने वाले व्यक्ति को बिना मतलब के अंचल अधिकारी चंद्रशेखर कुणाल और अंचल निरीक्षक महेंद्र राम अपने बचने के लिए कंप्यूटर ऑपरेटर को बली का बकरा बनाया है लोकसभा चुनाव से अभी तक अंचल कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचल अधिकारी गायब लोगों की परेशानियों की सामना करना पड़ रहा है जाति आवासीय के लिए एक भी पदाधिकारी मुलाकात नहीं हो रहे यदि जल्द से जल्द जांच कर दोषी लोगों पर कार्रवाई नहीं किया गया तो चरण बद्ध आंदोलन किया जाएगा लोगों ने एक बात और कहा की जांच करने के बाद अनुबंध पर काम करने वाले कर्मचारी दोषी नहीं पाए जाएंगे। लेकिन अंधेरी नगर में चौपट राजा की कहावत चरितार्थ हो रहा है।

# किसान और बीज दुकानदारों को बारिस का इंतजार है



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** सगमा प्रखंड स्थित बीज दुकानदार ग्राहक नहीं आने से चिंतित है।आषाढ़ महीने का तीसरा दिन हो गया बावजूद इसके बारिश नहीं हुआ। मगर बीज बेचने वाले दुकानदार सभी प्रकार के बीज को अपने अपने दुकान खोलकर खाली बैठे हुए हैं। इस संबंध में बीज दुकानदार ऋषि राज संजय गुप्ता सहित अन्य दुकानदारों का कहना है की बीते वर्ष चौबीस जून तक पचास से साठ प्रतिशत बीज का विक्रय हो चुका था। किसान भी अपने अपने खेतो में इसी क्रम के अनुसार धान की नर्सरी कर चुके थे। मगर इस वर्ष बारिश के अभाव में किसान दुकानों पर नहीं आ रहे हैं। साथ ही उक्त बीज दुकानदारों ने बताया की चालू खरीफ फसल की स्थिति अच्छी नहीं दिख रहा है। जिससे दुकानदारों के साथ साथ किसानों में भी मायूसी दिखाई दे रहा है। किसान बारिश की बाट जोह रहे है। वही बीज दुकानदार ग्राहक को लेकर चिंतित हैं।

## नामांकन मे अधिक राशि वसूली को लेकर छात्र-छात्राओं एवं अभिभावक ने किया विरोध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के 10+ 2 हाई स्कूल गुलाबझरी सैकड़े छात्र - छात्राओं व अभिभावक ने प्रधानाध्यापक श्री ओम प्रकाश लाल पर नामांकन मे सरकार के निर्धारित राशि से अधिक वसूली, कोरोना काल की राशि की वितरण नहीं करना, विधालय मे पदस्थापित क्लर्क की प्रभार नहीं देन की आरोप भी लगा है ।साथ ही साथ उन सभी ने यह भी आरोप लगाया मनमानी तरीका रवैया अपनाते है। आगे बताते चलें कि नामांकन मे राशि अधिक वसूली जाती है जब छात्र -छात्राओं के रसीद मांगने पर प्रधानाध्यापक के कहा जाता है कि मेरे पास स्टाफ कम है, बाद मे रसीद दे देगें। जबकी विधालय मे खुद क्लर्क नियुक्त है। अध्यनरत छात्र - छात्राओं ने यह भी कहा कि शिक्षक रूटिंग के द्वारा शिक्षण कार्य नहीं किया जाता है। मौके पर सत्य प्रकाश सिंह, सुरेंद्र कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह, सुरेंद्र सिंह के आलावा सैकड़ों छात्र -छात्राओं सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## चातुर्मास व्रत करने और कराने वाला दोनो अक्षय पुण्य प्राप्त करता हैं : स्वामी जी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पड़वा चातुर्मास व्रत करने और कराने वाला के साथ-साथ इस में शामिल हो जाने से ही अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। उक्त बातें जीयर स्वामी जी ने रविवार को सिंगरा स्थित चातुर्मास व्रत प्रवचन में कही। कहा की शास्त्रों में तीन तरह के चातुर्मास व्रत का प्रमाण है। पहला आषाढ़ से आश्विन तक चार महीने एक स्थान पर रहकर जप, तप, तपस्या करना जिससे मनुष्य, जीव सहित प्रकृति का कल्याण हो वही चातुर्मास है। इसी चार महीने श्री राम ने भी चातुर्मास व्रत किया था जिसका प्रमाण रामायण में है। दूसरा चातुर्मास आषाढ़ शुक्ल एकादशी से देव उठान कार्तिक शुक्ल एकादशी तक चार माह चातुर्मास का भी शास्त्रों में प्रमाण है।तीसरा चातुर्मास श्रवण मास का दो पक्ष और भादो मास का दो पक्ष भी चातुर्मास व्रत का प्रमाण शास्त्रों में है। सभी तीनों तरह के चातुर्मास में विद्वान, संत, साधक एक स्थान पर रहकर जप, तप, तपस्या करते है। जिससे संसार और प्रकृति का कल्याण होता है। इस व्रत को करने और कराने वाला सभी को अक्षय पुण्य प्राप्त होता है। मालूम हो की प्रतिदिन सुबह में सात से साढ़े सात बजे आरती होता है। सायं में छह बजे से स्वामी जी द्वारा प्रवचन दिया जाता है।

# हज से वापस लौटे जेएमएम के वरिष्ठ नेता एजाज हुसैन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद के हरदिल अजीज जेएमएम के वरिष्ठ नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी सोमवार को हज कर वापस हुसैनाबाद लौटे। बड़ेपुर मोड़ पर जेएमएम नेता सह जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह समेत अन्य ने उन्हें फूल माला देकर स्वागत किया व आशीर्वाद लिया। हाजी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान के आने की खबर सुन बड़ी संख्या में लोग उनके आवास के पास राजटोली मैदान में पहुंच गए। हाजी एजाज हुसैन के पहुंचते ही नारा ए तकबीर अल्लाह हो अकबर से क्षेत्र गूंज उठा। लोगों ने हाजी एजाज हुसैन उर्फ छेदी को फूल माला देकर उनका स्वागत किया व हज करने की मुबारकबाद दी। एजाज हुसैन उर्फ छेदी ने कहा कि अल्लाह का करम है वह सही सलामत हज कर वापस लौट गए। उन्होंने लोगों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र राज्य व देश की खुशहाली के लिए उन्होंने दुआ मांगी है। मौके पर आलोक कुमार सिंह, मसरूर अहमद, डा एजाज आलम, ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, आशिक कश्यप, राज अली, हाजी अब्बास अंसारी, डा अमीनुल हक अंसारी, सज्जू खान, अमीन खान, खुश्तर खान, कलीम खान, इस्लाम खान के अलावा सैकड़ों लोग शामिल थे।

# पिपरा में पीडीएस दुकानदारों के साथ किया गया समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** प्रखंड सभागार पीपरा में सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेता दुकानदार के साथ प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सरजुन राम ने समीक्षा बैठक की. इस बैठक की अध्यक्षता भी आपूर्ति पदाधिकारी ने किया. बैठक में निम्न बिंदुओं पर समीक्षा की गयी -1) ग्रीन राशन कार्ड उठाव माह अगस्त 2023,2)चना दाल वितरण माह अप्रैल 3) नमक वितरण माह अक्टूबर से दिसंबर 2023 4)nfsa राशन वितरण माह मई एवम जून 5) कैलेंडर एवं थैला वितरण 6) ग्रीन कार्ड के वैसे कार्डधारी जो पिछले 6 माह या उससे अधिक दिनों से राशन का उठाव नहीं कर रहे हैं,तथा ग्रीन कार्ड के वैसे लाभुक जिनका ग्रीन कार्ड से लाल कार्ड बन गया है सभी पीडीएस दुकानदार अलग-अलग आंकड़ा 7) मृत कार्डधारी तथा डबल राशन कार्ड के लाभुक का भरा हुआ फॉर्मेट 8) धोती साड़ी वितरण इत्यादि सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा किया गया एवं इससे संबंधित आंकड़ा जल्द से जल्द सभी पीडीएस दुकानदारों से मांगा गया है वही आपूर्ति पदाधिकारी सरजुन राम ने सभी पीडीएस दुकानदारों को कडे निर्देश दिए हैं कि राशन उठाओ कर लेने के बाद ससमय राशन का वितरण करें. अगर कार्डधारीयों का शिकायत उन तक पहुंचा तो निश्चित रूप से संबंधित डीलर के ऊपर कारवाई की जाएगी।

## भाजपा के केतार मंडल उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रतिनिधि ने दिया पार्टी से इस्तीफा



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी के केतार मंडल उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रतिनिधि विक्रमा सिंह ने सोमवार को पार्टी के प्राथमिक सदस्यता से इस्तिफा दे दिया है। वे सन 2014 से लगातार भाजपा पार्टी के लिए कार्य करते आ रहे थे और उन्हें क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही के द्वारा केतार प्रखंड के लिए पूर्व में विधायक प्रतिनिधि भी मनोनीत किया गया था जो लंबे समय तक विधायक प्रतिनिधि के रूप में कार्य किए थे जो आज भाजपा पार्टी के जिला अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष केतार को लिखित रूप से इस्तीफा भेज दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने हत्या की धमकी देने वाले दो लोगों को किया गिरफ्तार

**रांची** । सिल्ली थाना क्षेत्र की लक्ष्मी देवी के लिखित आवेदन के आधार पर वादी की बेटी पूजा रानी देवी, उनके सास एवं रिश्तेदार के द्वारा मारपीट कर हत्या कर देने के संबंध में सिल्ली थाना में सिल्ली थाना कांड सं0- 50/2024 22/06/2024, धारा-304 (बी0)/34 भा0द0वि0 के तहत कांड दर्ज किया गया। कांड अनुसंधान अन्तर्गत - 24/06/2024 को कांड में संलिप्त 1. भानू प्रताप सिंह मुण्डा, पार्वती देवी, बसंतपूर, ठाकूर टोला, थाना- सिल्ली, जिला- राँची को विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया है। छापामारी दलः- पुअनि मोहित कुमार, पुअनि संदीप कुमार मोदी, आ0 3370 दीपक टोप्पो, आ0 1034 मुकेश रजवार शामिल थे।

### झारखंड हॉकी के चार पदाधिकारी पेरिस ओलंपिक में होंगे शामिल

**रांची :** झारखंड हॉकी के पदाधिकारी हॉकी पेरिस ओलंपिक में शामिल होंगे। इन पदाधिकारियों में हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह, महासचिव विजय शंकर सिंह, कोषाध्यक्ष असरिता लकड़ा और सीईओ रजनीश कुमार शामिल हैं। इस दौरान असरिता लकड़ा 28 से 31 जुलाई तक तो वहीं विजय शंकर सिंह और रजनीश कुमार पांच अगस्त से 10 अगस्त तक पेरिस ओलंपिक खेलों का लुत्फ उठाएंगे। इनका सारा खर्च हॉकी इंडिया की टीम उठायेगी। पेरिस में ओलंपिक खेलों का आयोजन 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होना है।

# 25 बोरा डोडा के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पुलिस उपाधीक्षक चंदन सिन्हा ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि नामकुम थाना क्षेत्र पिकअप एक रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच10एडी028 7 में डोडा लेकर जा रहा है । तब डीएसपी अमर कुमार पांडेय के नेतृत्व नामकुम थाना पुलिस की टीम गठित की गई और फिर लुगुडीह मोड़ के पास चेकनाका लगाया गया। सफेद रंग के पिकअप वैन को रोकने का इशारा किया, लेकिन पुलिस देखकर वैन चालक गाड़ी रोककर भगाने का प्रयास करने लगा , पुलिस पीछा करके पकड़ लिया ।

पूछताछ करने में अपना नाम रामविलास महतो हातुदामी थाना नामकुम का रहने वाला बताया। उसी के पिकअप वैन में डोडा था , जब जांच किया गया तो 25 बोरा डोडा जो 25 25 किलोग्राम का पाया गया और इसके पास से दो मोबाइल , 2, 50000 रुपए भी बरामद किया गया। उससे पूछताछ करने पर बताया कि डोडा लेकर तो तुपुदाना ओपी क्षेत्र में जा रहा था,ज्ञ इस अभियान में डीएसपी अमर कुमार पांडेय, नामकुम थाना प्रभारी ब्रह्मदेव प्रसाद , पुलिस अवर निरीक्षक जयदेव कुमार , सहायक अवर निरीक्षक संतोष कुमार आदि शामिल थे।

## चोरी के ट्रैक्टर के साथ एक आरोपित गिरफ्तार



सिल्ली थाना पुलिस ने चोरी के ट्रैक्टर के साथ एक आरोपित सुनील लोहरा को गिरफ्तार किया है। वह तमाड़ थाना क्षेत्र के नुरुडीह गांव का रहने वाला है। इसके पास से लाल रंग का चोरी का ट्रैक्टर बरामद किया गया है। डीएसपी रणवीर सिंह ने सोमवार को बताया कि पुलिस को सूचना मिली की सिल्ली थाना क्षेत्र के पतराहातू गांव से एक ट्रैक्टर की चोरी हो गई है। सूचना के बाद थाना प्रभारी सिल्ली के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरीत कार्रवाई करते हुये सोनाहातू थाना के सहयोग से आरोपित को ट्रैक्टर के साथ पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि अपने मित्र लाल सिंह मुण्डा और बुरू मुंडा के साथ मिलकर ट्रैक्टर की चोरी करने की घटना को अंजाम देने की बात को स्वीकार किया।

# पुलिस मुख्यालय में नये श्वानों के निरीक्षण से संबंधित कार्यक्रम आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** । पुलिस मुख्यालय, झारखण्ड, राँची में झारखण्ड पुलिस में शामिल किये गये नये श्वानों के निरीक्षण से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किया है, जिसमें अजय कुमार सिंह, महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड, राँची, संजय आनन्दराव लटकर, अपर पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड, राँची, असीम विक्रान्त मिंज, पुलिस महानिरीक्षक, अपअनुवि, झारखण्ड, राँची, कार्तिक एस0, पुलिस उप-महानिरीक्षक, विशेष शाखा, झारखण्ड, राँची, डॉ पंकज कुमार, पशु चिकित्सक, अपअनुवि, झारखण्ड, राँची, एवं जोसेफ फ्रांसिस तिर्की, प्रभारी श्वान दस्ता, अपअनुवि, झारखण्ड, राँची तथा अन्य पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित हुये।झारखंड पुलिस ने 07 नये प्रशिक्षित श्वानों (विस्फोटक -06, ट्रैकर -01) को शामिल किया है। जिसे आर वीसी (Remount Veterinary Corps) Centre and College, Meerut Cantt. के माध्यम से खरीद को



अंतिम रूप दिया गया है। श्वानों को उनकी मजबूत सूंघने की शक्ति के कारण प्रशिक्षण के लिए इस्तेमाल किया जाता है, जिसमें नाक के म्यूकोसा में 225 मिलियन रिसेप्टर कोशिकाएं होती हैं, जो श्वानों की सूंघने की क्षमता को इंसानों से 40-45 गुना बेहतर बनाती हैं। ये श्वान राष्ट्रविरोधी तत्वों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले विभिन्न प्रकार के विस्फोटकों का पता लगाते हैं और वीवीआईपी सुरक्षा, तोड़फोड़ विरोधी जांच और भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों की नियमित जांच के लिए महत्वपूर्ण हैं। वे राष्ट्रविरोधी तत्वों द्वारा लगाए गए सभी प्रकार के आईईडी और लैंड माइंस का पता लगाने के लिए सभी विस्फोटक तलाशी अभियान में महत्वपूर्ण होते है। हमारे स्नीफर श्वान को छद्म गंध और कच्चे विस्फोटक जैसे टीएनटी, पीईके, आरडीएक्स, कॉर्डेक्स, गन कॉटन, एचएमएक्स, डायनामाइट, नाइट्रोग्लिसरीन आदि पर प्रशिक्षित किया जाता है। स्नीफर श्वान को मुख्य रूप से 5 प्रकार की खोज के लिए तैनात किया जाता है- 1. ग्राउंड सर्च, 2. वाहन सर्च, 3. बिल्डिंग सर्च, 4. मानव शरीर की खोज और 5. सामान की खोज। ट्रैकर श्वान मानव शरीर और मानव द्वारा इस्तेमाल की गई वस्तु की गंध की पहचान और भेद के आधार पर काम करते हैं। उनका उपयोग आरोपी व्यक्ति की ट्रैकिंग, व्यक्ति से वस्तु और वस्तु से व्यक्ति की गंध को पहचानने, खोज और ढूँढने और अंततः पुलिस द्वारा अपराध उद्भेदन के लिए किया जाता है।

# मादक पदार्थ के दुरुपयोग के प्रति चला जागरूकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** पर्यटन , कला , संस्कृति , खेलकूद , युवाकार्य विभाग (पर्यटन शाखा) एवं जिला प्रशासन राँची द्वारा मादक पदार्थ का दुरुपयोग को समाप्त करने हेतु हुण्डरु फाल एवं अन्य पर्यटन स्थलो में जागरूकता अभियान चलाया गया एवं नशा से होने वाले नुकसान को वीडियो के माध्यम से (एल ईडी स्क्रीन) पर दिखाया गया और लोगों को जागरूक किया गया।

# विधानसभा चुनाव से पूर्व कैप सर्वे की तैयारी सर्वेक्षण कर्मी 27 जून से करेंगे आंकड़ा संग्रह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सोमवार को निर्वाचन सदन में कैंप सर्वे टीम के सदस्यों के लिए आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मतदाताओं की निर्वाचन सहभागिता की वास्तविक स्थिति की जानकारी एकत्रित करने के लिए राज्य में कैप सर्वे कराया जा रहा है। सर्वे टीम के सदस्य सर्वेक्षण के दौरान मतदाताओं से सूचनाएं एकत्रित करते समय सभी प्रश्नों को उचित फॉर्मेट में इंट्री करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि कैप सर्वे की टीम ससमय अपने प्रतिवेदन उपलब्ध कराए ताकि मतदाताओं को समय रहते जागरूक किया जा सके।



**जुलाई के अंत तक सर्वे टीम निर्वाचन विभाग को सौंपेगी सर्वे रिपोर्ट**

निर्वाचन सदन में आयोजित दो दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम में सर्वे टीम के सदस्यों को इससे संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत रूप से प्रशिक्षण भी दिया गया। प्रशिक्षण के उपरांत सर्वे कर्मी 27 जून से फील्ड वर्क करेंगें। सर्वे टीम सिस्टम रैंडम मैथड के जरिये मतदाताओं की निर्वाचन सहभागिता प्रवृत्तियों, जानकारी के स्तर आदि से संबंधित सूचनाएं एकत्रित करेंगे। जुलाई के अंत तक सर्वे टीम निर्वाचन विभाग को सर्वे से संबंधित सभी बिंदुओं पर विस्तृत रूप से विश्लेषणात्मक रिपोर्ट समर्पित करेगी।

कैप सर्वे में सिस्टम रैंडम मैथड के जरिये राज्य की 20 विधानसभा क्षेत्रों के 60 मतदान केंद्रों के 30-30 घरों में लगभग 1800 से अधिक परिवारों के बीच जाकर मतदाताओं के केएबीबीपी (ज्ञान, दृष्टिकोण, विश्वास, व्यवहार, अभ्यास) ज्ञान, दृष्टिकोण, विश्वास, व्यवहार व अभ्यास का अध्ययन कर सर्वे रिपोर्ट ससमय उपलब्ध कराएगी।

# मंत्री बादल पत्रलेख के पीएस राकेश दुबे का निधन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार में कांग्रेस के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख के सरकारी पीएस (निजी सचिव) राकेश दुबे का सोमवार को अचानक निधन हो गया। राकेश दुबे झारखंड राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी थे और पुंदाग ओपी क्षेत्र स्थित सेल सिटी में रहते थे। वे अगले साल आईएएस रैंक में प्रोन्नत होने वाले थे। जैसा कि बताया जा रहा है कि राकेश दुबे रविवार रात खाना खाने के बाद राकेश अपने कमरे में सोने चले गए। वे हर दिन मॉर्निंग वॉक पर जाते थे। सोमवार की सुबह जब राकेश नहीं उठे तो उनकी पत्नी ने पहले सोचा कि वह थक गये हैं इसलिए नहीं उठ पाए,

**राकेश दुबे झारखंड राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी थे और पुंदाग ओपी क्षेत्र स्थित सेल सिटी में रहते थे। वे अगले साल आईएएस रैंक में प्रोन्नत होने वाले थे।**

लेकिन 2-3 घंटे के बाद जब जाकर देखा तो उनका शरीर ठंडा पड़ चुका था। किसी प्रकार की कोई हलचल भी नहीं थी। आनन-फानन में परिजन दुबे को पारस अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।मौत के बाद सभी परिचितों ने दुख व्यक्त किया।

# नीट के अधजले प्रश्न पत्र पर मिला हजारीबाग के परीक्षा केंद्र का कोड

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) पेपर लीक मामले में हर दिन नया खुलासा हो रहा है। पटना के रामकृष्णा नगर स्थित एक निजी स्कूल से बरामद हुए नीट-यूजी के अधजले प्रश्न पत्र का सीरियल कोड झारखंड के हजारीबाग जिले के मंडई रोड स्थित ओएसिस स्कूल परीक्षा केंद्र का है। बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के सत्यापन में प्रथमदृष्ट्या इस परीक्षा केंद्र से प्रश्न पत्र की पैकिंग के संदिग्ध पॉलीबैग,



संबंधित अभ्यर्थी से बरामद मूल प्रश्न पत्र की पैकिंग और संबंधित पैकिंग ट्रंक में इन सभी के साथ छेड़छाड़ होना पाया गया है। ईओयू की जांच में खुलासा हुआ है कि प्रश्न पत्र की सॉल्वड पीडीएफ कॉपी संजीव कुमार उर्फ लूटन मुखिया के माध्यम से गिरफ्तार अभियुक्त बालदेव कुमार उर्फ चिंटू के मोबाइल पर परीक्षा तिथि पांच मई की सुबह पहुंची थी, जिसके बाद उसे अभ्यर्थियों को रटवाया गया। अधजले प्रश्न के सीरियल कोड से संबंधित जानकारी 20 जुलाई को एनटीए से मिलने के बाद स्पष्ट हुआ कि यह सीरियल कोड हजारीबाग के मंडई रोड के कल्लू चौक स्थित ओएसिस स्कूल का है। इसके बाद ईओयू की टीम ने हजारीबाग जाकर इसका सत्यापन किया। सत्यापन में पैकिंग ट्रंक में प्रथमदृष्ट्या छेड़छाड़ होना पाया गया है।

# राज्यपाल से मिला प्रदेश भाजपा का शिष्टमंडल, सौंपा ज्ञापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से सोमवार को राजभवन में झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी के नेतृत्व में प्रदेश भाजपा के एक शिष्टमंडल ने मुलाकात की।

इस दौरान शिष्टमंडल ने राज्यपाल से पाकुड़ जिलान्तर्गत गोपीनाथपुर गांव में गत 17 जून को बकरीद के दिन उपद्रव की घटना का उल्लेख करते हुए विभिन्न मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। शिष्टमंडल ने ज्ञापन के माध्यम से गोपीनाथपुर गांव में



तत्काल एक स्थायी पुलिस पिकेट की स्थापना करने और केंद्रीय पुलिस बल तैनात करने, गोपीनाथपुर की घटना की एक उच्चस्तरीय न्यायिक जांच करा कर दोषियों पर कार्रवाई करने, वहां के ग्रामीणों को हुई क्षति को देने की मांग की। साथ ही राज्य में इस प्रकार की घटना की पुर्नावृति न हो, इस दिशा में कार्रवाई करने के लिए पहल करने का आग्रह किया। शिष्टमंडल ने वहां के शिक्षा के लिए एक स्कूल की स्थापना करने और पूरे राज्य में प्रतिबंधित मांस की बिक्री करने वाले व्यक्तियों को चिह्नित कर कार्रवाई करने का आग्रह किया। शिष्टमंडल में विधानसभा सदस्य नवीन जयसवाल, भानु प्रताप शाही, रणधीर कुमार सिंह और अमित मण्डल मौजूद थे।

# पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड छात्र दल द्वारा आयोजित पांच दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में अतिथि के तौर पर मौजूद झारखंड पुलिस एसोसिएशन के महामंत्री महताब आलम एवं झारखंड संगठन के उपाध्यक्ष अरविंद कुमार उपस्थित रहे। डीसीएल टूर्नामेंट का 24 वां मुकाबला बॉटनी विभाग और बीसीए विभाग के बीच खेला गया। जिसमें बॉटनी की टीम विजयी रही। महताब आलम ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल को खेल भावना के साथ खेलना चाहिए और आयोजक कमिटी का धन्यवाद किया। इस सफल आयोजन के लिए। वहीं अरविंद यादव एवं महामंत्री मोहम्मद महताब आलम ने दोनों टीम के खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए । दोनों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। झारखंड छात्र दल के द्वारा आगंतुक अतिथि को पौधा देकर सम्मानित किया।

## रांची में शिव मंदिर का ताला तोड़कर चोरी



**रांची :** राजधानी के गोंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत शिव मंदिर का ताला तोड़कर बदमाश मंदिर में रखे सामान और दान के पैसे चोरी कर लिए। मंदिर के पुजारी ने इसकी सूचना गोंदा थाना पुलिस को दी है। जानकारी मिलने के बाद गोंदा थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर आसपास के लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है।

# बहुचर्चित हत्याकांड मामले में आजीवन कारावास के सजायाफ्ता पति-पत्नी को हाई कोर्ट से नहीं मिली राहत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बहुचर्चित हत्याकांड ओरमांझी में 2021 में एक युवती की सिर कटी लाश बरामद हुई थी, इस मामले में आरोपी शेख बेलाल और उसकी पत्नी अफसाना खातून की गिरफ्तारी हुई थी। इस पूरे मामले की सुनवाई हाईकोर्ट में चल रही थी, क्रिमिनल अपील की झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई के बाद कोर्ट ने इन दोनों पति पत्नी की ओर से दाखिल जमानत याचिका को खारिज कर दी है।




अपर न्यायायुक्त एमके वर्मा की अदालत ने हत्या के आरोपी शेख बेलाल और उसकी पत्नी अफसाना खातून को उम्र कैद की सजा सुनाई थी। साथ ही उन पर 95-95 हजार रुपए का जुर्माना लगाया था। घटना तीन जनवरी 2021 को पुलिस ने रांची के ओरमांझी में एक युवती की सिर कटा लाश बरामद किया था। जिसकी पहचान मांडर के लोइयो गांव की सूफिया परवीन के रूप में हुई थी।

इस घटना को लेकर राज्य स्तर पर विरोध प्रदर्शन हुआ था और तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के स्काट पर हमले भी हुए थे। बता दें कि सिर कटी शव वाली युवती की पहचान होने के बाद पुलिस ने 14 जनवरी 2021 को शेख बेलाल और उनकी पत्नी अफसाना को गिरफ्तार कर लिया था ।

# लुपू बार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज, ड्रामा लाउंज के प्रबंधक व संचालक को भेजा जेल

**एसएसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि चुटिया थाना अंतर्गत स्पोर्ट्स एक्स्ट्रीम बार में घटना घटी थी और एक व्यक्ति की जान चली गई थी**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बार संचालक को पर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है । इसी क्रम में लालपुर थाना क्षेत्र में 22 - 23 जून की देर रात्रि में लालपुर थाना क्षेत्र के लुपू नामक बार में तेज ध्वनि में लाउडस्पीकर बजाया जा रहा था जिसकी शिकायत पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और वहां लाउडस्पीकर एक्ट के तहत मामला दर्ज कर, बार को बंद कर दिया गया। वहीं दूसरी तरफ बिना लाइसेंस का ड्रामा क्लब लाउंज संचालित हो रहा था। इसकी सूचना पर लालपुर पुलिस ड्रामा लाउंज में छापामारी की । जहां से पुलिस ने पाया कि ड्रामा क्लब बिना लाइसेंस का ही संचालित हो रहा था और इसके मालिक गौरव और मैनेजर



अभिमन्यु को हिरासत में लेकर पूछताछ किया । उससे ड्रामा क्लब लाउंज का लाइसेंस की मांग की गई लेकिन वह समय पर लाइसेंस उपलब्ध नहीं कर पाया वहीं हुक्का, शाराब,शादाब की खाली बोतलें आदि बरामद किया गया है और पुलिस ने दोनों मालिक,संचालक को जेल भेज दिया । एसएसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि चुटिया थाना अंतर्गत स्पोर्ट्स एक्स्ट्रीम बार में घटना घटी थी और एक व्यक्ति की जान चली गई थी, इसके बाद से पुलिस रांची जिला के सभी थाना क्षेत्रों को सख्त निर्देश दिया गया कि उसके थाना क्षेत्र में कोई भी बार 11ः00 बजे रात के बाद खुल नहीं रहना चाहिए और बिना लाइसेंस के कोई भी बार संचालित नहीं होना चाहिए। इसी अभियान के तहत लालपुर थाना क्षेत्र के लुपू बार और ड्रामा बार में कार्रवाई करते हुए दो लोगों को जेल भेजा गया है।

# बड़ा तालाब से शव बरामद जांच में जुटी पुलिस

**प्रभाम मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित बड़ा तालाब से सोमवार को एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। आस पास लोगों ने सुबह बड़ा तालाब में शव को देखा जिसके बाद इसकी सुचना कोतवाली थाना को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा दिया। मौत के कारणों की पुष्टि नहीं हुई है। लेकिन पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान राजेश तिवारी, किशोरगंज रोड नंबर 3 निवासी के रूप में हुई है। वहीं मृतक के भाई ने कोतवाली थाना में मामला दर्ज कराया है। पुलिस पूरे घटनाक्रम की जानकारी तलाश रही है।



# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## पिपरवार मे कोल वाहनों की रफ्तार से दहशत मे ग्रामीण

# 24 घंटे मे दो मवेशी को कोल वाहन ने कुचला, ग्रामीणो ने किया सड़क जाम

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के ग्रामीण इलाको मे कोल वाहनो के कहर से लोगो मे दहशत का माहौल है।घनी आबादी वाले इलाकों से ट्रांसपोर्टिंग कार्य होने से आये दिन दुर्घटना होती रहती।पिछले 24 घंटे मे तेज रफ्तार कोल वाहन ने दो मवेशी को अपनी चपेट मे लिया,जिसमें एक मवेशी की मौत हो गई,जबकि एक मवेशी घायल है।जानकारी के अनुसार पिपरवार थाना क्षेत्र के बिलारी चौक के समीप सोमवार की सुबह तेज रफ्तार कोल वाहन ने एक मवेशी को कुचल डाला।इस घटना मे मवेशी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर सड़क को जाम कर दिया।सड़क जाम होने से सड़को पर कोल वाहनो की लम्बी कतार लग गई।

इस संबंध मे भुक्तभोगी लखन महतो ने बताया कि बिलारी चौक के समीप सुबह चार बजे तेज रफ्तार कोल वाहन ने उनकी मवेशी को कुचल डाला, जिसमें मवेशी की मौत हो गई।ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग से भारी वाहन काफी तेज रफ्तार से आवागमन करती है।कोल वाहनो के परिचालन के लिए कोई समय निर्धारित नहीं है। यहां 24 घंटे कोल वाहनों का परिचालन होते रहता है। जिसके कारण आये दिन दुर्घटना होती रहती है।ग्रामीणों ने कहा कि अन्य जिलों में कोल वाहन के परिचालन के लिए समय सीमा निर्धारित की गई है।घनी आबादी वाले क्षेत्र से दिन में नो एंट्री लगाई गई है। लेकिन यहां पर किसी तरह की कोई पाबंदी नहीं है। जिसके कारण कोल वाहनों का परिचालन काफी तेज गति से हो रहा है,जिससे स्थानीय ग्रामीणों को नुकसान पहुंच रहा है।एक दिन पुर्व कारो चौक में भी कोल वाहन की चपेट में आने से एक मवेशी घायल हो गया था। जबकि आज कोल वाहन ने एक मवेशी को कुचलकर मार डाला।यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो स्थानीय ग्रामीण भी तेज रफ्तार कोल वाहन की चपेट मे आ सकता है।ग्रामीणों ने कहा कि केरेडारी और टंडवा इलाके से हाईवा पिपरवार तक कोयला ढुलाई का कार्य करता है।कोयला ढुलाई का काम होने से जहां एक और लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं।वहीं दूसरी ओर यहां के ग्रामीण धूल गर्द से भी परेशान रहते हैं।इसके अलावा स्कूल आने जाने वाले बच्चों में भी डर बना हुआ रहता है। ग्रामीणों ने एक स्वर में घनी आबादी वाले क्षेत्र से कोयला ढुलाई का काम बंद कराने की मांग की है।ग्रामीणों ने कहा कि पूर्व में कोयला ढुलाई बंद करने के लिए सूचना दी गई है,लेकिन कोई पहल नहीं की गई है। यदि जल्द इस पर पहल नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन किया जाएगा।इधर घटना की सूचना पाकर पिपरवार पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली।

## एनएसयूआइ का प्रतिनिधिमंडल कुलपति डा.अजीत कुमार सिन्हा से मिला



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को जिला एनएसयूआइ का प्रतिनिधिमंडल रांची विश्विद्यालय के कुलपति डा.अजीत कुमार सिन्हा से मिला और ज्ञापन सौंपा । जिलाध्यक्ष अमन अहमद ने कहा की झारखंड के रांची विश्विद्यालय में नई शिक्षा नीति 2 वर्ष पूर्व लागू की गई है परंतु अभी भी बहोत से महाविद्यालय की लाइब्रेरी में नई शिक्षा नीति के अनुरूप छात्र छात्राएं के लिए पुस्तकों की पूर्ण ववेस्था नही किया गया है । 2016 के बाद अभी तक छात्र छात्राओं के लिए किसी भी महाविद्यालय के प्राचार्य ने किताब नही खरीदी है । जल्द से जल्द सभी महाविद्यालय के लाइब्रेरी में नई शिक्षा नीति के अंतर्गत पुस्तकों की ववेस्था किया जाए ताकि गरीब एवम मध्यमवर्गीय छात्र अपने महाविद्यालय से पुस्तकों को ले कर पढ़ सके और अपना भविष्य बना सके । कुलपति ने आश्वस्त किया की आपलोगो की मांग जायज़ है हमलोग इसका निदान जल्द करेंगे और इसपर कार्य चल रहा है । मौके पर जिला उपाध्यक्ष पवन कुमार, जिला सचिव अंकिता शेखर, शम्स बिलाल, सरफराज अहमद, आतिश मुंजनी, आमिर मुमताज आदि लोग उपस्थित थे ।

## अम्बाटोली में जल मीनार में लगे मोटर पाइप तार की हुई चोरी

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):**मांडर प्रखंड के तिगोई अम्बाटोली लगे मीनार में लगे मोटर पाइप तार की हुई चोरी यह जल मीनार अभी कंप्लीट भी नहीं हुआ था और इसका सामान चोरी कर लिया गया है कार्य करा रही एजेंसी के इरशाद अंसारी ने बताया कि अभी पूरी तरह से काम कंप्लीट भी नहीं हुआ है और सामानों को चोरी कर लिया गया है सामानों की चोरी हो जाने से हम लोगों को बहुत बड़ा नुकसान हुआ है इरशाद अंसारी ने इसकी लिखित शिकायत नरकोपी थाने को दिया है।

## करकट में महाकवि घासीराम कला संस्कृति संस्थान का उद्घाटन किया गया



**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चान्हो प्रखंड के करकट में सोमवार को महाकवि घासीराम कला संस्कृति केंद्र का उद्घाटन फीता काट बतौर मुख्य अतिथि महाकवि घासीराम महली स्मारक समिति के मुख्य संरक्षक पूर्व आईएएस अधिकारी डॉ. परमेश्वर भगत के द्वारा फीता काट कर किया गया।डॉ. परमेश्वर भगत ने कहा कि संस्थान के विकास के लिए बहुत जल्द कला संस्कृति विभाग झारखंड सरकार से मिल कर इस संस्था का विकास एवं प्रचार-प्रसार के लिए विभाग से मिलकर अनुरोध किया जाएगा। झारखंड के वैसे कलाकार जो गायन, वादन और नृत्य में रुचि रखते हैं और प्रशिक्षण कराया जाएगा।

## पिपरवार में सुरक्षा कर्मियों ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के बचरा इलाके में तैनात सुरक्षा कर्मियों ने विशेष अभियान के तहत अवैध अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया।इस अभियान के तहत बचरा इलाके में सरकारी संपत्तियों एवं सार्वजनिक स्थलों पर किये गये अतिक्रमण को हटाया गया।मिली जानकारी के अनुसार सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन को लगातार सूचना मिल रही थी कि बचरा के कई जगहों पर सरकारी संपत्ति एवं सार्वजनिक स्थलों पर अवैध अतिक्रमण किया जा रहा है। जिसके बाद प्रबंधन के आदेश पर सुरक्षा कर्मियों ने विशेष अभियान चलाकर अवैध अतिक्रमण को हटाया। अभियान में शामिल सुरक्षा कर्मियों ने बचरा चार नंबर चौक स्थित एक दुकान के पीछे सीसीएल के बिजली पोल में किये जा रहे अतिक्रमण को हटाया।वही बचरा स्टेशन रोड में कई जगह पर किये जा रहे अवैध निर्माण पर रोक लगाया।इस दौरान सुरक्षा कर्मियों ने सरकारी संपत्ति एवं सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण नहीं करने की हिदायत दी।पिपरवार के मुख्य सुरक्षा पदाधिकारी अरुण कुमार महतो ने बताया कि प्रबंधन को सूचना मिल रही थी कि सरकारी संपत्ति पर अवैध अतिक्रमण किया जा रहा है,जिसके बाद अतिक्रमण को हटाया गया। यदि इसके बावजूद लोग नहीं मानते हैं तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इधर प्रबंधन के आदेश के बाद पिछले तीन दिनों से बचरा में तैनात सुरक्षा कर्मियों के द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

## तरंगा में ग्रामीणों ने श्रमदान कर दो किलोमीटर तक बनाई सड़क



**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चान्हो प्रखंड के तरंगा पंचायत के नवारटोली के पास करीब दो किलोमीटर सड़क इतनी जर्जर है कि लोगों का चलना भी मुश्किल हो गया है। सड़क मरम्मत के लिए ग्रामीणों ने जिला प्रशासन सहित जनप्रतिनिधियों से लगातार गुहार लगाई लेकिन किसी ने नहीं सुनी। अंततः ग्रामीणों ने सोमवार को समाजसेवी रामब्रित महतो नेतृत्व में सड़क को मरम्मत करने का बीड़ा उठाया और ग्रामीमों ने श्रमदान कर सड़क पर चलने लायक बनाया।

## राय के गणेश कुमार महतो को बनाया गया झारखंड खो-खो खेल स्टेट का रेफरी



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)::** रांची के पुराना विधानसभा परिसर मे झारखंड राज्य खो-खो संघ के द्वारा पांचवी झारखंड स्टेट लेवल खो-खो रेफरी एंव कोच को लेकर प्रशिक्षण व सेमिनार का आयोजन किया गया था।इस खो-खो प्रशिक्षण सेमिनार में गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के संस्थापक सह सचिव गणेश कुमार महतो भी शामिल हुए। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद गणेश ने 5वीं झारखंड स्टेट खो-खो रेफरी की परीक्षा में शामिल हुए।परीक्षा मे पास होने के बाद गणेश कुमार महतो को झारखंड स्टेट खो-खो रेफरी बोर्ड के अध्यक्ष अनिल प्रसाद एवं झारखंड स्टेट खो-खो संघ के महासचिव संतोष प्रसाद के द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस प्रशिक्षण सेमिनार में झारखंड राज्य से कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खो-खो खिलाड़ी शामिल हुए।इस संबंध मे गणेश कुमार महतो ने बताया है कि इससे पहले एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा एएफआई प्री लेवल एक कोच की परीक्षा हुई थी।जिसमें उन्होंने इस परीक्षा को पास करके एथलेटिक्स कोच बने।अब खिलाड़ियों को गणेश कुमार महतो के द्वारा एथलेटिक्स के साथ-साथ खो-खो खेल का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा।ज्ञात हो कि गणेश कुमार महतो की देख-रेख मे 40 से अधिक एथलेटिक्स खिलाड़ी राष्ट्रीय एथलेटिक्स खेल में शामिल हुए है।जिसमे कई खिलाड़ियों ने मेडल जीतकर अपने जिला एवं राज्य का नाम रौशन कर चुके है।वही 30 से अधिक खिलाड़ियों का चयन झारखंड सरकार व सीसीएल द्वारा संचालित जेएसएसपीएस खेल अकादमी द्वारा संचालित आवासीय प्रशिक्षण केंद्र एवं भारतीय खेल प्राधिकरण साई सेंटर मे किया जा चुका है। इधर गणेश कुमार महतो के स्टेट रेफरी बनने पर खलारी पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कई लोगों ने बधाई दी है।

## राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के सीसीएल स्तरीय कमेटी में पिपरवार के चार लोगों को मिली जगह

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के सीसीएल स्तरीय संगठन विस्तार में पिपरवार क्षेत्र के चार लोगों को बड़ी जिम्मेवारी सौंप गई है।जानकारी के अनुसार झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह बचरा उत्तरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह को यूनियन का केंद्रीय सचिव मनोनीत किया गया है।इसके अलावा यूनियन के पिपरवार क्षेत्रीय सचिव विद्यापति सिंह और वरिष्ठ कांग्रेस नेता अभय कुमार सिंह को संगठन सचिव बनाया गया है।वही यूनियन के पिपरवार क्षेत्रीय अध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना को केंद्रीय कमेटी सदस्य बनाया गया है।

यूनियन के सीसीएल स्तरीय गठित कमेटी में पिपरवार क्षेत्र से चार पदाधिकारी को सीसीएल स्तरीय कमेटी में शामिल करने पर क्षेत्रीय कमेटी के द्वारा बधाई दी गई है।बधाई देने वालों में अब्दुल अंसारी, नकुल प्रसाद,सुमन मिश्रा, संतोष दास,आनंद मुंडा, सलीम जावेद,जुबेर अंसारी, नरेश सेठ,मोहम्मद आलम, मिथिलेश शर्मा सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

### बचरा क्षेत्रीय अस्पताल में नि:शुल्क श्रवण क्षति सह जांच शिविर आज

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):**सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा क्षेत्रीय अस्पताल में मंगलवार 25 जून को निःशुल्क श्रवण क्षति (बहरापन) जांच एवं स्वस्थ शिविर का आयोजन किया जाएगा।इसकी जानकारी देते हुए बचरा क्षेत्रीय अस्पताल के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. एफआर शाह ने बताया कि शिविर में सीसीएल के केंद्रीय अस्पताल गांधीनगर के विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा लोगों का निःशुल्क उपचार किया जाएगा।केंद्रीय अस्पताल गांधीनगर के आंख,कान और नाक रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सत्य प्रकाश शिविर में शामिल होगें।यह शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक चलेगा।उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों से शिविर में शामिल होकर इसका लाभ उठाने की अपील की है।

## झारखंड रैयत विस्थापित मोर्चा की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** आज झारखण्ड रैयत विस्थापित मोर्चा टाटीसिलवे कि बैठक चतरा मैदान में कि गई बैठक कि अध्यक्षता सोहन मुण्डा पूर्व मुखिया चतरा ने कि। सोहन मुण्डा ने कहा कि भुमिअधिग्रहण कानून 2013 कि धारा 101 में प्रावधान है कि यदि कोई भूमि सरकार या अन्य संस्था द्वारा किसी प्रोजेक्ट के लिए अधिग्रहित होती हैं और उस पर पाँच वर्षो तक कार्य नहीं होता हैं। तो अधिग्रहित जमीन को मुल रैयत या उनके वंशज को पुनः वापस करने का प्रावधान हैं । ई ई एफ फैक्ट्री विगत 35 वर्षो से बन्द हैं। यहाँ ग्रामीण बेरोजगार हो गए हैं । सरकार फैक्ट्री को शुरू नहीं कर पा रहीं हैं ।तो इनके द्वारा अधिग्रहित सैंकड़ो एकड़ भूमि को मुल रैयत को वापस कर देना चाहिए ।ताकि किसान उक्त जमीन पर खेती किसानी करके अपनी जीविका चला सके । आन्दोलन को और तेज करने कि रूपरेखा तैयार कि गई । बैठक में मुख्य रूप से डोली मुण्डा मुखिया चतरा ,वार्ड सदस्य संजय महली सुमन महतो पार्वती देवी रोहित महतो बिनोद मुण्डा,बासुदेव महतो ,गौरीशंकर महतो ,रूपेश महतो ,संजय महली,धर्मनाथ महतो सिकंदर लोहरा, बन्धन लोहरा ,राकेश महतो बसंत हिन्दवार मंजु देवी मीना देवी लालमनी देवी सबीता देवी रेणुका देवी एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित हुए। अगला बैठक कि तिथि 30/06/2024 दिन रविवार सुबह 06:00 बजे निर्धारित किया गया हैं ।

## नशा मुक्त भारत अभियान के तहत चौपाल का किया गया आयोजन



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिलादोन पंचायत में सीनी संस्था के सहयोग से नशा मुक्त भारत अभियान के तहत् चौपाल का आयोजन किया गया । इस अभियान का में विशेष रूप से नशा मुक्ति से संबंधित मुख्य विषयों पर जानकारी दी गई, इनमें - 1)ड्रग्स की जानकारी ।2) नशीले पदार्थो के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी गई । 3) ड्रग्स एवं नशीले पदार्थो के दुष्परिणामों को लेकर प्रभावशाली माध्यम से जागरूकता। 4) प्रभावित होने वाले उम्र के लोग। 5)पुनर्वास हेतु भारत सरकार द्वारा चलायें जा रहे अभियान एवं प्रयास के संबंध में जानकारी दी गई। 6) अभियान के उद्देश्यों को साझा किया गया। 7)राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस की जानकारी दी गई। इस दौरान ग्रामीणों ने नशा से दूर रहने हेतु हस्ताक्षर अभियान में भाग लिया तथा शपथ ग्रहण किया गया। राज्य सरकार मादक पदार्थों के रोकथाम को लेकर पूर्णतः संकल्पित है। यह तभी संभव हो सकता है, जब आम जन भी इसे आत्मसात करें। आमजनों के बीच जागरूकता को लेकर राज्य सरकार ने 19 जून से 26 जून 2024 तक जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके साथ ही सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय द्वारा संचालित जागरूकता वाहन के माध्यम से सभी प्रखंडों का भ्रमण कर आमजनों को मादक पदार्थों को छोड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।


**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**(भूमि संरक्षण निदेशालय, झारखण्ड, राँची)**
कार्यालय–भूमि संरक्षण पदाधिकारी, कोडरमा।, जिला संयुक्त कृषि भवन कोडरमा।
E-mail-id chatrasco@gmail.com

**वित्तीय वर्ष 2024–25 में जलनिधि योजनान्तर्गत डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक निर्माण हेतु कृषको के लिए आम सूचना।**

झारखण्ड राज्य योजनान्तर्गत कृषि को बढ़ावा देने, के लिए मानसुन पर कृषकों को निर्भरता कम करने हेतु विभिन्न श्रोतों से सिंचाई की समुचित व्यवस्था हेतु जलनिधि योजनान्तर्गत **डीप बोरिंग** एवं **परकोलेशन टैंक निर्माण की योजना** जिससे कृषि योग्य भूमि को सिंचित और बहुफसलीय कृषि को बढ़ावा दिया जा सके।

**कृषक / संस्था का चयन**
(1) अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / लघु / सीमांत कृषक / महिला कृषकों / ईच्छुक कृषकों का चयन प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा।
(2) जिन कृषकों को पूर्व में डीप बोरिंग, सिचांई पम्प एवं परकोलेशन टैंक निर्माण का लाभ प्राप्त हो चुका है, उनकी पात्रता जलनिधि योजना के लिए मान्य नही होगी।
(3) योजना के कार्यान्वयन में त्रिस्तरीय पंचायती राज्य व्यवस्था की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी एवं योजना बनाओं अभियान / विशेष ग्राम–सभा के तहत चयनित योजनाओं तथा माननीय स्थानीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता दिया जायेगा।

**आवेदन पत्र की प्राप्ति**
(I) **भूमि संरक्षण पदाधिकारी, कोडरमा** के लिए निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध सुपात्र कृषकों से विहित प्रपत्र–I में आवेदन प्राप्त किया जायेगा।
(II) कार्यालय–भूमि संरक्षण पदाधिकारी,, कोडरमा **(जिला संयुक्त कृषि भवन कोडरमा)** से कार्यालय अवधि में निःशूल्क आवेदन–पत्र प्राप्त किया जा सकता है।
(III) आवेदन–पत्र का प्रारूप विभागीय वेबसाईट www.jharkhand.gov.in/agri. एवं www.Sameti.org पर भी उपलब्ध है।

**आवेदन–पत्र निम्न कागजातों के साथ विज्ञापन प्रसारण के बाद से ही दिनांक 05.07.2024 तक कार्यालय अवधि में भूमि संरक्षण कार्यालय, कोडरमा (जिला संयुक्त कृषि भवन कोडरमा) में जमा लिया जायेगा।**
1. संबंधित योजना ग्राम–सभा / विशेष ग्राम से पारित होनी चाहिए एवं पारित ग्राम–सभा की छाया प्रति मुखिया द्वारा अभिप्रमाणित होना चाहिए।
2. पानी पंचायत समिति का गठन कर, रजिस्टर की छाया प्रति (क्षेत्रीय कर्मचारी / पदाधिकारी की उपस्थिति मे ) पानी पंचायत के गठन की रंगीन फोटोग्राफ देय होगा।
3. पानी पंचायत का राष्ट्रीयकृत बैंक में बचत खाता खोलकर कृषक–अंशदान की राशि के साथ बचत खाता की छाया प्रति (चयनित अध्यक्ष एवं सचिव का संयुक्त पासबुक की छाया प्रति)।
4. लाभान्वित कृषकों की सूची विहित प्रपत्र में (मूल प्रति) न्यूनतम 12 कृषक।
5. गाँव के नक्श पर संबंधित योजना को चिन्हित कर नक्शा की छाया प्रति।
6. भूमि का खेसरा संख्या अद्यतन रजस्व रशीद पहचान पत्र के साथ संलग्न करें यदि जमीन पूर्वज के नाम से है तो कुर्सी नामा के साथ अपने जमीन का रकबा दिखाते हुए शपथ पत्र संलग्न करेंगे।
7. जिस स्थल पर डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक का कार्यान्वयन होगा उस रैयती भूमि का खाता सं0, प्लॉट सं0, रकबा, का भूमि प्रतिवेदन अंचलाधिकारी द्वारा मान्य होगा।

**(1) डीप बोरिंग की योजना:–**

| कार्य योजना | पात्रता | अनुदान की राशि | | |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| | | अनुमानित योजना लागत प्रति इकाई | अधिकतम अनुदान की राशि | कृशक समूह का अंशदान की राशि |
| योजना अंतर्गत 6 ईंच Diameter Deep Boring, Submersible Pump 1.5 HP, आवश्यक Accessories एवं संस्थापन (Installation) के साथ **लक्ष्य OSP-31** | योजना लघु एवं सीमांत कषक समूहों के लिए लागु होगा। विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विधिवत पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्यूनतम 05 एकड़ भूमि होना अनिर्वाय होगा। | 3.50 लाख | 90 प्रतिशत (3.15 लाख) | 10 प्रतिशत (0.35 लाख) |

(2) परकोलेशन टैंक की योजना।

| कार्य योजना | पात्रता | अनुदान की राशि | | |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| | | अनुमानित योजना लागत प्रति इकाई | अधिकतम अनुदान की राशि | कृषक समूह का अंशदान की राशि |
| Length of percolation tank 120ft. width of percolation tank 100ft. Depth of percolation tank 12ft. Length of Bound-370ft side slope-1:1 **लक्ष्य OSP-84** | योजना लघु एवं सीमांत कषक समूहों के लिए लागु होगा। विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विधिवत पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्यूनतम 10 एकड़ भूमि होना अनिर्वाय होगा। | 4.30 लाख | 90 प्रतिशत (3.87 लाख) | 10 प्रतिशत (0.43 लाख) |

PR 327471 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(24-25)#D

ह0
भूमि संरक्षण पदाधिकारी, कोडरमा



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## उत्पाद विभाग ने कई अवैध शराब अड्डों पर की छापेमारी



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के उत्पाद अधीक्षक विमला लकड़ा के निर्देश पर उत्पाद विभाग के पदाधिकारियों द्वारा छापामारी अवैध शराब कारोबार के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान कई थाना क्षेत्र में एक साथ अवैध शराब अड्डों पर छापेमारी कर वहां से भारी मात्रा में अवैध सामग्री बरामद किया गया है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि इस दौरान आदित्यपुर थाना क्षेत्र के उत्तमडीह, सापड़ा, कांड्रा थानांतर्गत विश्रामपुर समेत चांडिल थाना क्षेत्र में अवैध शराब अड्डों पर छापेमारी की गई। उन्होंने बताया कि आगे की कार्रवाई हेतु उत्पाद विभाग द्वारा अभियोजन दर्ज कर की जा रही है। इधर, उत्पाद विभाग की इस कार्रवाई के बाद अवैध कारोबारी व माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। इस अभियान में उत्पाद निरीक्षक नीरज कुमार, अखिलेश कुमार समेत कई पदाधिकारी व आरक्षी शामिल थे। बताया गया है कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## पटमदा डिग्री कॉलेज में पहली मेरिट लिस्ट जारी



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा डिग्री कॉलेज जाल्ला में सोमवार को कॉलेज के शासी निकाय सचिव चंद्रशेखर टुडू और प्राचार्य डॉ. सुमंत कुमार सेन द्वारा स्नातक कला और विज्ञान संकाय के विभिन्न विषयों में नामांकन के लिए कुल 370 विद्यार्थियों की पहली मेरिट लिस्ट जारी की गई। इस सूची में हिन्दी के 67, अंग्रेजी के 28, बांग्ला के 21, संथाली 34, कुड़माली के 7, अर्थशास्त्र के 8, भूगोल के 53, इतिहास के 70, राजनीति विज्ञान के 34, समाजशास्त्र के 10, मनोविज्ञान के 7, विज्ञान संकाय में रसायन विज्ञान के 3, गणित के 5, वनस्पति विज्ञान के 2 ओर जंतु विज्ञान के 21 विद्यार्थियों के नाम हैं। चयनित सभी विद्यार्थियों को कॉलेज के सचिव चंद्रशेखर टुडू और कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुमंत कुमार सेन ने शुभकामनाएं और बधाई दी है। इस अवसर पर उप प्राचार्य प्रो. कृष्ण पद महतो, विश्वनाथ महतो, चन्द्रशेखर महतो, डॉ. शालिग्राम मिश्रा व माधूरी उपस्थित थे।

## सरायकेला का रेलवे टिकट बुकिंग काउंटर सर्वर 9 दिनों से बंद, रेल मंत्रायल से की शिकायत



**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला जिला मुख्यालय स्थित रेलवे टिकट बुकिंग काउंटर में क्षेत्र के लोगों को निरंतर विविध परेशानी हो रही है। इनकी शिकायत मिलने पर सरायकेला भाजपा नगर महामंत्री सुमित चौधरी ने काउंटर जाकर जानकारी ली। पता चला सरायकेला जिला मुख्यालय स्थित एकमात्र रेलवे टिकट बुकिंग काउंटर में विगत 9 दिनो से सरवर की समस्या के कारण टिकट बुकिंग बंद है। इसकी शिकायत करते हुए सुमित चौधरी ने रेलवे मंत्रालय के साथ-साथ डीआरएम चक्रधरपुर और बीएसएनएल को भी पत्राचार और सोशल मीडिया के माध्यम से शिकायत किया है। जिस पर रेलवे के द्वारा संज्ञान भी ले लिया गया है और इसे आतिश शीघ्र ठीक करने की जानकारी दी गई है।

## दिव्यांग बच्चों के लिए जांच एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर कल

**तिरुलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समावेशी शिक्षा के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 3 वर्ष से 18 वर्ष आयु तक के दिव्यांग बच्चो के बीच लोकोमोटर, हियरिंग इंपेयरमेंट, टोटली ब्लाइंड, एमआर तथा टीसी आदि सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु प्रखंड स्तरीय जांच शिविर एवं उपकरण वितरण शिविर का आयोजन 26 जून को उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुकुरु में, समय पूर्वाहन 11ः00 बजे से किया जाएगा। वहीं पूर्व के शिविर में जांच हुए 36 बच्चों को सहायक उपकरण प्रदान किया जाएगा एवं नए बच्चों का विशेषज्ञों द्वारा जांच किया जाएगा। उक्त जानकारी रिसोर्स शिक्षक दिगम्बर महतो ने जानकारी ने दी। शिविर का लाभ लेने के लिए दिव्यांगता प्रदर्शित दो पासपोर्ट साइज फोटो, दिव्यांगता प्रमाण पत्र ( नहीं रहने की स्थिति में निर्धारित प्रारूप में प्रधानाध्यापक का हस्ताक्षर मुहर),आधार कार्ड की छाया प्रति ( बच्चे अथवा अभिभावक का),आय प्रमाण पत्र (नहीं रहने पर निर्धारित प्रारूप में मुखिया या ग्राम प्रधान द्वारा सत्यापित कॉपी) इन दस्तावेजों के साथ शिविर में उपस्थित होना होगा।

# ईचागढ़ विस क्षेत्र में कैनाल पुल व सड़क निर्माण को लेकर मंत्री से मिली विधायक सविता महतो

- घोड़ालिंग मौजा के ग्रामीणों के अभ्यावेदन पर कारवाई का किया मांग
- जल संसाधन विभाग के सचिव प्रशांत कुमार से भी मिले विधायक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** ईचागढ़ विधायक सविता महतो सोमवार को जल संसाधन, पथ निर्माण व भवन निर्माण विभाग के मंत्री बसंत सोरेन से रांची स्थित उनके आवास पर मुलाकत कर ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में कैनाल पुल व सड़क निर्माण को लेकर विभागीय मंत्री को मांग पत्र सौपा। मांग पत्र में विधायक ने चांडिल प्रखंड के हुमिद करमगोड़ा गांव के समीप जर्जर कैनाल पुल का निर्माण, चैनपुर गांव के समीप जर्जर कैनाल पुल निर्माण मांग किया। साथ ही उन्होंने आदरडीह मिलन चौक रोड एन एच 32 आदरडीह से लेकर मिलनचौक तक 32 किमी सड़क का निर्माण आईआरक्यूपी के तहत कराने, एन एच 33 चौका से पातकुम पुल ईचागढ़ तक 9 किमी सड़क का निर्माण आईआरक्यूपी के तहत कराने व चांडिल से मानिककुई होते हुए गिदीबेड़ा टोल ब्रिज तक लगभग 7 किमी सड़क निर्माण का मांग किया। साथ ही विधायक सविता महतो ने घोड़ालिंग मौजा के ग्रामीणों के अभ्यावेदन पर कारवाई का भी मांग किया। इस दौरान विभागीय मंत्री बसंत सोरेन ने विधायक को आश्वासन दिया कि जल्द ही जर्जर पुल व सड़को का निर्माण जल्द किया जाएगा। किया इस अवसर पर विधायक के साथ झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, समीर महतो, अमीन कुमार महतो, कमल महतो, बृहस्पति टुडू, दीपक महतो आदि उपस्थित थे।

## सिद्धो कान्हू क्लब का रजिस्ट्रेशन कराएं सरकार देगी 25 हजार की राशि : बीडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड सभागार में सोमवार को बीडीओ नाजिया अफरोज ने बोड़ाम प्रखंड के सभी गांव से आए सिद्धो कान्हू खेल क्लब के अध्यक्ष-सचिवों के साथ बैठक की। बीडीओ ने सिद्धो कान्हू खेल क्लब का रजिस्ट्रेशन कैसे करना है और रजिस्ट्रेशन के लिए किन - किन कागजातों की जरूरत है इसकी विस्तृत जानकारियां दी। उन्होंने कहा कि अगर किसी को क्लब के रजिस्ट्रेशन करने में कोई दिक्कत होती है तो प्रखंड कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सभी गांव के सिद्धो कान्हू खेल क्लब को खेल की सामग्री खरीदने के लिए जल्द 25 हजार रुपए देगी। इसलिए सभी क्लबों के अध्यक्ष जल्द से जल्द रजिस्ट्रेशन करवा लें। बैठक में प्रखंड पंचायती राज समन्वयक नीलम कुमारी, क्लब के प्रखंड अध्यक्ष रजनीकांत सिंह, सचिव परिमल मुर्मू, देवब्रत महतो, शंकर कच्छप, धरणी सिंह, मृत्युंजय महतो, सुमन पोद्दार, तारापद महतो, सोमनाथ महतो व मानिक गोप आदि उपस्थित थे।

## राजदोहा उत्क्रमित उच्च विद्यालय में चोरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जादूगोड़ा :** राजदोहा उत्क्रमित उच्च विद्यालय का ताला व ग्रील का रड तोड़कर चोरो ने बीती रात एक जोड़ा जूता व एक फुटबॉल की चोरी की घटना को अंजाम दिया। इधर विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका मुकुल कुमारी ने इस बाबत जादूगोड़ा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई ।जानकारी के अनुसार चोरी की यह दूसरी घटना है।मुखिया अनिता मुर्मु व स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दिलीप टुडू ने पुलिस प्रशासन से इस मामले को गंभीरता से लेने व क्षेत्र में पुलिस पेट्रोलिग बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने आगे कहा कि इसके पूर्व चोरों ने 6 साल पूर्व स्कूल का समर सिबल पंप का मोटर की चोरी कर ली थी। जिसका आज तक पता नहीं चला।

## एसएस प्लस टू हाई स्कूल के बच्चों ने निकाली नशा मुक्ति जागरुकता रैली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** मादक द्रव्यों का सेवन समाज के लिए अभिशाप है, इसके प्रति जागरूकता हेतु स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निर्देश के आलोक में सोमवार को पटमदा के एस एस +2 उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने साइकिल रैली निकाली। इस संबंध में प्राचार्य डॉ. मिथिलेश कुमार ने बताया कि बीते 15 जून से निर्धारित प्रत्येक दिवस में विभिन्न जागरुकता कार्यक्रम यथा पोस्टर, नारे, निबंध, रैली का आयोजन किया जा रहा है। जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देशानुसार सोमवार को विद्यार्थियों द्वारा शिक्षक महेश कुमार द्विवेदी एवं डॉक्टर प्रमाणिक के नेतृत्व में साइकिल रैली निकालकर पटमदा बाजार एवं आसपास के गांवों में नारे लगाते हुए नशा मुक्ति हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने विद्यार्थियों के माध्यम से समाज के सभी लोगों से आह्वान किया कि नशा हमारे समाज के लिए अभिशाप है। आईए हम सभी मिलकर नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लें। अभियान को सफल बनाने में शिक्षक कौशलेंद्र कुमार सिंह, तुलसी महतो, राशीद नेसार, श्रीमंत प्रमाणिक, मिताली बासु, स्नेहाशीष चटर्जी, अल्पा रोशनी बाखला एवं डोली डे का सराहनीय योगदान रहा । दूसरी ओर पटमदा के साउथ प्वाइंट स्कूल के विद्यार्थियों ने भी स्कूल से जागरूकता रैली निकाली एवं बेलटांड़ चौक पहुंचकर लोगों को नशापान से दूर रहने की अपील की। इस दौरान बच्चों के बीच नशापान से संबंधित क्विज, कविता व नाटक की प्रस्तुति दी गई। मौके पर प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार सिंह, सुभाष माझी, कांचन दास, सुनिता मिश्रा, प्रियंका सिंह व संतोष तिवारी आदि मौजूद थे।

## विवेक विद्यालय के आस्था और जयदीप ने जीते पुरस्कार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** छोटा गोविंदपुर स्थित विवेक विद्यालय के विद्यार्थियों ने स्पोर्टन एकाडमी, चेन्नई द्वारा आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय चित्रांकन प्रतियोगिता में कक्षा 8 की आस्था कुमारी ने दूसरा स्थान तथा कक्षा 4 के जयदीप पाल को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र मिला। प्राचार्य अवधेश सिंह ने दोनों ही विजेताओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। उन्होंने विजेताओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की तथा भविष्य में इसी प्रकार परिश्रम करते रहने की सलाह दी तथा छात्रों एवं उनके अभिभावकों को इस प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करने हेतु बधाई दी।

## आजादी के 77 साल बाद विधायक दशरथ गागराई ने सोनरोकुटी गांव सड़क निर्माण का लिया संज्ञान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** देश आजाद होने के 77 साल बाद भी खुंटपानी प्रखंड क्षेत्र के पुरनिया पंचायत अंतर्गत सोनरोकुटी गांव के बांकिरासाई में अभी तक सड़क नहीं बनने की शिकायत ग्रामीणों एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा स्थानीय विधायक दशरथ गागराई को किया। वहीं खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने उक्त गांव की ग्रामीणों का सुविधा को देखते हुए सड़क की समस्या को संज्ञान में लेकर ग्रामीणों के साथ बैठक कर अपने विधायक निधि से 2000 फीट मिट्टी मुरुम सड़क बनवाने का घोषणा किया। मौके पर विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि खरसावां विधानसभा क्षेत्र की समुचित विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता है। मौके पर विधायक दशरथ गागराई का ग्रामीणों ने आभार प्रकट किया। इस दौरान मुख्य रूप से विधायक दशरथ गागराई विधायक प्रतिनिधि दुर्गा चरण पाडिया प्रखंड सचिव बाबलू गोडसोरा ज्योति बोदरा जयसिंह बोदरा जोहन बांकिरा कृष्णा बांकिरा आदि उपस्थित थे।

## सीनियर सिटीजन वाटर पोलो टूर्नामेंट में जेआरडी बना चैंपियन, उपविजेता रहा टीडबल्यूयू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट ने जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में वरिष्ठ नागरिकों के लिए वाटर पोलो टूर्नामेंट का आयोजन किया। 55 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में कुल 9 टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें 80 उत्साही प्रतिभागी शामिल हुए। जेआरडी (ए) टीम चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। टाटा वर्कर्स यूनियन की टीम ने उपविजेता का स्थान प्राप्त किया, जबकि झारखंड वेटरन स्पोर्ट्स कमेटी (बी) की टीम ने दूसरे उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में टाटा वर्कर्स यूनियन के वाइस प्रेसिडेंट संजय सिंह उपस्थित थे।

## एनटीएचए ने ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता फ्लोरिस के साथ मनाया ओलंपिक दिवस




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** नेवल टाटा हॉकी अकादमी (एनटीएचए) ने ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता फ्लोरिस जान बोवेलैंडर की उपस्थिति में 23 जून को ओलंपिक दिवस मनाया। इस अवसर पर टीम फ्लोरिस बनाम टीम एनटीएचए कोच के बीच एक रोमांचक हॉकी मुकाबला भी हुआ, जिसमें टीम फ्लोरिस ने टीम एनटीएचए कोच को अंतिम शूट-आउट में हराया।एनटीएचए लड़कों की टीम के 50 खिलाड़ियों ने भी फ्लोरिस के साथ एक सत्र में भाग लिया, जहां उन्होंने अपने ओलंपिक स्वर्ण पदक की यात्रा, अनुशासन, कौशल और एनटीएचए के शुरुआती वर्षों की यादों को साझा किया। मौके पर एनटीएचए के परियोजना निदेशक गुरमीत सिंह राव भी मौजूद थे।

## कांड्रा पुलिस ने रैली निकाल लोगों को किया नशा के प्रति जागरूक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर कांड्रा थाना प्रभारी अंजनी कुमार के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। कांड्रा थाना परिसर से निकाली गई यह रैली क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहों व मुहल्लों का भ्रमण किया। इस दौरान लोगों से सभी तरह के नशीले पदार्थों के सेवन से परहेज करने की अपील की गई। इस रैली में थाना प्रभारी समेत कांड्रा थाना के सब इंस्पेक्टर विनोद कुमार, रामसेवा पासवान, संतोष कुमार मौर्य, रामदयाल उरांव, रामदयाल लोहरा, शिवजी सिंह, एएसआई अशोक मिंज, जगन्नाथ शर्मा, गुरुवा मुंडा, गिरजा राम, नरेंद्र कुमार, मनोज कुमार राय, प्रकाश पासवान, राजेंद्र प्रसाद, जगन्नाथ गोप, दुर्गा केराई के अलावा काफी संख्या में पुलिस के जवान शामिल थे।

## भाजपा राज में छात्र अपना भविष्य बचाने के लिए लड़ रहे हैं लड़ाई : डॉ अजय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य और जमशेदपुर के पूर्व सांसद एवं आईपीएस डॉ अजय कुमार ने नीट पेपर लीक पर कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार को शर्म आनी चाहिए कि पिछले सात वर्षों में प्रश्नपत्र लीक होने की 70 घटनाएं हुई हैं लेकिन मोदी जी हमेशा की तरह बिल्कुल चुप हैं. नीट परीक्षा पेपर लीक 23 लाख से अधिक छात्रों और उनके परिवारों के सपनों के साथ विश्वासघात है और इसीलिए हमारे देश में बेरोजगारी और नौकरियों में भ्रष्टाचार सबसे बड़ा मुद्दा है।

### डॉ. अजय ने ऐसे कई उदाहरण दिए जहां पेपर लीक के कारण परीक्षाएं रद्द कर दी गई

-15 मार्च,2024 को बिहार में शिक्षक भर्ती परीक्षा में 75 लाख अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया था लेकिन कुछ ही दिनों में पेपर लीक होने के कारण परीक्षा रद्द करनी पड़ी.

-17 फरवरी और 18 फरवरी को हुई यूपी पुलिस परीक्षा में 60 लाख अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया था. 24 फरवरी को पेपर लीक के चलते योगी सरकार को परीक्षा रद्द करनी पड़ी थी.

-बिहार, गुजरात और हरियाणा में हुई गिरफ्तारियों से साफ पता चलता है कि परीक्षा में योजनाबद्ध तरीके से भ्रष्टाचार किया गया है और ये भाजपा शासित राज्य पेपर लीक का केंद्र बन गए हैं।

-2023 में पेपर लीक के आरोपों के बीच यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा रद्द कर दी गई।

-उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा 2021 ( PTET परीक्षा 2021), पेपर लीक के कारण परीक्षा रद्द कर दी गई थी।

-ओडिशा कर्मचारी चयन आयोग (OSSC) परीक्षा का पेपर लीक।

-हरियाणा में एचपीएससी, एचएसएससी, पुलिस भर्तियों समेत कई पेपर लीक घोटाले हुए।

डॉ. अजय ने कहा कि हमारे पास सबसे बड़ी युवा आबादी है। भाजपा सरकार इन युवाओं को सक्षम बनाने की बजाय कमजोर बना रही है. बच्चे सालों तक वैकेंसी आने का इंतजार करते हैं. जब कोई वैकेंसी आती है तो फॉर्म भरने का खर्च, परीक्षा देने का खर्च और अंत में सारी मेहनत भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती है। भाजपा का भ्रष्टाचार देश को कमजोर कर रहा है.

## जिले में 25 जून से 24 जुलाई तक चलेगा मतदाता सूची पुनिरीक्षण कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में 25 जून से 24 जुलाई तक द्वितीय विशेष मतदाता सूची पुनिरीक्षण कार्यक्रम चलाए जाएगा । जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल के दिशा-निर्देशानुसार सभी छह विधानसभा क्षेत्र के एआरओ, एईआरओ ने तैयारी शुरू कर दी है। इसी क्रम में आज एआरओ एवं संबंधित एईआरओ ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियो, बीएलओ सुपरवाइजर एवं बीएलओ के साथ अलग-अलग बैठक कर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के रूपरेखा की जानकारी दी । निर्वाचन आयोग द्वारा 01 जुलाई 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए मतदाता सूचि का विशेष संक्षित पुनरीक्षण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। 25 जून से 24 जुलाई तक चलने वाले द्वितीय विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन किया जाएगा एवं छूटे हुए मतदाताओं का पंजीकरण, ईपीक का सत्यापन, ब्लैक एंड व्हाइट इमेज वाले कार्ड का पहचान करना आदि शामिल है। घर-घर सत्यापन कार्य के दौरान 01 जुलाई 2024 को 18 साल की आयु पूर्ण करने वाले मतदाता को मतदाता सूची में नामांकित करना, एब्सेंट, शिफ्टेड एंड डेथ मतदाताआ का फॉर्म -7 भरना आदि कार्य किया जाना है। साथ ही 1500 से अधिक मतदाताओं वाले मतदान केंद्र को चिन्हित करने के अलावा मतदान केंद्र जर्जर हो गया है तो उसके लिए सुविधायुक्त स्थल का चयन करने से जुड़ी जानकारियां भी ली जाएंगी।

संपादकीय

# अल्पमत नहीं, बहुमती सरकार

रायसीना हिल्स की सत्ता स्थापित हो चुकी है। प्रधानमंत्री मोदी ने लगातार तीसरी बार पद की शपथ ग्रहण की है। उनकी कैबिनेट भी सक्रिय हो चुकी है, लेकिन विपक्ष अब भी मुगालते में है कि मोदी सरकार 'अल्पसंख्यक' (अल्पमत कहें) है और बहुत जल्दी इसका पतन होगा। यदि विपक्ष की इस भविष्यवाणी को मान भी लिया जाए, तो सहज सवाल है कि उसके बाद क्या होगा? वैकल्पिक सरकार किसकी होगी? अथवा कुछ ही महीनों के बाद देश पर मध्यावधि चुनाव का बोझ लाद दिया जाएगा? सरकारें और सदन बहुमत के आंकड़ों के आधार पर तय होते हैं। हम एनडीए के बजाय अकेली भाजपा के आंकड़े भी गिनें, तो वह 240 सांसदों के साथ लोकसभा में सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी है। भाजपा के बाद कांग्रेस के 99 सांसद हैं, लिहाजा वह दूसरे स्थान की पार्टी है। दोनों के बीच में कोई अन्य दल नहीं है। सदन में बहुमत का जादुई आंकड़ा 272 सांसदों का है। उस लक्ष्य के ज्यादा करीब भाजपा है अथवा कांग्रेस! इतिहास को खंगालें, तो 1991 में कांग्रेस 232 सांसदों वाली सबसे बड़ी पार्टी थी, लेकिन 'अल्पमत' में थी। तब गठबंधन के सहयोगी दलों के समर्थन के बूते पीवी नरसिम्हा राव प्रधानमंत्री बन पाए थे। उसके बाद सरकार को बचाए रखने के लिए कांग्रेस को सांसदों की खरीद-फरोख्त करनी पड़ी थी। देश के प्रधानमंत्री को 'अभियुक्त' बना दिया गया था और केस चलाने के लिए विशेष अदालत बनाई गई थी। 2004 में लोकसभा में कांग्रेस के 145 सांसद जीत कर आए और तत्कालीन सत्तारूढ़ भाजपा 138 सांसदों के साथ 'पराजित पार्टी' थी। बहुमत के आंकड़े से दोनों ही पक्ष बहुत दूर थे। गठबंधन का एक तम्बू तैयार किया गया और उसके नीचे समधर्मा राजनीतिक दल लामबंद हुए। तब प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में सरकार बन सकी। खूब विरोधाभास थे, सरकार ने लगातार हिचकोले खाए, परमाणु करार पर वाममोर्चे के सांसदों ने समर्थन वापस तक ले लिया। मनमोहन सरकार अल्पमत में आकर लड़खड़ाई। तब मुलायम सिंह की सपा के 39 सांसदों और अन्य का जुगाड़ करना पड़ा। मनमोहन सरकार गिरते-गिरते बची। 2009 में भी कांग्रेस 206 सांसदों के साथ सबसे बड़ी पार्टी थी। एक बात स्पष्ट कर दें कि परंपरानुसार राष्ट्रपति सदन में सबसे बड़ी पार्टी के नेता को ही सरकार बनाने का पहला न्योता देते हैं। अटल बिहारी वाजपेयी के समय में भाजपा 161, 182, 182 सांसदों वाली सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। वाजपेयी ने ही विभिन्न समधर्मी दलों को साथ मिला कर एनडीए का गठन किया था। बेशक आज एनडीए की संरचना बदल चुकी है, लेकिन मूल गठबंधन वही है। तेलुगूदेशम पार्टी, जद-यू, शिवसेना सरीखे दल तब भी साथ थे और अंततः आज भी गठबंधन के घटक दल हैं। प्रधानमंत्री वाजपेयी ने 1998-2004 तक सुखद, सौहार्द, समन्वय के साथ सफल गठबंधन सरकार का नेतृत्व किया। कांग्रेस और भाजपा के इन तमाम संदर्भों में बहुमत का जनादेश किसी के भी पक्ष में नहीं था, लिहाजा गठबंधन सरकारें बनीं और पूरे स्थायित्व के साथ अपने-अपने कार्यकाल सम्पन्न किए। अब सवाल है कि आज मोदी सरकार, विपक्ष के नजरिए से, अल्पमत की और अस्थिर सरकार क्यों है? संसद का सत्र जल्द ही शुरू हो रहा है। इसी 26 जून को स्पीकर का चुनाव होना है। चूंकि विपक्ष के पास अपेक्षाकृत आंकड़े काफी हैं, लिहाजा वह स्पीकर का उम्मीदवार उतारने के बयान दे रहा है। पूरा विपक्ष एक तरफ हो जाए और दूसरी ओर अकेली भाजपा को रखा जाए, तब भी विपक्ष पराजित हो जाएगा। सौदेबाजी के मद्देनजर कथित 'इंडिया' ने डिप्टी स्पीकर के पद की मांग शुरू की है। यह निर्णय सरकार को लेना है। खुशफहमी में न रहें, लिहाजा जद-यू और टीडीपी ने स्पष्ट कर दिया है कि स्पीकर भाजपा तय करेगी, क्योंकि वह सदन में सबसे बड़ी पार्टी है। स्पीकर का चुनाव ही तय कर देगा कि मोदी सरकार अल्पमत में है या उसका स्पष्ट बहुमत है। यकीनन सरकार के सामने खूब चुनौतियां होती हैं। प्रधानमंत्री मोदी को अपना एकाधिकारवादी रुख भी बदलना पड़ सकता है। कैबिनेट से तो उन्होंने साबित कर दिया कि प्रधानमंत्री के विशेषाधिकार पर सवाल नहीं किया जा सकता। फिलहाल मोदी सरकार 'अल्पमत की सरकार' नहीं है।

**प्रधानमंत्री मोदी ने लगातार तीसरी बार पद की शपथ ग्रहण की है। उनकी कैबिनेट भी सक्रिय हो चुकी है, लेकिन विपक्ष अब भी मुगालते में है कि मोदी सरकार 'अल्पसंख्यक' (अल्पमत कहें) है और बहुत जल्दी इसका पतन होगा। यदि विपक्ष की इस भविष्यवाणी को मान भी लिया जाए, तो सहज सवाल है कि उसके बाद क्या होगा? वैकल्पिक सरकार किसकी होगी? अथवा कुछ ही महीनों के बाद देश पर मध्यावधि चुनाव का बोझ लाद दिया जाएगा? सरकारें और सदन बहुमत के आंकड़ों के आधार पर तय होते हैं। हम एनडीए के बजाय अकेली भाजपा के आंकड़े भी गिनें, तो वह 240 सांसदों के साथ लोकसभा में सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी है। भाजपा के बाद कांग्रेस के 99 सांसद हैं, लिहाजा वह दूसरे स्थान की पार्टी है। दोनों के बीच में कोई अन्य दल नहीं है। सदन में बहुमत का जादुई आंकड़ा 272 सांसदों का है। उस लक्ष्य के ज्यादा करीब भाजपा है अथवा कांग्रेस! इतिहास को खंगालें, तो 1991 में कांग्रेस 232 सांसदों वाली सबसे बड़ी पार्टी थी, लेकिन 'अल्पमत' में थी।**

## पिछले दशक में सालाना कुल 1.24 करोड़ नौकरियां ही पैदा हो सकी थीं

# अब नौकरियों की बड़ी चुनौती

डा. जयंतीलाल भंडारी

**नई एनडीए गठबंधन सरकार के सामने एक बड़ी चुनौती नौकरियों और रोजगार अवसरों में वृद्धि करने की है। हाल ही में दुनिया में आर्थिक और रोजगार से संबंधित शोध अध्ययनों के लिए प्रसिद्ध फ्रांस के कॉरपोरेट एंड इन्वेस्टमेंट बैंक नेटिक्सि एसए के द्वारा प्रकाशित अध्ययन रिपोर्ट के मुताबिक भारत में जिस तेजी से युवा रोजगार के लिए तैयार होकर श्रम शक्ति (वर्क फोर्स) में शामिल हो रहे हैं, उसको देखते हुए भारत को 2030 तक प्रति वर्ष 1.65 करोड़ नई नौकरियों की जरूरत होगी।**

यकीनन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नई एनडीए गठबंधन सरकार के सामने एक बड़ी चुनौती नौकरियों और रोजगार अवसरों में वृद्धि करने की है। हाल ही में दुनिया में आर्थिक और रोजगार से संबंधित शोध अध्ययनों के लिए प्रसिद्ध फ्रांस के कॉरपोरेट एंड इन्वेस्टमेंट बैंक नेटिक्सि एसए के द्वारा प्रकाशित अध्ययन रिपोर्ट के मुताबिक भारत में जिस तेजी से युवा रोजगार के लिए तैयार होकर श्रम शक्ति (वर्क फोर्स) में शामिल हो रहे हैं, उसको देखते हुए भारत को 2030 तक प्रति वर्ष 1.65 करोड़ नई नौकरियों की जरूरत होगी। इसमें से करीब 1.04 करोड़ नौकरियां संगठित सेक्टर में पैदा करनी होंगी, जबकि पिछले दशक में सालाना कुल 1.24 करोड़ नौकरियां ही पैदा हो सकी थीं। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत को अपनी अर्थव्यवस्था में तेजी को बरकरार रखने के लिए सर्विसेज से लेकर मैन्युफैक्चरिंग तक सभी सेक्टर्स को नई रफ्तार से बढ़ावा देना होगा। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार वर्ष 2022 में भारत की कुल बेरोजगार आबादी में से 83 फीसदी बेरोजगार युवा थे। वर्ल्ड बैंक के मुताबिक भारत की कुल श्रम शक्ति की भागीदारी दर मात्र 58 प्रतिशत है, जो भारत के एशियाई समकक्ष देशों की तुलना में बहुत कम है। निःसंदेह नई गठबंधन सरकार को बेरोजगारी संबंधी चिंताजनक नए आंकड़ों को ध्यान में रखना होगा। हाल ही पिछले दस वर्षों में संघ लोक सेवा आयोग, रेलवे भर्ती और कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने जो भर्तियां की हैं, वे रिक्त पदों की तुलना में कम बहुत हैं। राष्ट्रीय सांख्यिकीय संगठन (एनएसओ) के द्वारा जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) आंकड़ों के अनुसार भारत के शहरी इलाकों में बेरोजगारी की दर वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही (जनवरी से मार्च 2024) में बढ़कर 6.7 प्रतिशत हो गई है, जो इसके पहले की तिमाही में 6.5 प्रतिशत थी। शहरी बेरोजगारी पिछली चार तिमाही के उच्च स्तर पर पहुंच गई है। 15 साल से अधिक उम्र में बेरोजगारी की दर जनवरी-मार्च 2023 की तिमाही के 6.8 प्रतिशत के बाद सर्वाधिक है। सर्वेक्षण के अनुसार युवा बेरोजगारी स्तर बढ़ा है और यह बीती तिमाही के 16.5 प्रतिशत से बढ़कर चौथी तिमाही में 17 प्रतिशत हो गया। यह आंकड़ा इसलिए भी महत्त्वपूर्ण है क्योंकि इस आयु वर्ग के लोग पहली बार श्रम बाजार में प्रवेश करते हैं। इससे शहरी रोजगार के बाजार में गिरावट का पता चलता है। अब नई सरकार के द्वारा देश में असंगठित सेक्टर लघु एवं मध्यम उद्योगों और गिग वर्कर्स की चिंताओं पर भी ध्यान दिया जाना होगा। इन सेक्टरों में करोड़ों लोगों को रोजगार तो मिल रहा है, लेकिन भविष्य एकदम सुरक्षित नहीं है। जून 2022 में प्रस्तुत नीति आयोग की एक रिपोर्ट बताती है कि भारत के 77 लाख लोग इस समय गिग इकॉनमी का हिस्सा हैं। अनुमान है कि 2029-30 तक इनकी संख्या 2.35 करोड़ हो जाएगी। गिग वर्कर्स के लिए बड़ी समस्या नौकरी जाने का खतरा और प्रोविडेंट फंड, हेल्थ इंश्योरेंस और सामाजिक सुरक्षा नहीं मिलना है। देश में रोजगार के मद्देनजर महिलाओं की स्थिति भी अच्छी नहीं है। नैसकॉम के मुताबिक भारत के प्रौद्योगिकी कार्यबल में केवल 36 फीसदी महिलाएं हैं। विश्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक भारत में वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और प्रौद्योगिकीविदों में महिलाओं की भागीदारी केवल 14 फीसदी है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) क्षेत्र में महिलाओं का रोजगार कम है और भारत के बड़े अवसरों के लिए महिलाओं की कम भागीदारी चुनौतीपूर्ण है। निश्चित रूप से नई गठबंधन सरकार को देश की नई पीढ़ी को जॉब सीकर यानी नौकरी की चाह रखने वाले से ज्यादा नए दौर के जॉब गिवर यानी नौकरी देने वाले बनाने की तेज रणनीति के साथ भी आगे बढ़ना होगा। पिछले 10 वर्षों में जिस तरह नई पीढ़ी के द्वारा स्वरोजगार के मौके मुट्ठी में लिए जा रहे हैं, उनकी रफ्तार बढ़ाई जानी होगी। हाल ही में शोध संस्थान स्कॉच की एक रिपोर्ट में कहा गया कि मोदी सरकार के पिछले 10 साल के कार्यकाल में 51.40 करोड़ रोजगार मिले हैं। इस शोध में 2014-24 की अवधि में ऋण-आधारित हस्तक्षेपों और सरकार-आधारित हस्तक्षेपों का अध्ययन किया है। जहां ऋण आधारित हस्तक्षेपों ने प्रति वर्ष औसतन 3.16 करोड़ रोजगार जोड़े हैं, वहीं सरकार आधारित हस्तक्षेपों से प्रति वर्ष 1.98 करोड़ रोजगार पैदा हुए हैं। सामान्यतः एक लोन पर औसतन 6.6 प्रत्यक्ष रोजगार पैदा हुए हैं। इस अध्ययन से यह भी पता चलता है कि सूक्ष्म कर्ज का इस्तेमाल स्थिर और टिकाऊ रोजगार सृजन के लिए किया जा रहा है। इस शोध अध्ययन में रोजगार व स्वरोजगार से संबंधित 12 केंद्रीय योजनाओं को शामिल किया गया है। इनमें मनरेगा, पीएमजीएसवाई, पीएमईजीपी, पीएम-जी, पीएलआई, पीएमएवाई-यूए और पीएम स्वनिधि जैसी प्रमुख योजनाएं शामिल हैं। इस शोध अध्ययन के मुताबिक पिछले दस वर्षों में ऋण अंतराल यानी जीडीपी के अनुपात में कर्ज के अंतर में 12.1 प्रतिशत की गिरावट आई है तथा इस अध्ययन से ऋण अंतराल में कटौती, बहुआयामी गरीबी में कमी और एनएसडीपी में वृद्धि के बीच एक सकारात्मक संबंध भी प्रतिपादित हुआ है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विगत 10 वर्षों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी नई स्किल्स से नई पीढ़ी को सुसज्जित करके उनके लिए रोजगार के मौके बढ़ाए हैं। अब तीसरे कार्यकाल में देश में वैश्विक क्षमता केंद्रों की (जीसीसी) स्थापनाओं की रफ्तार तेजी से बढ़ाकर नए तकनीकी कौशल वाले युवाओं के लिए रोजगार के अधिक मौके सृजित करने की डगर पर आगे बढ़ा जाना होगा। चूंकि कई विकसित और विकासशील देशों में तेजी से बूढ़ी होती आबादी के कारण उद्योग-कारोबार व सर्विस सेक्टर के विभिन्न कामों के लिए युवा हाथों की कमी हो गई तथा श्रम लागत बढ़ने से ये देश कार्यबल संबंधी परेशानियों से जूझ रहे हैं, ऐसे में भारत को इस मौके को भुनाते हुए तेजी से आगे बढ़ना होगा। सरकार ने 2023 तक भारतीय श्रमिक उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न देशों के साथ 13 समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। नई गठबंधन सरकार को ऐसे समझौतों को अब और बढ़ाने की रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। इससे देश की युवा श्रमशक्ति विदेशों में अधिक रोजगार के साथ अधिक विदेशी मुद्रा की कमाई भी कर सकेगी। हम उम्मीद करें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नई सरकार के द्वारा उनके विकास के एजेंडे में शामिल अधिक रोजगार के मुद्दे को प्राथमिकता के साथ ध्यान में रखा जाएगा। हम उम्मीद करें कि नई सरकार नई सरकारी नौकरियों के सृजन पर पूर्णरूपेण ध्यान देते हुए लघु-मध्यम उद्योग और असंगठित क्षेत्र में रोजगार की जरूरतों पर ध्यान देगी। हम उम्मीद करें कि मोदी सरकार के श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया और कौशल विकास व उद्यमिता राज्यमंत्री जयंत चौधरी 142 करोड़ से अधिक आबादी के साथ दुनिया की सर्वाधिक आबादी वाले भारत में दुनिया की सर्वाधिक युवा आबादी को नए उच्च गुणवत्ता वाले कौशल से सुसज्जित करके उनके चेहरों पर रोजगार की मुस्कुराहट देने के साथ आर्थिक तस्वीर संवारने की संभावनाओं को साकार करने के लिए नई कारगर रणनीतियों के साथ आगे बढ़ेंगे।




दृष्टि कोण

# राष्ट्रीय विवेचन : जंगलों का हमदर्द बनने की जरूरत

पूरे ब्रह्मांड में प्राकृतिक दुनिया की सबसे बेशकीमती व खूबसूरत संपदा पेड़ पौधों से लबरेज वन हैं। प्राचीन काल से वन्य क्षेत्र जंगली जानवरों व मानवता के लिए अनमोल प्राकृतिक संसाधन रहे हैं। देश की सियासत व तमाम इंतजामिया हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनावों में मशगूल थे, मगर हिमाचल सहित कई अन्य राज्यों में जंगल दावानल की चपेट में आ चुके थे। नब्बे प्रतिशत से अधिक जैव विविधता जंगलों में ही पाई जाती है। लोगों को प्राकृतिक संसाधनों के दोहन के प्रति जागरूकता तथा पर्यावरण की अहमियत को समझाने के लिए राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हर वर्ष पर्यावरण दिवस व पृथ्वी दिवस मनाए जाते हैं। जंगली जीवों के संरक्षण की आवश्यकता को देखते हुए तीन मार्च को 'विश्व वन्य जीव' दिवस भी मनाया जाता है। जंगलों व पेड़ों के महत्व के मद्देनजर सन-1950 से वन महोत्सव तथा वन संरक्षण से संबंधित अतरराष्ट्रीय वन दिवस भी मनाया जाता है। पर्यावरण व वन संरक्षण के लिए देश की अदालतों में एक बड़ा कानूनी मसौदा मौजूद है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, वन विभाग, राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण व प्रशासन जैसी व्यवस्थाओं के दफ्तरों में अंग्रेजी झाड़ने वाली अफसरशाही तथा सैकड़ों अहलकार विराजमान हैं। राज्यों से लेकर मरकजी हुकूमत तक पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय मौजूद हैं। लेकिन इसे इत्तेफाक कहें या व्यवस्थाओं की नाकामी, हर वर्ष जंगलों में लगने वाली भयंकर आग से निपटने के लिए कोई भी हिकमत-ए-अमली कारगर साबित नहीं हुई। बल्कि वनाग्नि की घटनाओं में हर वर्ष इजाफा हो रहा है। चुनावी दौर में मुल्क की आवाम गुरबत, जाति, मजहब, मुफ्तखोरी की खैरात, नौकरियां व विकास जैसे मुद्दे उठाने के प्रति जागरूक है। मगर पर्यावरण संरक्षण व जंगलों की भयंकर आग जैसे संवेदनशील मसले पर आवाज कभी बुलंद नहीं होती। लोकसभा चुनावों के दौरान सियासी दलों ने महंगाई व बेरोजगारी जैसे मुद्दों को जोर-शोर से उठाया। लेकिन पर्यावरण संरक्षण व जलते जंगलों का जिक्र किसी भी सियासी मंच से नहीं हुआ। पर्यावरण संरक्षण का मुद्दा कभी चुनावी घोषणापत्रों में भी शामिल नहीं हुआ। वनाग्नि के मसले पर सियासी तौर पर भी कभी चर्चा नहीं हुई। भारत में 'राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण' (एनजीटी) को 'पर्यावरण अदालत' कहा जाता है। एनजीटी को उच्च न्यायालय के बराबर शक्तियां प्राप्त हैं। सन-2010 में एनजीटी की स्थापना का मकसद पर्यावरणीय क्षति व वन संरक्षण तथा प्राकृतिक संसाधनों से संबंधित मुद्दों को शीघ्रता से हल करने से है। आस्ट्रेलिया व न्यूजीलैंड के बाद पर्यावरण न्यायाधिकरण की स्थापना करने में भारत विश्व में तीसरा देश है। दुनिया के सबसे बड़े वन क्षेत्रों वाले दस देशों में भारत भी शामिल है, मगर दावानल की भयंकर चपेट में आने से जंगल, पर्यावरण व जैव विविधता जिस कदर सिसकियां भर रहे हैं, उस सूरत-ए-हाल को लफ्जों में बयान नहीं किया जा सकता। जंगल आग की चपेट में आ रहे हैं। देश में हजारों उद्योग व फैक्टरियां लगातार प्रदूषण उगल रहे हैं। औद्योगिक क्षेत्रों व शहरों में ज्यादातर लोग प्रदूषण की जद में जीवनयापन करने को मजबूर हैं। हिमाचल प्रदेश का नाम सुनते ही जहन में पहाड़ों व वनों की तस्वीर उभरती है। पर्वतीय राज्य हिमाचल में पर्यटन उद्योग युवावर्ग के लिए रोजगार का महत्त्वपूर्ण साधन है। मैदानी क्षेत्रों व शहरों से हजारों की तादाद में लोग भीषण गर्मी से निजात पाने के लिए तथा सुकून के कुछ पल बिताने के लिए पहाड़ों का रुख करते हैं। प्रकृति से सराबोर जंगल पर्यटन उद्योग के आकर्षण का मुख्य केंद्र हैं। मगर बरसात के मौसम में प्रकृति के प्रकोप से पहाड़ दरक रहे हैं। गर्मियों में जंगल भीषण आग से जल रहे हैं। कई जंगली जीवों व पक्षियों की दुर्लभ प्रजातियों का प्रजनन काल गर्मी के मौसम में होता है, परन्तु प्रतिवर्ष असंख्य वन्य जीव व जंगली जानवर वनों की भयानक आग में जलकर राख हो जाते हैं। वनों में आगजनी की बढ़ती घटनाओं से वन्य जीवों व पक्षियों की कई दुर्लभ प्रजातियों का वजूद मिट चुका है। औषधीय वनस्पति से लबरेज वनों का आयुर्वेदिक पद्धति में भी अत्यधिक महत्त्व रहा है, मगर वनाग्नि से कई किस्म की औषधीय वनस्पति का अस्तित्व समाप्त हो चुका है। यदि अमूल्य वन संपदा वनाग्नि की भेंट चढ़ जाएगी, तो पर्यावरण के साथ पर्यटन उद्योग भी मुतासिर होगा। वायु प्रदूषण के बढ़ते स्तर पर काबू पाने का मुफीद विकल्प पेड़ों से लबरेज वन्य क्षेत्र हैं। वन्य क्षेत्र के बिना स्वच्छ पर्यावरण, जैव विविधता व जंगली जीवों के वजूद की कल्पना नहीं की जा सकती। वनों में आग लगने की घटनाओं पर देश के न्यायालय, पर्यावरणकर्ता व सरकारें चिंता जरूर व्यक्त करती हैं, जबकि प्रकृति को सबसे अधिक नुकसान मानवीय गतिविधियों से ही पहुंचता है। जंगलों में आग लगने के ज्यादातर कारण मानवीय लापरवाही के हैं। भयंकर दावानल पर काबू पाना लगभग नामुमकिन है। अलबत्ता सामाजिक तौर पर जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है, ताकि जंगलों में आग न लगाई जाए। वनों के लगातार जलने से इस धरा पर समस्त प्राणियों का जीवन असम्भव हो जाएगा। वनाग्नि से अमूल्य वन सम्पदा व जंगली जीवों तथा पक्षियों के जलने का दर्द समझना होगा। प्राचीन भारत के अनुसंधान का केन्द्र रहे वन्य क्षेत्र मानवीय स्वास्थ्य का सबसे बड़ा रक्षा कवच हैं। भारतीय संस्कृति में अनादिकाल से वनों का आध्यात्मिक, आर्थिक एंव सांस्कृतिक महत्व रहा है। वैदिक साहित्य के रचयिता हमारे मनीषियों के चिंतन, ध्यान साधना, अध्यात्म, दर्शन व शोध का केन्द्र वन्य क्षेत्र ही रहे हैं। आधुनिक दौर के पर्यावरण संरक्षण के आयोजनों व मंत्रालयों के बिना प्रकृति को सहेजने के कई उत्सव व संस्कार प्राचीन भारत की वैदिक संस्कृति व सामाजिक परिवेश में मौजूद थे।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## जनसमस्याओं का निराकरण कर दिल को सुकून मिलता है : अंबा प्रसाद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद फिर से पतरातू पीटीपीएस स्थित विधायक आवासीय कार्यालय में विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में आए दूर दराज के लोगों को सर्वप्रथम समस्या सुनी इसके बाद सभी समस्याओं को तत्परता के साथ निराकरण करने का काम किया गया। जो समस्या दूरभाष से करने का था उसे त्वरित कार्रवाई कर संबंधित विभाग के पदाधिकारी को दूरभाष के माध्यम से निराकरण करने का निर्देश दिए। उचरिंगा गांव से आए हुए दर्जनों महिलाओं को समस्या सुनी जिसमें उन लोगों का मांग था कि मंडा पूजा में तारा माचा विधायक मद से दिया जाए। जिसे विधायक ने त्वरित कार्रवाई कर 200000 का अनुशंसा कर उन महिलाओं को अनुशंसा पत्र प्रदान किया विधायक ने कहा कि जनता की समस्याओं का निराकरण करने से दिल को सुकून मिलता है।आगे कहा कि लोग दूर दराज से लोग आते हैं अपनी समस्याओं को लेकर इसे मैं त्वरित कार्रवाई करने का काम करता हूं ताकि कोई भी जनता भटकने ना।मौके पर विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, मो हसीब, अंजन प्रसाद, योगेंद्र सिंह खरवार, चंदन साव, रामशरण गिरी,डॉ अशोक प्रसाद, प्रदीप साव, कमलेश राम, राजू प्रसाद, चंचला कश्यप, परमानंद कुमार एवं सैकडों ग्रामीण उपस्थित थे।



## हजारीबाग लोकसभा के सांसद ने लोकसभा में ली सांसद पद की शपथ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** 18वीं लोकसभा में सांसदों का शपथ लोकसभा के प्रथम सत्र के शुरुआती दिन सोमवार को हुआ। जिसमें सबसे पहले पीएम मोदी और फिर उनके मंत्रिमंडल में शामिल लोकसभा सदस्यों ने शपथ ली। इसके बाद अलग-अलग राज्यों के सांसदों ने सपथ लिया। शपथ ग्रहण के दौरान झारखंड राज्य के हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल अपने सादगी और साफगोईपूर्ण अंदाज में नज़र आए। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से पहली बार भाजपा की टिकट से चुनाव जीतकर निर्वाचित हुए सांसद मनीष जायसवाल ने अपने शपथ की शुरुआत मैं मनीष ब्रजकिशोर जायसवाल ईश्वर की शपथ लेता हूँ से किया। उन्होंने अपने नाम के साथ अपने आदर्श पिता ब्रजकिशोर जायसवाल का नाम लेकर उनका सम्मान बढ़ाया। शपथ लेने के बाद सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि हजारीबाग लोकसभा की जनता-जनार्दन ने मुझ पर जो विश्वास जताया है उसपर मैं भी जनता की आशाओं व आकांक्षाओं पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करूंगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित और सशक्त हजारीबाग÷ के विजन को साकार बनाने के लिए कटिबद्ध रहूंगा।पहले बीजेपी सांसद भर्तृहरि महताब को राष्टपति भवन में राष्टपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रोटेम स्पीकर पद की शपथ दिलाई और उसके बाद प्रोटेम स्पीकर की मदद के लिए बनाए गए पैनल के सदस्य सांसदों को शपथ दिलवाई गई। इस पैनल में 5 सदस्यों को रखा गया। जिसके माध्यम से ही सांसदों को शपथ दिलाया गया ।



## एला एंगलाइज स्कूल के छात्र का आईआईटी में प्रवेश




प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** एला एंगलाइज स्कूल की 12वीं कक्षा के प्रथम सत्र (2022-24) का छात्र स्वप्निल कुमार (पिता प्रयाग साहू माता चंचला रानी) ने आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपनी सफलता के अनुभव साझा किये। इसके पूर्व वह कक्षा दसवीं से 12वीं के छात्रों को संबोधित किया और अब तक किए गए प्रयासों की विस्तृत चर्चा की। स्वप्निल ने बताया कि 12वीं के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कैसे की जाए। बताया कि नोट्स बनाएं शॉर्ट नोट्स बहुत कारगर है। कक्षा कार्य को कक्षा में ही पूर्ण करें। गृह कार्य को घर पर ही पूरा कर लें। समय सारणी बनाकर उसके अनुरूप पढ़ाई करनी चाहिए। जांच परीक्षा को अत्यंत उपयोगी समझें।शिक्षकों से अपनी कमियों को साझा करें, घबराएं नहीं। इस विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं अनुभवी होने के साथ-साथ प्रेरणास्रोत भी हैं और वे आपके प्रश्नों का उत्तर देने हेतु हमेशा तत्पर रहते हैं। जांच परीक्षा में हो रही कमियों की खुद समीक्षा कर स्वयं हल करने का प्रयास करें, यदि आवश्यक हो तो शिक्षक शिक्षिकाओं से सहयोग भी लें। 12वीं की पढ़ाई दिसंबर तक पूर्ण कर प्रतियोगी परीक्षाओं की टेस्ट सीरीज पर ध्यान दें।

**मोबाइल के दुरुपयोग से बचें, सोशल साइट्स को टच न करें।**

बच्चों की जिज्ञासा हेतु अपना मोबाइल नंबर भी दिया।प्रेस वार्ता में बताया कि स्कूली शिक्षा ग्रहण करने के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी अनिवार्य है।बताया कि स्कूल के अलावा 10 से 12 घंटे की आवश्यक मेहनत की है। सिर्फ 4 से 6 घंटे की नींद ली। जी मेंस 2024 में ऑल इंडिया रैंक 6467 था एवं जी एडवांस में ऑल इंडिया रैंक 8439 और ओबीसी रैंक 1811 प्राप्त की है जो किसी भी आईआईटी संस्थान में नामांकन के लिए उपयुक्त है। स्वप्निल ने बताया कि मुझे इंजीनियरिंग पूर्ण करने के उपरांत रिसर्च के क्षेत्र में जाने की इच्छा है।अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, परिवार और विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं को दिया, और कहा कि मेरी परिश्रम में उनकी अहम भूमिका है।

## पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को देर शाम पूर्व मंत्री योगेन्द्र साव पीटीपीएस विधायक आवासीय कार्यालय पहुंचे। जंहा उनका का स्वागत कोतो पंचायत मुखिया निधि सिंह व जय प्रकाश सिंह ननकी सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने फूलमाला पहनाकर व गाजे बाजे के साथ किया। जिसके बाद पूर्व मंत्री ने कोतो पंचायत में लगाये गये ट्रांसफरमर का विधिवत उद्घाटन किया। वहीं उपस्थित सैकड़ों ग्रामीणों ने जय प्रकाश सिंह के नेतृत्व में पंचायत का विकास के लिए पूर्व मंत्री को एक लिखित आवेदन पत्र भी सौपा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह,संतोष साव,अंजन प्रसाद,आबिद अंसारी,नईम अंसारी,प्रदीप साव,चंदन साव उप मुखिया उमा देवी,सीमा राय,सोनी देवी,सुनैना देवी,विराजो देवी, हेमलता देवी,वार्ड सदस्य सांवरी देवी, विजय वर्मा,शीला तिवारी,अखिलेश सिन्हा,पवन कुमार,अरविंद तिवारी, सपन दास,संजय यादव,अर्जुन पंडित,रणवीर सिंह,तारकेश्वर भारती, सीमा राय,गोविंद महतो,कोल्हा भईया,सुनिल तुरी,दिनेश मुन्डा, गोविंद कुमार,तुषार मिश्रा,प्रथम चौधरी,प्रिन्स कुमार,अंकित सिंह, सत्यम सिंह,सुरज कुमार,आदि सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



## रजरप्पा मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को होगी सुविधा

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रसिद्ध धार्मिक स्थल माँ छिन्नमस्तिका सिद्ध पीठ रजरप्पा मंदिर चितरपुर, रामगढ़ में प्रतिदिन बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं के मद्देनजर सोमवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामगढ़ आलोक कुमार दुबे द्वारा व्यवहार न्यायालय परिसर, रामगढ़ से दो यात्री वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।वर्तमान में रजरप्पा मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को सड़क मार्ग से मंदिर तक पहुंचने हेतु रामगढ़ शहर अंतर्गत ट्रैक्टर स्टैंड से रजरप्पा मंदिर तक नियमित वाहनों का संचालन किया जाता है। वही प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामगढ़ द्वारा सांकेतिक रूप से दो यात्री वाहनों को को हरी झंडी दिखाकर रवाना किए जाने के उपरांत एक वाहन का संचालन रामगढ़ शहर अंतर्गत बस स्टैंड रामगढ़ से रजरप्पा मंदिर तक एवं एक वाहन का संचालन बरकाकाना रेलवे स्टेशन रामगढ़ से रजरप्पा मंदिर तक निर्धारित दर पर प्रातः 5ः00 से शाम 6ः00 के बीच किया जाएगा। मौके पर प्रधान कुटुंब न्यायाधीश लोलार्क दुबे, उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो, एडीजे 2 कुसुम कुमारी, सीजेएम मनोज कुमार, एसीजेएम संदीप कुमार, डालसा सेक्रेटरी अनिल कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स सहित अन्य उपस्थित थे।



प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## संक्षिप्त खबरें

### नाबालिक लड़की को भगाने का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना के पुलिस ने बताया कि नाबालिक लड़की को भगाने के फरार आरोपी को गिद्धौर पुलिस ने रामगढ़ जिला के कुज्जू से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी स्वर्गीय दिगंबर सिंह का पुत्र सोनू कुमार सिंह बताया जा रहा है। यह जानकारी गिद्धौर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने दिया। आगे बताएं कि नाबालिक लड़की को भगाने का आरोपी के विरुद्ध थाना कांड संख्या 68/22 के तहत प्रार्थमिक दर्ज किया गया था।

# न्याय के गुहार लगाने मां-बेटी पहुंची एसपी व डीएसपी चतरा के पास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** सिमरिया थाने में पद स्थापित एएसआई बिनोद तिवारी का विवादित बातें सामने आई है। सिमरिया गांव की एक महिला चिंता देवी ने सिमरिया शुभम सिंह पिता रामजी सिंह से कुछ रुपए कर्ज पर ली थी। जहां किस्त बाई किस्त जमा करते आ रही थी। किसी कारण वश चिंता देवी ने एक दो माह का ब्याज रुपया नहीं दे पाई जिसे लेकर शुभम सिंह ने महिला चिंता देवी के घर पहुंच कर मारपीट एक गाली गलौज किया गया था। जिसकी शिकायत लेकर भुक्तभोगी महिला चिंता देवी ने सिमरिया थाना न्याय के लिए पहुंची जहां थाने में विराजमान एएसआई बिनोद तिवारी ने उल्टे भला बुरा कहते हुए कहा की क्या शुभम सिंह तुम्हारे यहां रुपया नहीं मांगने गया था तो क्या तुमको चुम्मा लेने गया था। क्या बलात्कार करने गया था। महिला उक्त एएसआई बिनोद तिवारी का अपशब्द सुन सन्न रही गई और डर गई। अंत में थाना से निकल कर एसडीपीओ अजय केशरी सिमरिया और आरक्षी अधीक्षक चतरा से न्याय की मांग को लेकर लिखित आवेदन देकर की है। हालांकि यह विवादित बाते श्री तिवारी का पहली बार नहीं है ।वे हमेशा विवादित बातों से हमेशा सुर्खियों में रहे हैं ।वहीं श्री तिवारी सिमरिया थाना में लगातार छह से सात वर्षो से सिमरिया थाना में जमें हुए हैं। इनका सिमरिया थाना क्षेत्र के लोगों से काफी पकड़ होने के कारण अधिकतर मामला डील यही करते रहते हैं। भुक्तभोगी महिला ने सिमरिया थाना में पदस्थापित श्री बिनोद तिवारी और शुभम सिंह के विरूद एसपी चतरा से कारवाई की मांग की है।

# सेविकाओं ने चलाया नशा मुक्ति अभियान, किया लोगों को जागरूक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत संचालित मध्य विद्यालय आंगनबाड़ी केंद्र के तहत सेविकाओं द्वारा सोमवार को नशा मुक्ति अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया। यह कार्य सुपरवाइजर ऊषा प्रसाद के नेतृत्व में किया गया। नशा मुक्ति अभियान आंगनबाड़ी केंद्र से निकाल मुख्य चौक होते हुए पूरे गांव का भ्रमण किया। इस दौरान नशीले पदार्थ की गैर कानूनी तरीके से खेती करना दंडनीय अपराध है। मादक नशीले पदार्थो की खरीद बिक्री करना नशीले पदार्थ का उत्पादन, भंडारण, बिक्री, परिवहन या उपयोग भी दंडनीय अपराध है। 18 वर्ष से कम आयु को मादक नशीले पदार्थ की बिक्री खरीद करना गैरकानूनी है। शिक्षण संस्थानों के 100 मीटर के क्षेत्रफल में मादक नशीले पदार्थ की बिक्रिय गैरकानूनी है।जैसे कई नारे भी लगा रहे थे।मौके पर उपस्थित सुनैना कुमारी कांति देवी प्रभा सिंह कंचन देवी उषा देवी व अन्य सिंह का उपस्थित थी।

# लोक अदालत का आयोजन होगा आज बीडीओ ने दी जानकारी



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय परिसर में विधिक सेवा प्राधिकार के तहत स्थाई लोक अदालत का आयोजन मंगलवार को किया जाएगा। जिसकी जानकारी बीडीओ सह सीओ राहुल देव ने बताया। उन्होंने बताया कि झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के तहत और झालसा के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के तत्वाधान में स्थाई लोक अदालत का आयोजन किया गया है। लोक अदालत में दाखिल खारिज एवं राजस्व संबंधी विविध वादों का निष्पादन किया जाएगा। जिसे लेकर बीडीओ राहुल देव ने प्रखंड के सभी बुद्धिजीवी समेत ग्रामीणों को शामिल होने की अपील किया है।

# पंचायत अध्यक्षो के साथ किया बैठक : जेएमएम नेता



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत गिद्धौर में जेएमएम पार्टी नेता मनोज चंद्रा सोमवार को पहुंचे। जेएमएम पार्टी के पंचायत अध्यक्षों के साथ बैठक किया। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संगठन मजबूती करने की बात कही। तथा अगले जुलाई माह में विधायक कल्पना सोरेन का आगमन सिमरीया विधानसभा क्षेत्र में होना है। जिसकी तैयारी को लेकर बूथ अध्यक्षों को कई जानकारी दिया। बैठक में मुखिया डेगन गंझू, देवनारायण दांगी, यदुनंदन पांडेय, दिगम्बर दास, पुरषोत्तम गुप्ता, बिनोद यदाव, कामदेव दांगी समेत अन्य उपस्थित थे।

# रंगदारी मांगने को लेकर महाप्रबंधक ने दर्ज कराया मुकदमा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्र के महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह से रंगदारी के रूप में राशि मांगने को लेकर टंडवा थाना में मुकदमा दर्ज किया गया है। कांड संख्या 172/24 दर्ज करते हुए त्वरित गति से अनुसंधान प्रारंभ कर दिया गया है। थाना में दिए गए शिकायत में बताया गया है कि 15 जून 2024 को संध्या के समय जब महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह अपने कार्यालय का कार्य संपन्न कर कार्यालय से बाहर निकल रह थे उसी वक्त परमेश्वर गंझु और उसके एक सहयोगी ने महाप्रबंधक से निर्माणाधीन सड़क को रोकने का निर्देश दिया। तथा सड़क बनाने के एवज में महीने का राशि का डिमांड किया। राशि नहीं देने पर काम बंद रखने का आदेश दिया। साथ ही माइंस बंद करने का भी धमकी दिया गया।अन्यथा एसटीएससी एक्ट के तहत एफआईआर करने का धमकी भी महाप्रबंधक को दिया गया। यह सभी क्रियाकलाप कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गया है जिसे स्थानीय थाना के द्वारा जांच पड़ताल प्रारंभ करते हुए घटना में शामिल अन्य की पहचान के लिए जांच प्रारंभ कर दिया गया है। हालांकि यह मुकदमा महाप्रबंधक के द्वारा काउंटर केस के रूप में किया गया है। चार दिन पूर्व ही परमेश्वर गंझु के द्वारा महाप्रबंधक अमरेश सिंह के खिलाफ एससी एसटी एक के तहत मामला दर्ज कराया गया था।

# फरवरी महीने से नहीं मिला पेंशन, बुजुर्ग है मायूस, खर्च की कहां से होगी भरपाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** समाज में आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं, वृद्धों और दिव्यांगों आदि को सरकार ने सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत प्रतिमाह पेंशन देने की व्यवस्था की है। इससे उन्हें किसी और के ऊपर आश्रित नहीं रहना पड़े। वृद्धों और असहायों को अपने रोजमर्रा के खर्चे के लिए उन्हें किसी के पास हाथ फैलाने की जरूरत न हो, लेकिन वर्तमान समय में पत्थलगड़ा प्रखंड सिंघानी गांव के कई जरूरतमंद लोग इस लाभ से महीनों से पेंशन के आस में निराश बैठे है।लाभुकों को बीते फरवरी माह से पेंशन का लाभ नहीं मिलने से आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। वृद्ध, विकलांग, विधवा जैसे परिवार को रोज मर्रे की जिंदगी में आने वाली जरूरत मंद समान पालन-पोषण में मदद करती थी। लेकिन पेंशन बंद होने के कारण रोज मर्रा की वस्तुओं को खरीदने में उनके बीच समस्या उत्पन्न हो रही है। वृद्ध पेंशन आने की आस में हर माह अपना पासबुक और आधार कार्ड लेकर ग्राहक सेवा केंद्र पहुंचते हैं।लेकिन उन्हें निराशा हाथ लौटना पड़ता है। ईनकी इस समस्या को किसी भी राजनीतिक पार्टी ने चुनाव से पहले मुद्दा तक नही बनाई और नाही पेंशन को लेकर अबतक कोई आवाज उठाई गई।ना ही संबंधित विभाग गंभीर दिख रही है।जबकी चुनाव बीते करीब एक महीने होने को चला फिर भी पेंशन को लेकर कोई सुगबुगाहट नही। पेंशन धारियों में रोज मर्रे की लेनदेन को लेकर मायूसी छाई हुई है। आखिर खर्च की भरपाई कैसे हो पाएगी।

# मुख्यमंत्री के प्रस्तावित चतरा आगमन को लेकर बैठक, सभी आवश्यक तैयारी पूर्ण करने का निर्देश



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के जुलाई माह में चतरा जिला में आगमन प्रस्तावित है। इसे लेकर समाहरणालय सभा कक्ष में उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल की अध्यक्षता में तैयारियों से संबंधित बैठक की गई।बैठक में सर्व प्रथम सभी विभाग व प्रखंड कार्यालय के कार्यालय प्रधान को उनके कार्यों का दाईत्त्व सौंपा गया एवं कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा सभी कार्यालय प्रधान और प्रखंड विकास पदाधिकारी राज्य से प्राप्त योजनाओ के लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करें। वैसे अधिकारी जो इस चतरा जिले के अलावे कहीं और उनकी प्रतिनियुक्ति तो वैसे पदाधिकारी चतरा मुख्यालय में तीन दिन रहने का प्रतिवेदन उपलब्ध कराएंगे साथ ही कार्य को अधिकता को देखते हुए तीन दिन मुख्यालय में रहकर शत प्रतिशत कार्यों को पूर्ण कराएंगे। कोई भी अधिकारी बिना सूचना के मुख्यालय अनुपस्थित पाए जाते हैं तो कार्रवाई के लिए तैयार रहें। साथ ही उन्होंने कहा सभी पदाधिकारी सप्ताह में दो दिन मंगलवार और शनिवार को जनता दरबार का आयोजन कर आम जनों के समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर मामले का निष्पादन करें। जनता दरबार से संबंधित दिन और समय सूचना पट्ट पर लगाना सुनिश्चित करें। बैठक में अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनिंदर भगत, जिला भू अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह, जिला खेल पदाधिकारी तुषार रॉय संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# कमरे में रखा फ्रिज हुआ ब्लास्ट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित मुरपा मोड़ के समीप रहने वाले परमेश पांडे पिता राजेंद्र पांडे के घर में रखा हुआ फ्रिज एकाएक ब्लास्ट कर गया ।वही घर का वायरिंग जल गया एवं कमरे में लगा एलइडी टीवी, पंखा भी जल गया। जानकारी देते हुए परमेश पांडे ने बताया कि जिस समय घटना घटी परिवार के सभी लोग दूसरे कमरे में थे। घर में रखा हुआ फ्रिज से धुआं निकलने लगा और ब्लास्ट कर गया। धुआ बढ़ने पर दूसरे कमरे से लोग दौड़कर आए। तब तक देखा की कमरे वायरिंग जल गया था। और कमरे में आग लग गई थी। घर वालों ने किसी तरह पर काबू पाया।वही घर मे लगा एलइडी टीवी एवं पंखा जल गया। करीब एक लाख की छती बताई जाती है।

## योजना बनाते सात अपराधी चढ़े पुलिस के हत्थे

# टीएसपीसी के नया मॉडयूल बनाने में लगे अपराधी के मंसूबे नाकाम : एसपी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। बड़ी घटना की अंजाम देने को लेकर योजना बनाते टीएसपीसी संगठन के सात उग्रवादीयों को हथियार के साथ पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।इस संबंध में पुलिस साभागार में प्रेस वार्ता आयोजित कर पुलिस कप्तान अंजनी अंजन ने बताया कि 6 मार्च 2024 को एवं इससे पहले कई तिथियों को मोबाईल फोन से ईंट भट्ठा कारोबारी ज्ञानचन्द पाण्डेय, तन्नु सिंह, गोविन्द साव एवं अन्य से लेवी की मांग करने, ईंट भटठा में जाकर मजदूरों से मारपीट करने तथा उनके मोबाईल फोन छीन लेने एवं जे.सी.बी का चाभी ले लेने के आरोप में वादी यदुनाथ सिंह उर्फ तन्नू सिंह के लिखित आवेदन पत्र के आधार पर लातेहार थाना कांड संख्या 89/24, दि0 06.06.2024 धारा 386/387/504/34 भा0द0वि0 एवं 17 C.LA एक्ट दर्ज किया गया। एवं कांड के उद्‌भेदन हेतू पुलिस कप्तान लातेहार के द्वारा एक एस.आई.टी का गठन किया गया। एस.आई.टी के द्वारा कांड के उद्‌भेदन हेतू लगातार सूचना एकत्र कर छापामारी किया जा रहा था इसी दौरान 23 जून 2024 को कांड के अनुसंधान के क्रम में गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम ईचाबार, टोला टिकुलिया टांड, थाना लातेहार में दीपक उरांव के घर में करीब 08-10 कि संख्या में अपराधकर्मी जुटे हैं जो सभी किसी बड़ी घटना में अंजाम देने कि योजना बना रहे हैं। उक्त सूचना के आधार पर छापामारी दल का गठन कर सूचना के अनुसार छापामारी किया गया जहां पुलिस को देखकर भाग रहे कुल 07 सात अपराधियों को खदेड़ कर गिरफ्तार किया गया। तलाशी के क्रम में अभियुक्तों के पास से हथियार एवं गोली, कांड संख्या- 89/24 में घमकी दिया जानेवाला मोबाईल सीम सहित एवं ईट भटठा में काम कर रहे मजदूरों से लूटा गया दो मोबाईल को बरामद किया गया है। बरामद अग्नेयास्त्र एवं गोली के साथ डकैती की योजना बनाने, तथा अपने टीएसपीसी संगठन का विस्तार करने के आरोप में लातेहार थाना कांड संख्या 106/24 दिनांक- 23.06.24 घारा- 399/402 भा0द0वि0, 25 (1-बी) (ए)/26/35 आर्म्स एक्ट एवं 17 सी.एल.ए एक्ट के तहत उपरोक्त अभियुक्तों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है। आगे उन्होंने बताया कि दीपक उरांव एवं इस्लाम अंसारी उर्फ रवि का पुराना अपराधीक इतिहास रहा है जो टीएसपीसी संगठन को नया मॉडयूल बनाने में लगे थे जिसके मंसूबे को पूरी तरह से नाकाम कर दिया गया।

# पीसीसी पथ निर्माण कार्य में भारी अनियमितता



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत पंचायत केड़ के गाड़ी ग्राम पीसीसी पथ से बगई टोला तक लाखों की लागत से पीसीसी पथ निर्माण कार्य कराया जा रहा है। बताया जा रहा है कि यह कार्य आर ई ओ विभाग के विशेष प्रमंडल के द्वारा किया जा रहा है। जहां उक्त सड़क निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरती जा रही है। वहीं ग्रामीणों घटिया निर्माण कार्य का जमकर विरोध किया है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर जीएसबी महज दो इंच छिटक दिया गया है और उसके उपर लगभग चालीस एम एम का छरी कम मात्रा के सीमेंट का मसाला बनाकर चार से पांच तक ढलाई किया जा रहा है। ग्रामीण सुखलाल सिंह, ब्रह्मदेव भुइयां,टुकेश्वर सिंह, मनोज भुइयां, जमुना सिंह, महेंद्र भुइयां, सुबेदार सिंह, केशवानी देवी, रीता देवी, दुखती देवी, सुकनी देवी, सरिता देवी कलावती देवी समेत अन्य लोगों ने बताया कि जीएसबी में पानी का छिड़काव भी नहीं किया गया है और न ही इसमें रोलर चलाया गया है, ऐसे में पीसीसी सड़क के निर्माण के बाद सड़क में दरारें आ सकती है। बताते दें कि उक्त सड़क निर्माण कार्य की ढलाई के समय कोई भी विभागीय अधिकारी मौजूद नहीं थे। बताते चलें कि कुछ महीने पहले सड़क का भूमिपूजन क्षेत्र के सम्मानित विधायक रामचंद्र सिंह द्वारा किया गया था।

# आधार सीडिंग करने के लिए शिविर का आयोजन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड अंतर्गत साल्वे और बारियातू पंचायत सचिवालय में झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत सुयोग्य लाभुकों का ग्रीन (हरा) राशन कार्ड निर्गत करने और आधार कार्ड सीडिंग करने को लेकर पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया. शिविर के माध्यम से छुटे हुए सुयोग्य लाभुकों को हरा राशन कार्ड निर्गत के लिए आवेदन जमा व आधार सीडिंग किया गया। खबर लिखे जाने तक साल्वे पंचायत के शिविर में ,13 लोगो का राशनकार्ड मे नाम जोडने के लिए आवेदन प्राप्त हुआ। 13 आधार सीडिंग तथा 56 सुयोग्य लाभुकों का राशन कार्ड निर्गत के लिए आवेदन किए गए। वही बारियातू पंचायत सचीवालय के शिविर में 09 राशन कार्ड में नाम जोडने 13 आधार सीडिंग व 42 हरा (ग्रीन) राशन कार्ड हेतु सुयोग्य लाभुकों द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम, प्रभारी प्रखंड आपुर्ती पदाधिकारी चंदन कुमार, बीससुत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझू ने शिविर का जायजा लिया। मौके पर स्थानीय मुखिया, वार्ड सदस्य, समाज सेवी, सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। इस संबंध में आगामी शिविर 26 जुन को अमरवाडिह एवं टोंटी 28 जुन को शिबला एवं गोनिया एव अंत में 01 जुलाई को डाढा, फुलसु और बालुभांग पंचायत मे शिविर का आयोजन किया जाएगा। बिडिओ सह सीओ नंद कुमार राम व प्रखण्ड आपुर्ती पदाधिकारी चंदन कुमार ने शिविर में अधिक से अधिक लोगो को हिस्सा लेने की अपील की।

# मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सुबह 4:00 बजे से अल्ट्रासाउंड के लिए लगता है लाइन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इन दोनों गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सुबह 4:00 बजे से ही गर्भवती महिलाएं नंबर लगाने के लिए अस्पताल पहुंच जाते हैं। इसके बाद भी उन्हें निराशा हाथ लगती है। सदर अस्पताल में एक दिन में 20 से 25 लोगों का ही अल्ट्रासाउंड किया जाता है।जबकि प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में गर्भवती महिलाएं अपना अल्ट्रासाउंड करवाने अस्पताल पहुंचती है।वही अल्ट्रासाउंड के लिए नंबर लगाने में कभी-कभी आपस में लोग झगड़ भी जाते हैं।वही अल्ट्रासाउंड में कार्यरत कर्मियों के द्वारा इन गर्भवती महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार भी किया जाता है।डांट फटकार उल्टा सीधा शब्द बोला जाता है।इससे मरीजों में अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ रोष भी पनप रहा है। मरीजों का कहना है कि अस्पताल प्रबंधन को पहले से पुख्ता इंतजाम करके रखने चाहिए। लोग बीमारी में ही अस्पताल का रुख करते हैं। अस्पतालों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। वही सुबह से लाइन में खड़े मरीजों का कहना है कि अस्पताल प्रबंधक को एक और अल्ट्रासाउंड मशीन लगवाने की जरूरत है ताकि मरीजों को परेशानी ना हो।

# प्रखंड सह अंचल सभागार बेड़ो में द्वितीय एसएसआर 2024 के लिए बैठक संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेड़ो :** निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 66 मांडर (अ0ज0जा0) -सह- बिशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी, रांची की अध्यक्षता में आज सभी राजनीतिक दलों के जिलाअध्यक्ष, प्रतिनिधि एवं एई आरओ एवम सभी क्क्ष्ह, क्क्ष्ह सुपरवाइजर के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में दूसरी एसएसआर 2024 के संबंध में आवश्यक जानकारियां दी गई। निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि सेकंड एसएसआर-24 के तहत एक जुलाई 2024 अर्हता तिथि के आधार पर आगामी 25 जुलाई को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन किया जाएगा। 25 जुलाई 2024 से 9 अगस्त 2024 तक दावा आपत्ति प्राप्त किया जाएगा एवं दिनांक 20 अगस्त 2024 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। दावा/आपत्ति प्राप्त करने की अवधि में जिन युवा, युवतियां की आयु 1 जुलाई 2024 को 18 वर्ष पूर्ण कर रहे हैं, उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज कराएंगे एवं मृत, स्थानांतरित, दोबारा प्रविष्टि वाले मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटवाने में आवश्यक सहयोग करेंगे। सेकंड एसएसआर 2024 के तहत दिनांक 27 जुलाई 2024 (शनिवार), 28 जुलाई 2024(रविवार), 03 अगस्त 2024 (शनिवार) एवं दिनांक 04 अगस्त 2024 (रविवार) को विशेष अभियान दिवस है। विशेष अभियान दिवस को सभी बी0एल0ओ0 अपने आवंटित मतदान केंद्र में आवश्यक प्रपत्र एवं मतदाता सूची के साथ उपस्थित रहेंगे। विशेष अभियान दिवस में बी0एल0ओ0 प्रपत्र -6, प्रपत्र-7 एवं प्रपत्र -8 प्राप्त करेंगे एवं ब्लैक एंड व्हाइट तथा पुअर क्वालिटी फोटो के स्थान रंगीन फोटो हेतु रंगीन फोटो के साथ प्रपत्र 8 भरेंगे। सभी राजनीतिक दल से बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने एवम सूची कार्यालय को उपलब्ध करने का अनुरोध किया गया। निर्वाचक निबंधन पदाधकिरी द्वारा बताया गया की आयोग के निर्देशानुसार वैसे मतदाता केंद्र जहां 1400 से अधिक मतदाता है, को Rationlaize करना है। वैसे पोलिंग स्टेशन लोकेशन जहां एक से अधिक मतदान केंद्र हैं, में मतदाताओं की संख्या को Rationalize करना या आवश्यकता पड़ने पर मतदान केंद्र को मर्ज करना है। जर्जर मतदान केंद्र का भवन परिवर्तन करना है। निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा सभी राजनीतिक दलों से अनुरोध किया गया कि वे मतदान केंद्रों के पुनर्गठन के संबंध में प्रखंड स्तर पर आयोजित किए जाने वाले बैठक में भाग लेंगे एवं आयोग के निर्देशानुसार मतदान केंद्रों का पुनर्गठन हेतु प्रस्ताव पर विचार विमर्श करेंगे।

# मृतक के परिजनों से मिले पूर्व विधायक

## शोक प्रकट कर हर संभव मदद का दिया भरोसा



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव व भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने गोवा में हुई सड़क दुर्घटना में मृत काटियोंन गांव निवासी श्यामदेव सिंह पिता इंद्रदेव सिंह उम्र 28 वर्ष परिवारजनों से मिलकर शोक प्रकट करते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिया। मालूम हो कि गोवा मे सड़क दुर्घटना में श्यामदेव सिंह पिता इंद्रदेव सिंह की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी, जिससे पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई, मृतक अपने पिछे एक बेटा व एक बेटी समेत पुरा भरा पुरा परिवार छोड़ गया। पूर्व विधायक ने कहा कि क्षेत्र का प्रत्येक व्यक्ति मेरे परिवार के समान है। इनके दुख में शामिल होना मेरा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि हमारी कहीं भी अगर जरूरत पड़े तो आप लोग बेहिचक बताएंगे। हम आप लोग के मदद के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर सहित कई लोग उपस्थित थे।

### हजारीबाग लोकसभा के सांसद मनीष जायसवाल ने लोकसभा में ली सांसद पद की शपथ

# अपने नाम के बाद पिता ब्रजकिशोर का नाम जोड़कर बढ़ाया उनका मान



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 18वीं लोकसभा में सांसदों का शपथ लोकसभा के प्रथम सत्र के शुरुआती दिन सोमवार को हुआ। जिसमें सबसे पहले पीएम मोदी और फिर उनके मंत्रिमंडल में शामिल लोकसभा सदस्यों ने शपथ ली। इसके बाद अलग-अलग राज्यों के सांसदों ने सपथ लिया। शपथ ग्रहण के दौरान झारखंड राज्य के हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल अपने सादगी और साफगोईपूर्ण अंदाज में नज़र आए। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से पहली बार भाजपा की टिकट से चुनाव जीतकर निर्वाचित हुए सांसद मनीष जायसवाल ने अपने शपथ की शुरुआत मैं ÷मनीष ब्रजकिशोर जायसवाल÷ ईश्वर की शपथ लेता हूँ ...÷ से किया। उन्होंने अपने नाम के साथ अपने आदर्श पिता ब्रजकिशोर जायसवाल का नाम लेकर उनका सम्मान बढ़ाया। शपथ लेने के बाद सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि हजारीबाग लोकसभा की जनता-जनार्दन ने मुझ पर जो विश्वास जताया है उसपर मैं भी जनता की आशाओं व आकांक्षाओं पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करूंगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ÷विकसित और सशक्त हजारीबाग÷ के विजन को साकार बनाने के लिए कटिबद्ध रहूंगा। पहले बीजेपी सांसद भर्तृहरि महताब को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रोटेम स्पीकर पद की शपथ दिलाई और उसके बाद प्रोटेम स्पीकर की मदद के लिए बनाए गए पैनल के सदस्य सांसदों को शपथ दिलवाई गई। इस पैनल में 5 सदस्यों को रखा गया। जिसके माध्यम से ही सांसदों को शपथ दिलाया गया ।

## मादक पदार्थो के रोकथाम के जागरूकता हेतु पेन्टिंग प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला प्रशासन एवं पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड रांची के निर्देश के आलोक में आज दिनांक 24/06/2024 को कर्जन स्टेडियम अवस्थित जिला खेल कार्यलय हजारीबाग के सभागार में मादक पदार्थ के दुरुपयोग को समाप्त करने हेतु हजारीबाग जिला में संचालित आवासीय बालिका क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र एवं डे बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र के खिलाड़ियों एवं अन्य खेल के खिलाड़ियों के साथ पेन्टिंग प्रतियोगिता आयोजन किया गया। जिसमें कुल 65 खिलाड़ियों ने भाग लिया प्रतियोगिता में प्रथम स्थान स्वीटी कुमारी,द्वितीय स्थान अनिस्का सिंह,तृतीय स्थान अन्नु कुमारी ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी को मुख्य अतिथि कैलाश राम ज़िला खेल पदाधिकारी, हजारीबाग द्वारा पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में प्रशिक्षकों का मुख्य योगदान रहा द्य

## विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चला

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य में विधानसभा का आम चुनाव के दृष्टिगत लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 में निहित प्रावधान के आलोक में 1 जुलाई 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 निर्धारित किया गया है। आयोग से प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार पुनरीक्षण कार्यक्रम में दो चरण यथा प्री रिवीजन एक्टिविटीज और रिवीजन एक्टिविटीज होगी। प्री रिवीजन गतिविधियों के लिए 25 जून 2024 से 24 जुलाई 2024 तक की अवधि निर्धारित है। रिवीजन गतिविधियों के लिए 25 जुलाई 2024 से 20 अगस्त 2024 तक की अवधि निर्धारित है। पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 25 जुलाई को एकीकृत मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन एवं 20 अगस्त को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। पुनरीक्षण अवधि के दौरान विशेष अभियान दिवस आयोजित करने हेतु 27 जुलाई, 28 जुलाई, 3 अगस्त एवं 4 अगस्त 2024 तिथियो का निर्धारण किया गया है। विभाग द्वारा स्वच्छ समावेशी एवं त्रुटि रहित मतदाता सूची के निर्माण के लिए सभी पात्र नागरिकों का निबंधन एवं मतदाता सूची का शुद्धिकरण विशेष कर थर्ड जेंडर, पीवीटीजी ग्रुप, सेक्स वर्कर्स, 85 + आयु वर्ग, दिव्यांगजन, आश्रय गृहों में निवास करने वाले सभी पात्र नागरिकों का मतदाता सूची में शत प्रतिशत निबंधन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दिनांक 29 जुलाई 2024 से समावेशी सप्ताह का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है, जिसमें निम्न निर्देश दिए गए हैं- 1. दिनांक 29.7.2024 को पार्टिकुलर वल्नेरेबल ट्राइबल ग्रुप एवं दुरुस्त क्षेत्र में रहने वाले जन समूह को अभियान के तहत मतदाता सूची में निबंधन की कार्यवाही की जाएगी। 2. दिनांक 30.7.2024 को जिला अंतर्गत सभी रैन बसेरों/ आश्रय गृहों में रह रहे पात्र नागरिकों का निबंधन हेतु अभियान चलाया जाएगा। 3. दिनांक 31.7.2024 को पात्र दिव्यांग जनों का निबंधन एवं मतदाता सूची में मार्किंग हेतु विशेष अभियान चलाया जाएगा। 4. दिनांक 1.8. 2024 गुरुवार को 85+ आयु वर्ग के निबंधन हेतु विशेष अभियान चलाया जाएगा। 5. दिनांक 2.8.2024 शुक्रवार को सभी पात्र थर्ड जेंडर /सेक्स वर्कर्स का निबंध हेतु अभियान चलाया जाएगा। दिनांक 1.7. 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के सभी गतिविधियों का निर्धारित समय सीमा में संपन्न करने तथा अपने स्तर से सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को इस संबंध में अवगत कराने का निर्देश दिए गए है।

## मारपीट कर हत्या के मामले में दो गिरफ्तार

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली थाना अंतर्गत बसंतपुर गांव में शनिवार को 23 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। सिल्ली पुलिस ने कांड का उद्भेदन करते हुए सास और पति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जानकारी के अनुसार हजाम निवासी गौरी प्रसाद सिंह मुंडा की पुत्री पूजा रानी देवी उम्र 23 वर्ष की शादी बसंतपुर गाव के ठाकुर टोला में स्व.लखीनारायण सिंह मुंडा के पुत्र भानु प्रताप सिंह मुंडा के साथ हुआ था। रोजाना उसके साथ मारपीट प्रताड़ित किया जाता था। इस संबध में मृतक के पिता ने रिश्तेदारों के द्वारा मारपीट कर हत्या कर देने के संबंध में सिल्ली थाना में मामला दर्ज कराया। सिल्ली थाना प्रभारी मोहित कुमार ने कांड का उद्भेदन करते हुए सास पार्वती देवी उम्र 58 वर्ष एवं मृतक के पति भानु प्रताप सिंह मुंडा उम्र 25 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया गया। सिल्ली कांड संख्या 50/24 धारा 304(बी0)/34 भा.द.वि के तहत कांड संख्या दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## दो दिन का शूटिंग प्रतियोगिता जिला राइफल एसोसिएशन करेगा आयोजित

# चयनित प्रतिभागी देवघर में खेल सकेंगे स्टेट चैंपियनशिप



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** डिस्टिक राइफल एसोशियन का गठन और झारखंड शूटिंग एसोसियेशन की ओर से मान्यता के बाद यह बड़ी उपलब्धि है कि हजारीबाग डिस्टिक राइफल एसोशियन 29 और 30 जून को हजारीबाग प्रमंडल मुख्यालय में डिस्टक टूर्नामेंट कराने जा रहा है। जिसका समापन 1 जुलाई को पारितोषित वितरण के साथ होगा। सारे कार्यक्रम एसोसियेशन के फायरिंग रेंज, कर्जन ग्राउंड स्टेडियम में संपन्न होंगे। जानकारी देते हुए एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश रंजन ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ 29 जून के दोपहर डीजीपी अजय कुमार सिंह के कर कमलों से होगा। वे भाग ले रहे खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ायेंगे। खेल के प्रति राज्य सरकार का विशेष ध्यान है। नौकरियों में शूटरों को प्राथमिकता है। डिस्टिक लेबल पर अच्छे खिलाड़ी प्रदर्शन के आधार पर आयेंगे तो वे स्टेट लेबल पर होनेवाली प्रतियोगिता में खेलने के लिये अधिकृत होंगे। 1 जुलाई को समापन समारोह में पारितोषिक वितरण मुख्य अतिथि सिमरिया विधायक किशुन दास और विशिष्ट अतिथि ब्रिगेडियर राजेश करैल हजारीबाग एनसीसी ग्रुप तथा समाजसेवी मुन्ना सिंह के हाथों संपन्न होगा। हजारीबाग डिस्टिक राइफल एसोसियेश का अपना 15 मीटर फायरिंग रेंज सदस्यों के सहयोग से निर्मित है। जहां बच्चों को पिछले कई महीनों से प्रशिक्षण, राज्य और राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों द्वारा दिया जा रहा है। राइफल एसोसियेशन के अधीन जिले में दो राइफल क्लब हजारीबाग राइफल क्लब और आकाश शूटिंग क्लब संचालित है।

आपको बताते हुए हर्ष हो रहा है कि हजारीबाग डिस्टिक राइफल एसोसियेशन ने शिक्षा विभाग के आग्रह पर स्कूली बच्चों की टीम अपने रेंज में तैयार की थी। जिसमें कई लड़के लड़कियों ने राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में हजारीबाग का नाम रौशन किया। विभावि के अनुरोध पर विवि टीम के बच्चों को दो माह पहले प्रशिक्षित किया था। यह टीम विवि के राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर लौटी। एनसीसी में कई खिलाड़ी हमारे यहां प्रशिक्षण लेते हुए हमारे रेज का नाम रौशन कर रहे हैं। शूटिंग के हमारे प्रशिक्षक राहुल रविदास, ऋद्धि गुप्ता और तनवीर गोल्ड, सिल्वर विभिन्न मुकाबलों में ले चुके है और इनसे भी बेहतर उम्मीद है कि ये नेशनल स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करेंगे। सबसे बड़ी बात यह है कि एसोसियेशन बिना किसी सरकारी मदद के अपने बलबूते अभी तक शूटर और शूटिंग को बढ़ावा दे रहा है। मौके पर अध्यक्ष राकेश रंजन, महासचिव नीलेंदु जयपुरियर, उपाध्यक्ष हरीश श्रीवास्तव, मनोज गुप्ता, मार्गदर्शक शत्रुघ्न पांडेय, सुब्रोतो राय आदि उपस्थित हुए।

# स्थाई अतिक्रमणकारियों पर प्रशासन क्यों नही करती कार्यवाई : चितरंजन गुप्ता



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हजारीबाग जिला प्रशासन व नगर आयुक्त सिर्फ गरीब व फुटपाथ पर दुकान लगाकर अपना जीविका चलाने वाले को ही अतिक्रमणकारी समझती है. अतिक्रमण हटाने के नाम पर प्रशासन के द्वारा सिर्फ उन्हें ही निशाना बनाया जाता है जबकि शहर में कई ऐसे अतिक्रमणकारी है जो सार्वजनिक संपत्ति पर स्थाई निर्माण कर अतिक्रमण कर चुके हैं उन पर नगर निगम या जिला प्रशासन के द्वारा किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की जाती है उक्त बातें भारतीय नागरिक अधिकार रक्षा मंच के अध्यक्ष सह आरटीआई कार्यकर्ता चितरंजन प्रसाद गुप्ता ने कही. उन्होंने नगर निगम के कार्यशैली पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि जब कभी भी नगर निगम के पदाधिकारी का मन करता है तो वह अतिक्रमण हटाने के नाम पर सड़क किनारे दुकान लगाकर गुजर बसर करने वाले गरीब लोगों को हटाकर खानापूर्ति कर देती है लेकिन जो अतिक्रमणकारी सार्वजनिक संपत्तियों पर स्थाई निर्माण कर चुके हैं उनकी ओर वे नजर उठाकर भी नहीं देखते हैं. उन्होंने आगे कहा कि जिस कार्यालय में प्रतिदिन हजारीबाग के उपायुक्त, अपर समाहर्ता, एसडीओ समेत तमाम आलाधिकारी आते जाते हैं उसके ठीक सामने एक होटल का निर्माण कर सरकारी भूमि का अतिक्रमण किया गया है इस पर उनकी नजर क्यों नहीं जाती है . नया समाहरणालय के ठीक सामने अवस्थित गैराज के ठीक पीछे मौज सारले में गैर मजुरआ / केसर हिंद जमीन पर अस्थाई भवन बनाकर अतिक्रमण कर लिया गया इस पर भी किसी की निगाह नहीं जाती है.उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि डेली मार्केट जाने के लिए जो रास्ता पहले था उसे भी अतिक्रमण कर दिया गया साथ ही वहां अवस्थित कुआं पर मार्केट का निर्माण कर दिया गया क्या यह अतिक्रमण नहीं है आखिर नगर निगम या जिला प्रशासन में अस्थाई अतिक्रमण कार्यों के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं करती है? अतिक्रमण हटाने के नाम पर सिर्फ गरीब गुरुबो को ही क्यों उजाड़ा जाता है? क्या नगर निगम या जिला प्रशासन की नजर में गरीब होना गुनाह है?

## शिक्षा के साथ संस्कार निर्माण की भी जरूरत : स्वामी सर्वविद्यानंदजी महाराज



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ़ की पावन धरा के प्रखण्ड मुख्यालय चेडरा, हॉस्पिटल चौक स्थित विवेकानंद सेवाश्रम में रामकृष्ण मिशन पटना के सचिव स्वामी सर्वविद्यानंदजी महाराज एवं रामकृष्ण विवेकानंद भाव प्रचार परिषद बिहार झारखंड के संयोजक सुकुमार दास का शुभागमन हुआ। स्वामी सर्वविद्यानंदजी महाराज ने मंदिर परिसर एवं विद्यालय का निरीक्षण किया।स्वामी जी ने शिक्षकों और छात्रों के बीच अपने संबोधन में विवेकानंद के जीवनी पर प्रकाश डाला और छात्रों को स्वामी विवेकानंद के गुणों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया।उन्होंने इस बात पर खुशी जाहिर की यह विद्यालय विवेकानंद के विचारों पर आधारित शिक्षा को इस क्षेत्र में प्रसारित कर रहा है। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक यशवंत मिश्र, सभी शिक्षक और छात्र उपस्थित थे।

## दिव्यांगो के लिए लगाया गया विशेष शिविर




**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कन्या विद्यालय नवाबगंज रोड हजारीबाग में दिव्य ज्योति और श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के तत्वाधान में दिव्यांगजनों के सहायक उपकरण हेतु जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 130 दिव्यांगजनो का जांच किया गया और जांच के दौरान सभी लाभुकों को आवश्यकता अनुसार उनका उपकरण प्रक्रिया दिया गया साथ ही साथ शिविर में दिव्यांगजनों का नेत्र जांच भी किया गया कार्यक्रम में उपस्थित डॉ साहू ,दीपक शर्मा ,मुकेश कुमार राणा रमन ,पम्मी कुमारी, तमन्ना ,शशिकांत भारती ,ललिता कुमारी ,कांति कुमारी स्वेता कुमारी इत्यादि लोग ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## चोरी किया गया ट्रैक्टर बरामद, एक गिरफ्तार

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली पुलिस ने 24 घंटे के अंदर चोरी किया गया ट्रेक्टर को बरामद कर एक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।जानकारी के अनुसार सिल्ली प्रखंड अंतर्गत पतराहातु निवासी यशवनी कुमार साहू का ट्रेक्टर जे एच 01सी सी 8314 है। 22/06/2024 शनिवार कि रात लगभग एक बजे चोरी हो गया था। यशवनी कुमार साहू ने चोरी का सुचना सिल्ली थाना को दिया। सिल्ली थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम गठित कर तत्वरित कार्य करते हुए सिल्ली थाना एवं सोनाहातू थाना के द्वारा ट्रैक्टर ले कर भाग रहे उक्त चोर को रविवार के दिन गिरफ्तार कर सिल्ली थाना लाया गया।एवं पुछताछ के दौरान अपना जुर्म स्वीकार किया। सिल्ली थाना के द्वारा चोरी के खिलाफ मामला दर्ज कर सिल्ली थाना कांड संख्या 51/24, 379/411/34 भा.द.वि के तहत न्यायिक हिरासत भेज दिया गया। गिरफ्तार युवक तमाड़ थाना क्षेत्र के नुरूडीह निवासी सुनील लोहरा उम्र 28 वर्ष है।

# कुसुंभा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन

# निःस्वार्थ भाव से लगातार सेवा की जा रही है : हर्ष अजमेरा



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेवा सहयोग समिति के द्वारा जनता कि समस्याओं का तत्काल हल करने का प्रयास किया जा रहा है समिति के द्वारा डेढ़ सौ से भी अधिक चापाकल मरम्मत एवं नए चापाकल को लगाया गया है, इतना ही नहीं समिति के द्वारा बेटियों के विवाह में शादी का जोड़ा भी उपहार स्वरूप भेंट किया जा रहा है, इसी क्रम मे सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग के पंचायत भवन कुसुभा में स्वास्थ्य जाँच शिविर आयोजित किया गया, इस शिविर का उद्घाटन मुखिया कल्लू राम ,वार्ड सदस्य धुपलाल यादव वार्ड सदस्य संतोष यादव,वार्ड सदस्य सीमा कुमारी,वार्ड सदस्य जितनी देवी वार्ड सदस्य मोहन तूरी,इंदु कुमारी , साबिया देवी,सुनिल कुमार यादव , गीता बाडो,सलोनी इक्का,अनिल कुमार भोक्ता, विकाश कुशवाहा,विकाश यादव, सुनिल कुमार पाण्डेय,सुनीता कुमारी,कंचन देवी ने शिविर का उद्घाटन किया। शिविर सुबह 10ः00 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर करीब दो बजे तक निरंतर रूप से चलते रहा। सिविल में महिलाएं एवं बुजुर्गों ने पर चढ़कर शिविर का हिस्सा बने, सेवा सहयोग समिति के द्वारा अब तक आठ पंचायत में शिविर का आयोजन किया जा चुका है। इस शिविर में जिले के सुप्रसिद्ध जनरल फिजिशियन के द्वारा लोगों की जांच की गई वही नेत्र रोग के रूप में सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ ने बेहतर सलाह के साथ मरीजों का जांच किया जिसमें कई मरीजों को निशुल्क दवाइयां दी गई, साथ में बीपी,शुगर,पल्स एवं वजन का जांच किया गया। मौसम को देखते हुए कार्यक्रम स्थल पर बेहतर सुविधा उपलब्ध थी। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि सेवा सहयोग समिति के द्वारा निस्वार्थ भाव से लगातार सेवा की जा रही है। 30 तारीख तक कटकमदाग प्रखंड के विभिन्न पंचायत में आयोजित किया जाएगा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर इसके उपरांत दारू प्रखंड कटकमसांडी प्रखंड सदर प्रखंड में निशुल्क जांच शिविर का आयोजन होगा सदर विधानसभा की जनता स्वस्थ एवं निरोग रहे मेरा यही लक्ष्य है,स्वास्थ्य शिविर के आयोजन का अनुभव शानदार है। स्वास्थ्य शिविर में दूर-दराज से मरीज इलाज के लिए आए थे। लोगों को पास ही सुविधा मिल गई है। निशुल्क स्वास्थ्य का परीक्षण हुआ। पैथालॉजी जांचें भी कराई गई। दवाइयां भी दी गई। इस पहल से कई मरीजों को इलाज मिला। शिविर में डॉक्टर का सुझाव और दवा मुफ्त दी गई। शहर के प्रतिष्ठित डॉक्टरों की टीम बैठी थी। मरीजों का बेहतर इलाज किया गया। लोगों ने शिविर की तारीफ भी की है। समय-समय पर ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# सरकारी स्कूलों को प्राइवेट से बेहतर बनाना मेरा उद्देश्य : कल्पना सोरेन

## बेंगाबाद प्रखण्ड में विधायक कार्यालय किया गया उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** सोमवार को गिरिडीह सर जेसी बोस नवनिर्वाचित गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन गिरिडीह स्थित सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस पहुंचीं।वहां स्कूली छात्राओं से मिल उन्होंने स्कूल की शिक्षा के गुणवत्ता को परखने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों को उत्कृष्ट बनाना, प्राइवेट स्कूलों से बेहतर बनाना, गरीब बच्चों को भी शिक्षा के बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए संवेदनशीलता चाहिए, अपने राज्य और राज्यवासियों के प्रति प्रेम चाहिए। उनकी खुशी में अपनी खुशी देखने की नीयत चाहिए। उन्होंने कहा कि हेमन्त ने प्रण लिया और झारखंड के सरकारी स्कूलों ने बेहतरीन कायाकल्प देखा। यह अभियान बहुत बड़ा है जिसे हमें मिलकर पूरा करना है। बेहतर शिक्षा से ही झारखण्ड आगे बढ़ सकता है। और बेहतर शिक्षा से ही झारखण्ड आगे बढ़ेगा भी। मौके पर उपस्थित गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, प्राचार्य मुन्ना प्रसाद कुशवाहा समेत अन्य लोग उपस्थित थे। इधर क्षेत्र भ्रमण के क्रम में गांडेय विधानसभा के बेंगाबाद पहुँची । वहीबाबा नर्मदेश्वर धाम में विधि विधान के साथ की पूजा अर्चना की। वहीं हनुमान मंदिर व दुर्गा मंदिर में भी टेकी माथा। मौके पर विधायक सुदिब्य कुमार सोनू, मुखिया प्रतिनिधि विजय सिंह, प्रमुख मीना देवी, पंसस प्रमिला देवी, कर्मिला टूडू, ग्रेसी किस्कू, बीडीओ , सीओ सहित अन्य झामुमो नेताओं ने पूजा अर्चना में भाग लिया। वहीं राज्यसभा सांसद डॉ सरफराज अहमद ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण कर जनता से मिलने के बाद ब्लॉक में विधायक कार्यालय का भी उद्घाटन किया गया।

## विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 से संबंधित प्रेस वार्ता

# 25 जून-24 जुलाई 2024 तक होगा हाउस टू हाउस सर्वे




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार दिनांक 24 जून 2024 को उप विकास आयुक्त सादात अनवर द्वारा द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 से संबंधित प्रेस वार्ता आयोजित की गयी। समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा एवं जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह उपस्थित थे।

बैठक में उप विकास आयुक्त द्वारा मीडिया प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाता सूची प्रकाशन को लेकर प्राप्त निर्देशों की विस्तार से जानकारी दी गयी। सभी को बताया गया कि दिनांक 01.07.2024 को अहर्त्ता तिथि मानते हुए 25 जून से मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हो रही है। इसके अंतर्गत संशोधन पूर्व गतिविधियों की जानकारी दी गई कि बीएलओ के माध्यम से घर-घर का सत्यापन किया जाना है। मतदान केंद्रों का युक्तिकरण/पुनर्गठन। मतदाता सूची/ ईपिक में भी विसंगतियों को दूर करना। अच्छी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए फोटो गुणवत्ता में सुधार जहां भी आवश्यक हो रोल में धुंधली खराब गुणवत्ता वाली में विनिर्देशों के अनुरूप न होने वाली तथा गैर-मानवीय फोटो वाली को प्रतिस्थापित करके फोटोग्राफ को हटाया जाना है।खंड भागो का पुनर्गठन और खंड भाग की सीमा के प्रस्तावित पुनर्गठन को अंतिम रूप देना मतदान केंद्रों का स्थान और मतदान केंद्रों की सूची का अनुमोदन प्राप्त करना। अर्हता तिथि के रूप में 01/07/24 के संदर्भ में एकीकृत ड्राफ्ट रोल तैयार करना।

**पुनरीक्षण गतिविधियां :-** 25-07-2024 को एकीकृत प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन।, 25-07-2024 से 09-08-2024 दावे आपत्तियां दाखिल करने की अवधि।, 27-07-2024, 28-07-2024, 03-08-2024, 04-08-2024 को विशेष अभियान चलाया जाना है।,19-08-2024 को दावों एवं आपत्तियों का निपटारा, स्वास्थ्य मापदंडों की जांच और अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग की अनुमति प्राप्त करना, डेटाबेस को आदतन करना और अनपुरकों का मुद्रण करना।, 20-08-2024 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाना है। उप विकास आयुक्त द्वारा बताया गया कि इस दौरान 01 जुलाई को अर्हता तिथि मानते हुए 18 वर्ष पूरे करने वाले नए मतदाताओं को मतदाता सूची से जोड़ने का कार्य करना है, साथ ही शिफ्टेड, डुप्लीकेट और मृत मतदाताओं का सत्यापन करते हुए मतदाता सूची से उनका विलोपन नियमानुसार सुनिश्चित करना है।

## छवि को धूमिल करने का किया जा रहा प्रयास : किशोर

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कुसमाडीह पंचायत के बलियारी गांव में दो दिन पुर्व जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट की घटना हुई जिसमें चार लोगों की चोटे आई है मामले को लेकर एक पक्ष जिसमें सुरेंद्र मंडल के आवेदन पर सरिया थाना में मामला दर्ज हुआ है। इस घटना में कुसमाडीह के पूर्व मुखिया तारा देवी के प्रतिनिधि किशोर मंडल एवं उनके भतिजा अभिषेक को भी आरोपी बनाया गया है। किशोर मंडल ने मामले को जानकारी देते हुए बताया कि पूरे मामले से मेरे परिजनों का कोई तालुक नही है जमीन विवाद आपस मे दोनों गोतिया मे है इन दोनो परिवारो के बीच जमीन विवाद है जो अनुमण्डल कोर्ट में न्यायधिन है दोनों गोतियारी विवाद के समझौता को लेकर हमने भी समझाने का प्रयास किया था ताकि मामला सलटा जाय लेकिन मेरे बात पर एक पक्ष को नागवार गुजरा जिसके कारण मुझे और मेरे भतीजे पर गुस्सा उतारा और 21 जून की रात में मेरे भतीजे की ऊलोगों ने पिटई किया जब सुबह अपने भतीजे को थाने जा ही रहे थे कि रास्ते में फिर दोनों पक्षों में मार पीट हो गई उस जमीन से मेरे परिवार वालों का कोई लेना देना नही है।

## आस्था महिला समिति ने बुजुर्गों को प्रदान किया एयर कूलर



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोमवार को सबलपुर सहयोगी नगर स्थित ओल्ड एज होम को आस्था महिला समिति संस्था की सदस्याओं ने एक एयर कूलर और खाने पीने की सामग्री भेंट की। महिला आस्था समिति की अध्यक्ष पूनम सिंह ने कहा की बुजुर्गों को इस प्रचंड गर्मी में एयर कूलर से राहत देने का एक छोटा सा प्रयास है। आस्था महिला समिति बुजुर्गों की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है। बहुत जल्द बुजुर्गों को संस्था की तरफ से और भी सेवाएं प्रदान की जाएगी। मौके पर आस्था महिला समिति की अध्यक्ष पूनम सिंह, सचिव मृदूला सिंह, कोषाध्यक्ष शबनम लाला, निदेशक ममता कुमारी, कार्यकारिणी निदेशक सविता ग्रोवर, अर्चना ग्रोवर, वीना ग्रोवर, प्रवीण ग्रोवर, शशि गुप्ता, मधुर डोकानिया, सरिता जैन, लीना सिंह समेत संस्था की अन्य सदस्या मौजुद थी।

## वॉलीबाल प्रतियोगिता के साथ ओलंपिक डे का सप्ताहव्यापी खेल कार्यक्रम प्रारंभ

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दिनांक 23 से 29 जून तक वैश्विक स्तर पर ओलंपिक डे के कार्यक्रम के तहत धनबाद में भी सप्ताहव्यापि खेल कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इसके तहत धनबाद जिला ओलंपिक संघ द्वारा स्थानीय वॉलीबाल कोचिंग सेंटर, हीरापुर में एक दिवसीय वॉलीबाल प्रदर्शनी मैच का आयोजन सूरज प्रकाश लाल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान पुरुषों की स्पर्धा में सीनियर एकादश बनाम यूथ एकादश के बीच प्रदर्शनी मैच खेला गया जिसमें पुरुषों की स्पर्धा में सीनियर एकादश ने यूथ एकादश को 25 -19, 25 - 21 से पराजित कर ओलंपिक डे कप पर अपना कब्जा जमाया जबकि महिलाओं की स्पर्धा में यूथ एकादश ने जूनियर एकादश को 25- 21, 13 - 25, 16- 15 से परस्त कर विजेता टीम का खिताब अपने नाम किया।

## रिवाज मैरिज हॉल के मालिक के खिलाफ एसोसिएशन ने खोला मोर्चा

# मैरिज हॉल का मैनेजर नये स्टाफ से काम के मद में मांगते हैं कमिशन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** कतरास स्थित रिवाज मैरिज हॉल के मालिक के रवैए से नाराज धनबाद जिला डेकोरेटर एसोसिएशन ने उनके यहां किसी भी कीमत पर काम न करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय एसोसिएशन ने एसोसिएशन के पदाधिकारी और सदस्य के ऊपर झूठे मुकदमे के खिलाफ लिया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने इस आशय की जानकारी दी है। उन्होंने कहा की रिवाज मैरिज के मालिक का रवैया बेहद आपत्तिजनक है। ऐसे में उनके रवैये से परेशान होकर उन्हें यह निर्णय लेना पड़ा है।

**क्या है परेशानी :-** रिवाज मैरिज हॉल के मालिक का रवैया बेहद आपत्तिजनक है। जो भी सदस्य काम करने जाते हैं, उनके मालिक और मैनेजर द्वारा काम करने वाले सदस्य से मोटी रकम कमीशन के रूप में मांगी जाती है। उनके हॉल का पैसा पार्टी के पास बाकी रहती है तो सदस्य का सामान जबरदस्ती रोक ली जाती है। और अभद्र तरीके से बात कर मारपीट तक तैयार हो जाते हैं। गत 22 जून को एक सदस्य अजय पांडेय के द्वारा ऐसा ही व्यवहार की गई। अजय पांडेय ने इसकी शिकायत एसोसिएशन से की है। तब इसे नाराज होकर रिवाज मैरिज हॉल के मालिक द्वारा केंद्रीय अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, कतरास शाखा अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, कतरास शाखा के सचिव संदीप साहू और अजय पांडेय के ऊपर झूठा मुकदमा दायर कर दिया। आज 24 जून को न्यायालय में न्यायाधीश आशुतोष पांडे के कोर्ट के समक्ष अधिवक्ता द्वारा सभी को बेल दिलाई गई। एसोसिएशन के महासचिव विश्वनाथ सिंह ने बताया कि एसोसिएशन के सैकड़ो संख्या में सदस्यों ने इसके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक मनजीत सिंह ने बताया कि हमारा मुख्य कार्य सभी को सम्मान दिलाना है चाहे वह शादी हो श्राद्ध हो जन्मदिन हो या सरकारी कार्य किसी पार्टी विशेष की ओर से हर वक्त सदस्य सम्मान दिलाने के लिए दिन-रात एक कर देते हैं। आज भी उनके समक्ष यही सम्मान की लड़ाई है।

## एसबीआई वासेपुर के ब्रांच मैनेजर को किया सम्मानित



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार खान ने वासेपुर स्थित एसबीआई के शाखा प्रबंधक दीपेन्द्र कुमार को मोमेंटो देकर सम्मानित किया और उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। खान ने बताया की वर्ष 2023 के जुलाई माह मे ब्रांच मैनेजर के तौर पर दीपेन्द्र कुमार ने पदभार ग्रहण किया था। पूर्व के शाखा प्रबंधकों की तुलना मे ये काफी मृदुभाषी हैं तथा इनका व्यवहार और कार्यशैली अत्यंत सराहनीय एवं प्रसंशनीय है जिससे प्रभावित होकर आज मैने इन्हें सम्मानित किया है और मैं इनके उज्ज्वल भविष्य की भी कामना करता हुं। वहीं शाखा प्रबंधक दीपेन्द्र कुमार ने मुख्तार खान का आभार प्रकट किया और कहा की इस सम्मान से उन्हें और भी सकारात्मक उर्जा प्राप्त होगी और उनके कार्य प्रदर्शन का स्तर और भी उंचा होगा।

## झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की विधानसभा स्तरिया समीक्षा बैठक हुई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** सरिया प्रखंड के हाई स्कूल स्टेडियम में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की एक अहम बैठक संपन्न हुई। जिसमे सर्वसम्मति से विधानसभा मे संगठन विस्तार हेतु एक कोर कमिटी का गठन किया। गया जिसकी अध्यक्षता.धर्मपाल महतो एवं संचालन शशि ठाकुर ने किया। बैठक में जयराम महतो को विचारों को घर-घर पहुंचने के लिए और बगोदर विधानसभा को मजबूत करने के लिए बगोदर विधानसभा अंतर्गत सभी पंचायत को मजबूत करने के लिए और हरेक वक्ता बरी बरी से आप वक्तबा दिया और आने वाले दिन में जेबीकेएसएस झारखंड में नम्बर एक मे हो उपस्थित केंद्रीय महासचिव दिनेश साहु केंद्रीय, उपाध्यक्ष शेख शाहिद , वसीम अख्तर जगदीश प्रसाद पूनम देवी ने बताया गया की केंद्र का आदेश अनुसार एवं विधानसभा चुनाव के मध्य नजर अभी से ही जूट जाने की अपील किया गया उमेश महतो, धर्मपाल महतो, सोहनलाल महतो, शाहीद अंसारी, जगदीश महतो, निरंजन कुमार, दिनेश कुमार दस, राजन मोदी, जितेंद्र साव, अनिल वर्मा, दिनेश राणा, रंजन विश्कर्म, संतोष साव, दिलीप दिवांगन, मनोज कुमार शर्मा, गोपाल यादव, पंकज वर्मा, अमन कुमार वर्मा, अजय विश्वकर्म, रंजीत दस, रोहित रजक, विकास राणा पवन मंडल गणेश राणा लगभग सैकड़ों की संख्या मे लोग उपस्थित रहे।

## गिरिडीह में अपराधियों ने पिस्टल का भय दिखाकर आभूषण कारोबारी से डेढ़ लाख की छिनतई की

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले में सोमवार को दोपहर करीब दो बजे स्टेशन रोड के पास अपराधियों ने पिस्टल का भय दिखाकर आभूषण कारोबारी सुरेंद्र भदानी के हाथ में पहने हुए तीन अंगूठी निकलवा लिए,वही कीमत डेढ़ लाख बतायी जा रही है।इस घटना की जानकारी जबतक नगर थाना पुलिस को मिलती तब-तक तीनों अपराधी वहां से फरार हो गए थे. पुलिस आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है. छीनतई की घटना दोपहर करीब दो बजे की बतायी जा रही है।बताया जा रहा है कि बड़ा चौक स्थित न्यू मोती ज्वेलर्स के 75 वर्षीय मालिक सुरेंद्र भदानी बैंक से पैसे जमा कर बाइक से घर लौट रहे थे. इसी दौरान स्टेशन रोड से बाभनटोली जाने के क्रम में दो अपराधियों एक ही बाइक से उन्हें ओवरटेक कर रोका. और उनसे हेलमेट नहीं पहनने का कारण पूछा और ये भी कहा कि वाहन चेकिंग अभियान चल रहा है. इसके बाद दोनों अपराधियों ने जेवर कारोबारी को अंटा बंगला मैदान के समीप ले गए. और पिस्टल सटाकर हाथ से उनते तीनों अंगूठी खोलवा लिए. इस बीच एक और अपराधी बाइक से वहां आ पहुंचा. इसके बाद तीनों अपराधी उनकी अंगूठी लेकर फरार हो गए. अपराधियों द्वारा पिस्टल सटाकर कारोबारी भी छिनतई की खबर कारोबारियों में दहशत है. इधर जेवर कारोबारी ने घटना की जानकारी अपने परिजनों को दिया. तो उनके बेटे अंटा बंगला के समीप पहुंचे और घटना की जानकारी नगर थाना पुलिस को दिया।

## पांच दिवसीय पोषण भविष्य नेतृत्व कार्यक्रम का हुआ उद्घाटन


प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** देश भर से विभिन्न तकनीकी और शैक्षणिक संस्थानों के कुल18 संकाय सदस्यों ने आईआईटी (आईएसएम) धनबाद में एकत्रित होकर शिक्षण की बारीकियों को सीखा, जिसमें बातचीत कौशल विकसित करना, प्रभाव और अनुनय, नेतृत्व प्रेरणा और प्रभावी प्रदर्शन लिंक को समझना, संचार कौशल-मौखिक और व्यक्तिगत और संगठनात्मक विकास के लिए सीखने की मानसिकता की संस्कृति बनाना। मौका था प्रतिष्ठित मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत आयोजित पांच दिवसीय पोषण भविष्य नेतृत्व कार्यक्रम के उद्घाटन दिवस का। पांच दिवसीय कार्यक्रम के दौरान दो विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। जिनमें से एक शैक्षणिक क्षेत्र के विशेष संदर्भ में परिवर्तनकारी नेतृत्व प्रथाओं पर और दूसरा तनाव प्रबंधन, अचेतन समूह की गतिशीलता और संघर्ष समाधान पर होगा। प्रो. मोहम्मद इरफान ने पाठ्यक्रम समन्वयक के रूप में स्वागत भाषण देते हुए शिक्षा मंत्रालय के निर्देशानुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन के उद्देश्यों से अवगत कराया। प्रोफेसर मृणालिनी पांडे, पाठ्यक्रम सह-समन्वयक ने धन्यवाद प्रस्ताव देते हुए कहा की मैंने नेतृत्व का पहला पाठ प्रोफेसर सुकुमार मिश्रा, निदेशक आईआईटी (आईएसएम) से सीखा है, जिन्होंने सभी संस्थानों प्रमुखों को व्यक्तिगत रूप से ट्रेनिंग के लिए प्रतिनिधि नामित करने के लिए पत्र लिखा था जबकि वो कुछ ही दिन पहले संस्थान में ज्वाइन किये हैं।

## जिला ओलंपिक संघ का सप्ताहव्यापी ओलंपिक डे कार्यक्रम आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता




**धनबाद :** झारखण्ड ओलंपिक संघ के तत्वाधान में धनबाद जिला ओलिंपिक संघ द्वारा आयोजित सप्ताहव्यापी ओलिंपिक डे कार्यक्रम के तहत सोमवार को दून पब्लिक स्कूल में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दो टीमों के बीच प्रदर्शनी मैच के रूप में आयोजित इस प्रतियोगिता में दून वारियर्स ने धनबाद पैंथर टीम को अंकों के आधार पर परास्त करते हुए ओलिंपिक डे ट्रॉफी पर अपना कब्ज़ा जमाया। विजेता टीम के खिलाडियों में अमित साव (कप्तान), अंशुमान कुमार, चन्दन कुमार, आदित्य झा, समीर, आशीष कुमार, आदित्य सिंह, रवि साव, आशु कुमार, रौनक तथा अर्णव कुमार शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल के उप निदेशक सुनील सिंह उपस्थित हुए जिन्होंने विजेता तथा उप विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। मौके पर स्कूल के प्राचार्य बी. के. सिंह, उप प्राचार्य प्रियरंजन कुमार, धनबाद जिला ओलिंपिक संघ के वरीय उपाध्यक्ष रेज़ा इश्त्याक, महासचिव रंजीत केशरी, संयुक्त सचिव तारक नाथ दास, कोषाध्यक्ष पवन बरनवाल स्केटिंग कोच शिव कुमार महतो तथा थांग-ता कोच ममता कुमारी पांडे आदि उपस्थित थे। प्रतियोगिता का सञ्चालन स्कूल के खेल विभागाध्यक्ष मृदुल बोस द्वारा किया गया। इस सप्ताहव्यापी ओलिंपिक डे कार्यक्रम के तहत बास्केटबॉल की प्रतियोगिता का आयोजन आज पूर्वाह्न 10 बजे डेनोबिली स्कूल, कोराडीह में होगा।

## हरी-भरी धरती व उसके सौंदर्य को संभालना ही हमारे जीवन का मूल उद्देश्य होना चाहिए : डॉ. एस. खालिद

प्रभात मंत्र संवाददाता



**ग्लोबल स्कूल ऑफ इंडिया में इंडो-ब्रिटिश कैंपेन के तहत ग्लोबल गार्डन किकऑफ सेरेमनी आयोजित**

**धनबाद :** ग्लोबल स्कूल ऑफ इंडिया में इंडो-ब्रिटिश कैंपेन के तहत प्राइम कम्युनिकेशन मीडिया इंडिया के तत्वावधान में ग्लोबल गार्डन किकऑफ़ सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत पौधारोपण से की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिनेश कुमार सिंह, प्राचार्य गोविन्दपुर प्लस 2 हाई स्कूल; डॉ. एस. खालिद, फाउंडेशन ट्रस्ट के चेयरमैन और ग्लोबल स्कूल ऑफ इंडिया के डायरेक्टर; प्राचार्या विद्या सिंह; शिक्षक प्रभारी अरविंद प्रसाद रजक; सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी और बच्चों ने मिलकर पौधारोपण किया। मुख्य अतिथि दिनेश कुमार सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि प्रकृति हमारी धरोहर है। अगर इसका दोहन किया गया, तो इसके बुरे परिणाम हमें भुगतने होंगे। उन्होंने कहा कि कृत्रिम वस्तुओं के प्रयोग में हम इतने मशगूल हो गए हैं कि प्राकृतिक महत्व को नज़रअंदाज़ कर बैठे हैं, जिसके कारण पंखे, कूलर, और एसी सभी फेल होने लगे हैं और तापमान 50 डिग्री से पार हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमें जागरूक होकर अपनी बहुमूल्य प्राकृतिक धरोहर का संरक्षण करना चाहिए। वहीं डॉ. एस. खालिद ने अपने वक्तव्य में कहा कि हमारे जीवन का मूल उद्देश्य हरी-भरी धरती और उसके सौंदर्य को संभालना होना चाहिए, क्योंकि जल, वायु, और अन्न का स्रोत वृक्ष ही है। प्राचार्या विद्या सिंह ने कहा कि पौधारोपण कर हमारी ज़िम्मेदारी समाप्त नहीं होती, बल्कि पौधे को वृक्ष बनने तक उसकी देखभाल, सेवा, और निरीक्षण आवश्यक है। इस कार्यक्रम के माध्यम से ग्लोबल स्कूल ऑफ इंडिया ने पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण के महत्व पर जोर दिया, जिससे बच्चों और उपस्थित लोगों में जागरूकता फैलाई जा सके।

## सभी नागरिकों के लिए रेलवे यात्रा वृतांत प्रतियोगिता का होगा आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) सभी नागरिकों के लिये हिन्दी में रेल यात्रा वृतान्त प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है । रेलकर्मियों सहित जन साधारण के रेल यात्रा संबंधी अनुभव प्राप्त करने और उन अनुभवों के आधार पर रेलवे की सुविधाओं को और बेहतर बनाने तथा उनमें हिन्दी का प्रयोग बढ़ाने के उद्देष्य से अखिल भारतीय स्तर पर रेल यात्रा वृतान्त प्रतियोगिता आयोजित की गयी है जिसमें हिन्दी में लिखे गये रेल कर्मियों सहित जन साधारण के रेल यात्रा संबंधी अनुभव मांगे गये हैं। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों में एक को प्रथम पुरस्कार के रूप में 10 हजार रूपए, एक को द्वितीय पुरस्कार के रूप में 08 हजार रूपए, एक को तृतीय पुरस्कार के रूप में 06 हजार रूपए तथा पाँच को प्रेरणा पुरस्कार के रूप में प्रत्येक को 04 हजार की राषि एवं प्रषस्ति-पत्र दिया जाएगा । रेल यात्रा वृतान्त हिन्दी भाषा में न्यूनतम 3000 एवं अधिकतम 3500 शब्दों का होना चाहिये। रेल यात्रा वृतान्त डबल स्पेष में टाइप किया हुआ तथा चारो तरफ एक-एक इंच का हासिया छूटा हुआ एवं पृष्ठ संख्या अंकित होना चाहिये । इसके साथ ही शब्दों की कुल संख्या लिखी होनी चाहिये। वृतान्त के प्रारम्भ में एक अलग कागज में बड़े अक्षरों में नाम, पदनाम, आयु, कार्यालय अथवा निवास का पता, मातृभाषा, मोबाइल नम्बर, ई-मेल तथा वृतान्त के शब्दों की संख्या आदि का उल्लेख किया जाना चाहिये।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


## चलते चलते एक नजर

### मुख्यमंत्री से मिले सीसीएल के अध्यक्ष



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से सोमवार को झारखंड मंत्रालय में सेंट्रल कोल फील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक निलेंदु कुमार सिंह ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

### सुखदेव भगत ने संसद पहुंचते ही उठाया सरना धर्म कोड का मामला

**जातिगत कॉलम में सरना धर्म कोड देने की मांग की**

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा संसदीय सीट से एतिहासिक जीत दर्ज करने वाले कांग्रेस के सांसद सुखदेव भगत ने सोमवार को दिल्ली में सांसद पद की सदस्यता ग्रहण करने से पहले ही सरना धर्म कोड का मामला उठाया। उन्होने हाथ में पोस्टर लेकर जातिगत कॉलम में सरना धर्मकोड को शामिल करने और इसे लागू करने की मांग की। सुखदेव भगत ने अपने चुनाव अभियान के दौरान सरना धर्म कोड का मामला प्रमुखता से रखते हुए वोट मांगा था। चुनाव में जीत दर्ज करने के दौरान निकाले गये आभार यात्रा में भी उन्होने कहा था कि दिल्ली जाकर सबसे पहला काम वो यही करेंगे और जब मौका लगेगा सरना धर्म कोड की मांग संसद में जरूर करेंगे। सांसदों के शपथग्रहण में शामिल होने से पहले सुखदेव भगत ने एक बार फिर सरना धर्म कोड का मामला उठाया।

### युवा आजसू सदस्यों ने मारवाड़ी महाविद्यालय के प्राचार्य को 9 सूत्री मांग पत्र सौंपा

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** युवा आजसू का एक प्रतिनिधिमंडल विशाल यादव के नेतृत्व में मारवाड़ी महाविद्यालय के प्राचार्य से मुलाकात कर उन्हें 9 सूत्री मांग पत्र सोपा।मांग पत्र सौंपते हुए युवा आजसू से के विशाल यादव ने मारवाड़ी महाविद्यालय के प्राचार्य से कहा पूरे कैंपस में छात्र-छात्राओं के लिए वाईफाई की व्यवस्था की जाए। मारवाड़ी महिला महाविद्यालय मैं लिफ्ट की मरम्मत कर उसे चालू किया जाए। मौके पर मौजूद मारवाड़ी महाविद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार ने युवा आजसू के सदस्यों को आस्वस्त किया की आपकी सभी मांगे जायज है इन सभी मांगों को जल्द से जल्द पूरा कर दिया जाएगा।आगे उन्होंने कहा कि अगर मांगों को जल्द पूरा नहीं किया गया युवा आज के सदस्य विवश होकर आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# अतिक्रमण मुक्त कर नाली की अविलंब सफाई करे निगम प्रशासन : भाकपा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने वार्ड नंबर 11 में क्षेत्र भ्रमण कर लोगों के जन समस्याओं से अवगत हुआ वाहां पर वार्ड नंबर 11में वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश चंद्र महतो के घर के सामने एवं अगल-बगल के लोगों ने बड़े रसूखदार लोगों के द्वारा नाली का किया गया अतिक्रमण पर अपनी व्यथा बताई और जिला सचिव श्री तिवारी को आवेदन भी दिया उसे आवेदन को अग्रसर करते हुए जिला सचिव श्री तिवारी ने नगर आयुक्त को पत्र लिखा एवं उन्होंने पत्र के माध्यम से कहा कि वार्ड नंबर 11 में बड़े रसूकदार मेडिकल वाले एवं फैक्ट्री वाले लोगों के द्वारा सरकारी नाली को ही ढाल कर उसको जाम कर दिया जिसके चलते आम नागरिकों का नाली का पानी भी नहीं निकल रहा है और नगर निगम के द्वारा आम नागरिकों के नाली को तोड़ दिया गया लेकिन इन बड़े लोगों के द्वारा जाम एवं अतिक्रमण किया गया नाली को हाथ तक नहीं लगाया गया निगम के पदाधिकारी आपसी मिली भगत करके नाली सफाई के नाम पर केवल लीपापोती करने का काम कर रहे हैं जो गलत एवं गैर कानूनी है। उन्होंने अपने लिखे पत्र में कहा की बरसात आने से पहले अतिक्रमण किया गया नाली को अतिक्रमण मुक्त कर अभिलंब नाली की साफ सफाई कराया जाय। ताकि बरसात का पानी आम जनता के घरों में न घुस जाए और नाली के दुर्गंध से फैलने वाले बीमारी,हैजा, मलेरिया , गंदगी, दुर्गंध एवं मच्छरों के प्रकोप से बच सके।

# वीडी राम ने संसद सदस्य के रूप में लिया शपथ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने 18वीं लोकसभा के संसद सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण किया। श्री राम ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हम सभी विकसित भारत के संकल्पों को सिद्ध करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सांसद ने इस अवसर पर पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे लगातार तीसरी बार पलामू एवं गढ़वा की जनता ने अपना आशीर्वाद एवं समर्थन देकर भारी मतों से जिताया है तथा जनता की सेवा करने का मौका दिया हैं।

# ऐक्टू ने विरोध दिवस मनाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** केन्द्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों और पीएफ अंशदान जमा करने में देरी पर दंड में कटौती के विरुद्ध ऑल इंडिया सेंट्रल कौंसिल ऑफ़ ट्रेड यूनियंस (ऐक्टू) ने सोमवार को विरोध दिवस मनाया। यह विरोध कंपनियों द्वारा भविष्य निधि (पीएफ) अंशदान जमा न करने पर लगने वाले दंड में की गई भारी कटौती के खिलाफ अयोजित किया गया। ऐक्टू से जुड़े कार्यकर्ता यूनियन कार्यालय से रैली निकालकर अल्बर्ट एक्का चौक पहुंचे जहां जोरदार नारों के साथ विरोध प्रदर्शन किया गया। ऐक्टू के प्रदेश महासचिव शुभेंदु सेन ने कहा कि पीएफ अंशदान जमा करने में देरी पर जुर्माने में कटौती श्रमिक विरोधी फैसला है। एनडीए की सरकार बनते ही श्रम और रोजगार मंत्रालय ने 14 जून, 2024 को एक नई अधिसूचना जारी की।

इसके तहत कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ), कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस) में अंशदान जमा करने में देरी के लिए लगने वाले दंड में भारी कमी की गई है।

# विधानसभा चुनाव करीब, भाजपा तैयार करेगी आरोप पत्र, जनता के सुझावों से तैयार होगा घोषणा पत्रः मरांडी

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की घोषणा की**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी कई प्रकार की कार्यक्रम आयोजित करेगी। उन्होंने सोमवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की घोषणा की। मरांडी ने कहा कि 25 जून को पार्टी प्रदेश में आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनाएगी। इसके लिए प्रदीप वर्मा, गुरविंदर सिंह सेठी, प्रेम मित्तल, प्रदीप सिन्हा, दीनदयाल वर्णवाल, डॉ राजश्री जयंती कार्यक्रम प्रभारी बनाए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात की कार्यक्रम की तीसरी कार्यकाल की यह पहली मन की बात कार्यक्रम 30 जून को निर्धारित है। राज्य के सभी बूथों पर मन की बात कार्यक्रम किया जाएगा। इसके लिए कमेटी बनाई गई है, जिसमें प्रदीप वर्मा, सरोज सिंह, कुमार अमित, सुमन कुमार को शामिल किया गया है। मरांडी ने कहा कि 30 जून को हूल दिवस कार्यक्रम को भी पार्टी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों पर मनाएंगे। कार्यकर्ता सिद्धो-कान्हो, चांद-भैरव, फूलों-झानो के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करें उन्हें याद करेगी। पार्टी ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि 23 जून से उनकी जयंती छह जुलाई तक जनता और पार्टी के कार्यकर्ताओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से कमेटी बनाई गई है, जिसमें मनोज सिंह, सुनीता सिंह, विनय जयसवाल, मुनेश्वर साहू शामिल हैं। इस दौरान एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम होगा। पार्टी कार्यकर्ता अपने-अपने मां के नाम एक पैधा लगाएंगे। इसके लिए सांसद आदित्य साहू, राकेश भास्कर, सत्यदेव मुंडा को जिम्मेवारी दी गई है। बाबूलाल ने कहा कि छह से 15 जुलाई के बीच अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा कार्यक्रम किया जाएगा। लोकसभा चुनाव में भाजपा को लगभग 81 लाख वोट प्राप्त हुए। राज्य की जनता ने नौ लोकसभा सीटों पर भाजपा को जीत दिलाई। राज्य की एक बहुत बड़ी आबादी ने पार्टी का साथ दिया। इसलिए पार्टी विधानसभा स्तर पर बड़े-बड़े कार्यकम आयोजित कर उस क्षेत्र की जनता एवं कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करेगी।

**पर्यावरणविद ने पौधा देकर किया कवि सम्मेलन का शुभारंभ**

# जिंदा रहना है तो पर्यावरण धर्म को अपनाना होगा : कौशल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची यूनिवर्सिटी के श्यामा प्रसाद मुखर्जी आडिटोरियम में रविवार की शाम हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान टी मैन ऑफ झारखंड के नाम विश्व भर में ख्यातिप्राप्त व विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने कई राज्यों से आये कवियों में कविता तिवारी , शंभू शिखर, अनिल चौबे, भावना तिवारी, अभय निर्भीक, एवं अकबर ताज को थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का फला हुआ पौधा देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान पटना के उद्घोषक मनोज तिवारी ने कौशल किशोर जायसवाल के जीवनी से जुड़ी बातों का उल्लेख कर वहां उपस्थित लोगों का ध्यान आकृष्ट कराया। मौके पर पर्यावरण धर्म गुरु कौशल ने कहा कि कवि, कला संस्कृति , पेड़, पौधा,वन लोगों को जिंदा रहने का आधार है । इसे जिंदा रखने के लिए लोगों को अपने धर्म के साथ पर्यावरण धर्म को अपनाना होगा। तभी जल संकट व जलवायु परिवर्तन से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी व प्रदूषण की आग पानी से नहीं शुद्ध हवा से ही बुझेगी। इसके लिए पौधरोपण कर उसे अपने बच्चों की तरह बचाना होगा। श्री कौशल ने कहा कि हमारी संस्कृति में पौधा को देव तुल्य माना जाता है। कवयित्री कविता तिवारी ने मां सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया जबकि संचालन कवि शंभू शिखर ने की। कवि अनिल चौबे, भावना तिवारी, अभय निर्भीक एवं अकबर ताज ने हास्यरस की कई कविताओं से श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। मौके पर अध्यक्ष राम जी यादव, रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर तपन कुमार, ईश्वर चंद्र, शशांक भारद्वाज,नरेश बांका समेत शहर के अग्रणी पंक्ति के कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### गैंडे की सींग के साथ बंगाल में पकड़ा गया मणिपुरी नागरिक

**कोलकाताः** दार्जिलिंग जिले के नक्सलबाड़ी इलाके से मणिपुर के नागरिक अजीत कुमार सिंह को गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से 1.25 किलोग्राम वजन का गैंडे का सींग बरामद किया गया है। उसे राज्य वन विभाग के अधिकारियों और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के कर्मियों ने संयुक्त अभियान में पक?ा है। कुर्सियांग डिवीजन के डिवीजन फॉरेस्ट ऑफिसर देवेश पांडे ने सोमवार को बताया कि जब्त गैंडे की सींग को जांच के लिए भारतीय प्राणी सर्वेक्षण कार्यालय भेज दिया गया है। मणिपुरी नागरिक नक्सलबाड़ी पुलिस स्टेशन की पुलिस को सौंप दिया गया है। बरामद गैंडे का सींग संभवतः पड़ोसी असम के जंगल से तस्करी करके लाया गया था। पूछताछ के दौरान उसने कबूल किया कि उसकी योजना नेपाल के रास्ते गैंडे के सींग को चीन में तस्करी करने की थी।

# सरकार ने जमाखोरी रोकने के लिए 31 मार्च 2025 तक गेहूं की स्टॉक लिमिट तय की



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 31 मार्च, 2025 तक गेहूं की स्टॉक लिमिट तय कर दी है। सरकार ने गेहूं की कीमतों में स्थिरता लाने और जमाखोरी रोकने के लिए यह कदम उठाया है।उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि सरकार ने समग्र खाद्य सुरक्षा का प्रबंधन करने तथा जमाखोरी और सट्टेबाजी को रोकने के लिए गेहूं पर स्टॉक सीमा लागू की है। मंत्रालय के मुताबिक यह आदेश 24 जून से तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है, जो सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 31 मार्च, 2025 तक लागू रहेगा। मंत्रालय के मुताबिक थोक विक्रेताओं के लिए गेहूं के स्टॉक की अधिकतम सीमा 3 हजार टन होगी, जबकि यह प्रोसेसर के लिए यह प्रसंस्करण क्षमता का 70 फीसदी होगी। इसके साथ ही बड़ी श्रृंखला वाले खुदरा विक्रेताओं के लिए यह सीमा 10 टन प्रति बिक्री केन्द्र की होगी, जिसकी कुल सीमा 3,000 टन होगी तथा एकल खुदरा बिक्रेताओं के लिए यह सीमा 10 टन की होगी।खाद्य मंत्रालय के मुताबिक एक अप्रैल, 2023 को गेहूं का शुरुआती स्टॉक 82 लाख टन था, जबकि एक अप्रैल, 2024 को यह 75 लाख टन था। मंत्रालय ने कहा कि पिछले साल 266 लाख टन की खरीद की गई थी, जबकि इस साल सरकार ने 262 लाख टन की खरीद की है और खरीद अभी भी जारी है। इसलिए (शुरुआती स्टॉक में) गेहूं की कमी सिर्फ तीन लाख टन की है।केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा कि एकल खुदरा विक्रेता, बड़ी श्रृंखला के खुदरा विक्रेता, प्रोसेसर और थोक विक्रेता प्रत्येक शुक्रवार को अपने पास भंडारित गेहूं के स्टॉक का खुलासा करेंगे।

# पेरिस 2024 : भारत ने तीरंदाजी में ओलंपिक टीम कोटा हासिल किया



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** सोमवार को जारी ताजा विश्व तीरंदाजी रैंकिंग के आधार पर भारत ने इस वर्ष के पेरिस ओलंपिक के लिए तीरंदाजी में पुरुष और महिला टीम के लिए कोटा हासिल कर लिया है।भारत ने पुरुष और महिला दोनों वर्गों में गैर-योग्य देशों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान प्राप्त किया और टीम कोटा हासिल किया। इस प्रकार, भारत पेरिस में होने वाली सभी पदक स्पर्धाओं, पुरुष और महिला टीम, व्यक्तिगत और मिश्रित वर्ग में भाग लेने के लिए पात्र होगा।पुरुष वर्ग में भारत और चीन ने जगह बनाई, जबकि महिला वर्ग में इंडोनेशिया टीम ओलंपिक कोटा हासिल करने वाला दूसरा देश था।टीम स्पर्धाओं में प्रत्येक खंड में 12 टीमें होंगी, जबकि मिश्रित प्रतियोगिताओं में पाँच टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी।पहली बार, तीन चरण के ओलंपिक क्वालीफायर के बाद शीर्ष दो देशों को टीम कोटा प्रदान किया गया है।पहला ओलंपिक क्वालीफायर पिछले साल बर्लिन में विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप के दौरान आयोजित किया गया था, जहाँ से दक्षिण कोरिया, तुर्की और जापान ने पुरुष वर्ग में क्वालीफाई किया था; जबकि जर्मनी और मैक्सिको ने महिला वर्ग में अपना स्थान सुरक्षित किया।दूसरा चरण एशियाई क्वालीफायर था।

कजाकिस्तान और दक्षिण कोरिया ने एशियाई चरण से क्रमशः पुरुष और महिला टीम कोटा हासिल किया, जबकि कोलंबिया और संयुक्त राज्य अमेरिका ने पैन अमेरिका से कट बनाया।यूरोपीय चरण से, इटली (पुरुष) और नीदरलैंड (महिला) ने कोटा हासिल किया।अंतिम ओलंपिक क्वालीफायर पिछले सप्ताह अंताल्या में आयोजित किया गया था।

जहां, पुरुष वर्ग में मैक्सिको, चीनी ताइपे और ग्रेट ब्रिटेन और महिला वर्ग में चीन, मलेशिया, ग्रेट ब्रिटेन और चीनी ताइपे ने फाइनल क्वालीफायर से कोटा हासिल किया।

### बीजीबी संग कमांडर स्तरीय बैठक में बीएसएफ ने मजबूत सहयोग बनाने पर दिया जोर

**कोलकाता :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और बॉर्डर गार्ड्स बांग्लादेश के बीच कोलकाता में बीएसएफ दक्षिण बंगाल सीमान्त द्वारा आयोजित 20वें आईजी बीएसएफ-क्षेत्र कमांडर बीजीबी स्तरीय सीमा समन्वय सम्मेलन का समापन हुआ। तीन दिनों तक चले इस सम्मेलन का उद्देश्य महत्वपूर्ण सीमा सुरक्षा मुद्दों पर द्विपक्षीय सहयोग और समन्वय को बढ़ाना था। सम्मेलन में दक्षिण बंगाल सीमान्त, उत्तर बंगाल फ्रंटियर और गुवाहाटी फ्रंटियर से बीएसएफ के महानिरीक्षक जेसोर और रंगपुर क्षेत्र से बीजीबी के क्षेत्रीय कमांडरों ने भाग लिया, जिसमें सीमा पार अपराधों से संयुक्त रूप से निपटने और आपसी समझ को बढ़ावा देने के लिए दोनों देशों की प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया। भारत और बांग्लादेश के सीमा सुरक्षा बलों के प्रतिनिधिमंडल के दोनों प्रमुखों द्वारा संयुक्त चर्चा रिकॉर्ड (जेआरडी) हस्ताक्षरित किया गया।

# मप्र और छत्तीसगढ़ संयुक्त रूप से सामाजिक तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम करें आयोजित : मुख्यमंत्री



**एजेंसी**

**भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पड़ौसी राज्य छत्तीसगढ़ की भौगोलिक सीमा के साथ-साथ दोनों राज्यों की साझा सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विरासत है। दोनों राज्यों की सरकारों द्वारा कुछ कार्यक्रम संयुक्त रूप से आयोजित किए जा सकते हैं। व्यवस्था और प्रबंधन की दृष्टि से दो राज्य बने हैं, पर भावनात्मक रूप से हम एक हैं।मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को छत्तीसगढ़ के उप-मुख्यमंत्री अरुण साव के साथ आए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रतिनिधिमंडल को समत्व भवन में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दोनों राज्यों के जनप्रतिनिधि राष्ट्र निर्माण को समर्पित हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ के जनप्रतिनिधियों से मध्यप्रदेश के विकास और जनकल्याण के लिए सुझाव और सहयोग का आव्हान करते हुए उन्हें अपने ज्ञान और कौशल का मध्य प्रदेश में भी विस्तार करने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन के ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधियों को महाकालेश्वर के साथ-साथ उज्जैन स्थित भगवान श्रीकृष्ण परंपरा, देवी परंपरा के स्थानों एवं त्रिवेणी संग्रहालय के विभिन्न आयामों की जानकारी दी। कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ के उप-मुख्यमंत्री साव ने भी संबोधित किया।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संस्थापक शालिग्राम तोमर के भोपाल में आयोजित स्मृति समारोह में भाग लेने के लिए परिषद के लगभग 70 सदस्यों का दल छत्तीसगढ़ से भोपाल आया हुआ है। दल ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को उनके छात्र जीवन से संबंधित छायाचित्र भेंट किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छत्तीसगढ़ के उप-मुख्यमंत्री साव को अंग वस्त्रम, पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया साथ ही सदस्यों को भी अंग वस्त्रम भेंट कर अभिवादन किया। चंद्रहास चंद्राकर, विवेक सक्सेना और प्रदीप मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित थे।